सूर्योदय 5:54 सूर्यास्त 6:47

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 10.4 न्यू | 19.8 अधि |
| धर्मशाला | 16.0 न्यू | 23.9 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73399.78 |
| निफ्टी | 22272.50 |
| सोना | 73,150 |
| चांदी | 86,293 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 16 अप्रैल, 2024 | 4 बैशाख, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 118, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

**आज के अंक में**

- संकल्प पत्र पढ़ते जयराम ने खोया आत्मविश्वासः पठानिया
- आपदा से मिला फायदा, युद्ध से नुकसान

पृष्ठ 2 पर पढ़ें




- अपनी हार सामने देख भाजपा कलाकारों को दे रही टिकट : बंबर
- स्क्रैप इंडस्ट्री में भीषण आग, 15 घंटे के बाद भी नहीं पाया गया काब

पृष्ठ 7 पर पढ़ें



- भवन मालिकों पर लटकी जुर्माने की तलवार
- तीन माह में 300 से अधिक खनन माफिया के काटे चालान

पृष्ठ 12 पर पढ़ें



- भारत की राजदूत देवयानी खोब्रागडे बनीं अप्सरा
- राजस्थान के सामने केकेआर की चुनौती

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



## अष्टम मां महागौरी

**चैत्र** नवरात्र के आठवें दिन महागौरी की पूजा की जाती है। देवीभागवत पुराण के अनुसार, मां के नौ रूप और 10 महाविद्याएं सभी आदिशक्ति के अंश और स्वरूप हैं, लेकिन भगवान शिव के साथ उनकी अर्धांगिनी के रूप में महागौरी सदैव विराजमान रहती हैं। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। नवरात्र की अष्टमी तिथि विशेष महत्व रखती है, क्योंकि कई लोग इस दिन कन्या पूजन कर अपना व्रत खोलते हैं।



*श्वेते वृषेसमारूढा श्वेतांबरधरा शुचिः।*
*महागौरी शुभं दद्यान्महादेव प्रमोददा॥*
*या देवी सर्वभूतेषु मां महागौरी रूपेण संस्थिता।*
*नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥*

## आज का मैच

कोलकाता नाइट राइडर्स vs राजस्थान रॉयल्स

स्थानः कोलकाता, समय : रात 7:30 बजे

## न्यूज शॉर्ट्स

### प्रदेश कांग्रेस विधायक दल की बैठक आज

**शिमला।** चुनावों के बीच प्रदेश कांग्रेस विधायक दल की बैठक मंगलवार को शिमला में बुलाई गई है। यह बैठक दोपहर बाद तीन बजे शिमला स्थित सीएम आवास ओक ओवर में होगी। सूत्रों के अनुसार, बैठक में कांग्रेस चुनावों को लेकर रणनीति तैयार करेगी।

### शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वे पर जारी रहेगी रोक

**नई दिल्ली।** मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह के बीच भूमि विवाद केस को इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर करने के खिलाफ दाखिल मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस मामले में मुस्लिम पक्ष को झटका लगा है। शाही ईदगाह मस्जिद की कमेटी की याचिका पर नोटिस जारी किया। कोर्ट ने मस्जिद के सर्वे पर रोक बढ़ा दी। मामले की सुनवाई अब पांच अगस्त को होगी।

### बिश्नोई गैंग ने की थी सलमान खान के घर पर फायरिंग

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग मामले में हरियाणा के गुरुग्राम का कनेक्शन सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में सलमान के घर के बाहर फायरिंग करने वाले बदमाशों में से एक गुरुग्राम का है। वारदात के बाद उसके परिवार वाले घर का ताला लगाकर फरार हो गए हैं। आरोपी की पहचान विशाल उर्फ कालू के रूप में हुई है। विशाल उर्फ कालू लॉरेंस बिश्नोई का गुर्गा है। एक माह पहले रोहतक में गुरुग्राम के व्यापारी की हत्या के मामले में उसका नाम सामने आया था।

### के. कविता को 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति केस से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में के. कविता राउज एवेन्यू कोर्ट ने बीआरएस नेता के कविता की न्यायिक हिरासत को 23 अप्रैल तक बढ़ा दिया है। कोर्ट ने कविता की जमानत याचिका पर सीबीआई को भी नोटिस जारी किया है।

# सातवें नवरात्र पर मां कालरात्रि के जयकारों से गूंजे शक्तिपीठ

**बज्रेश्वरी**




**नयना देवी**




**चिंतपूर्णी**




### लोकसभा चुनाव के 75 साल के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई

# चुनाव आयोग ने 44 दिन में जब्त किए 4,658 करोड़

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**लोकसभा** चुनाव 2024 की तारीखों के ऐलान के बाद सभी पार्टियां चुनावी तैयारियों में जुटी हैं। पार्टी और प्रत्याशी मतदाताओं को लुभाने का प्रयास कर रहे हैं। 75 साल के चुनावी इतिहास में इस साल धन-बल के इस्तेमाल पर चुनाव आयोग ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है।



चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव से पहले पहली मार्च से लेकर 13 अप्रैल तक यानी 44 दिन में चेकिंग के दौरान देशभर में 46,58.13 करोड़ रुपए जब्त किए हैं। इनमें कैश, सोना-चांदी, शराब, ड्रग्स और कीमती सामान शामिल हैं। आयोग ने 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान 3475 करोड़ रुपए सीज किए थे। चुनाव आयोग ने बताया कि चुनावों की आधिकारिक घोषणा से पहले जनवरी और फरवरी में कुल 7502 करोड़ रुपए जब्त किए गए थे। इस तरह जनवरी से 13 अप्रैल तक कुल 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक की जब्ती की गई है।

### हर दिन करीब 100 करोड़ की जब्ती

आयोग के मुताबिक, पहली मार्च के बाद से जब्त किए गए सामान में 2068.85 करोड़ के ड्रग्स, 1142.49 करोड़ के मुफ्त में बांटे जाने वाले सामान, 562.10 करोड़ की कीमती धातुएं, 489.31 करोड़ की शराब और 395.39 करोड़ कैश शामिल है। कैश सहित सभी सामानों को मिलाकर हर दिन करीब 100 करोड़ रुपए सीज किए जा रहे हैं।

**कुल जब्ती**
4658.13 करोड़

**कैश**



395.39 करोड़

**ड्रग्स**



2068.8 करोड़

**शराब**



489.3 करोड़

**सोना**



562.1 करोड़

अन्य सामान
1142.49 करोड़

**जब्ती में 45 फीसदी ड्रग्स और नशीले पदार्थ**

### तमिलनाडु में कैश व कर्नाटक में सबसे ज्यादा शराब जब्त

तमिलनाडु में सबसे ज्यादा 53 करोड़ कैश, तेलंगाना में 49 करोड़, महाराष्ट्र में 40 करोड़, कर्नाटक और राजस्थान में 35-35 करोड़ रुपए से ज्यादा जब्त किए गए हैं। कर्नाटक में सबसे ज्यादा 124.3 करोड़ रुपए की शराब सीज की गई। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 51.7 करोड़, राजस्थान में 40.7 करोड़, उत्तर प्रदेश में 35.3 करोड़ और बिहार में 31.5 करोड़ की शराब जब्त की गई। 16 मार्च को लोकसभा चुनावों की घोषणा के बाद से देशभर में आदर्श आचार संहिता लागू है। इस दौरान कैश, शराब, ज्वेलरी और अन्य मुफ्त सामानों को साथ लाने और ले जाने को लेकर कई नियम होते हैं, ताकि चुनाव में इनके दुरुपयोग को रोका जा सके।

### ड्रग्स जब्ती में ये पांच राज्य सबसे आगे

**आयोग** के आंकड़ों के मुताबिक, कुल जब्ती में 45 फीसदी ड्रग्स और नशीले पदार्थ हैं। गुजरात से सबसे ज्यादा करीब 485.99 करोड़ रुपए के ड्रग्स बरामद किए गए हैं। इसके बाद तमिलनाडु में 293.02 करोड़, पंजाब में 280. 81 करोड़, महाराष्ट्र में 213.56 करोड़ और दिल्ली में 189. 94 करोड़ के ड्रग्स जब्त किए गए हैं।

# राज्य सरकार को आर्थिक संकट के बीच मिली संजीवनी

### राजस्व घाटा अनुदान के तहत मिले 521 करोड़

**अरविंद शर्मा, शिमला**

**वित्त** वर्ष के पहले माह अप्रैल में प्रदेश सरकार के खजाने में 521 करोड़ की धनराशि आई है, जो सरकार के लिए संजीवनी का काम करेगी। हालांकि, गत वित्त वर्ष में 671 करोड़ रुपए मिले थे।

आर्थिक संकट से जूझ रहे प्रदेश के लिए वित्तायोग से मिलने वाली ऑक्सीजन लगातार घट रही है और 15वें वित्तायोग की अवधि 2026 में समाप्त होने वाली है तथा तब तक राजस्व घाटा अनुदान की धनराशि सिकुड़कर तीन हजार करोड़ रह जाएगी।

### सरकार के खर्च बढ़े और साधन घटे

**कर्मचारियों** के वेतन का खर्च राजस्व घाटा अनुदान से निकलता था। इसके बाद अनुदान में मिलने वाली धनराशि फॉर्मूले के अनुसार घटती जा रही है और इस माह से सवा पांच सौ करोड़ ही मिले हैं। सरकार को इस माह से कर्मचारियों के वेतन और पेंशनरों की पेंशन के लिए मासिक पच्चीस हजार करोड़ खर्च करने पड़े हैं। सरकार के खर्चे लगातार बढ़ते जा रहे हैं और आय के साधन घटते जा रहे हैं।

### प्रदेश सरकार के लिए संकट भरे हो सकते हैं आगामी वर्ष

**मौजूदा** वित्त वर्ष से लेकर अगले तीन साल प्रदेश सरकार के लिए अधिक संकट भरे हो सकते हैं, क्योंकि सरकार के लिए ऋण भी पूरी तरह से सहारा नहीं दे पाएगा। कोरोनाकाल के दौरान प्रदेश सरकार को केंद्र से करीब पंद्रह हजार करोड़ की धनराशि प्राप्त होने से स्थिति बहुत अच्छी थी।

### घट रही राजस्व घाटा अनुदान राशि

**केंद्र** सरकार ने कोरोनाकाल के दौरान प्रदेश को वर्ष 2020-21 के दौरान राजस्व घाटा अनुदान के तौर पर 11431 करोड़ रुपए की धनराशि का निर्धारण किया था। इसके बाद पांच साल के लिए राजस्व घाटा अनुदान के तहत 37199 करोड़ का प्रावधान हुआ। यदि इससे पहले 14वें वित्तायोग की बात की जाए तो 42 हजार करोड़ और 13वें वित्तायोग से 48 हजार करोड़ रुपए मिले थे।

# केजरीवाल को राहत नहीं, जेल में बढ़ा इंतजार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**शराब** नीति घोटाला मामले में जेल में बंद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने त्वरित राहत देने से इनकार कर दिया है।



सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में ईडी को नोटिस जारी कर 24 अप्रैल तक जवाब देने का निर्देश दिया है। अदालत अब केजरीवाल मामले पर 29 अप्रैल को सुनवाई करेगी। केजरीवाल को अभी तिहाड़ जेल से आने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दावा किया कि केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार से रोकने के लिए गिरफ्तार किया है। उन्होंने मामले की सुनवाई 19 अप्रैल को करने की मांग की, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया।

**केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस, 24 तक मांगा जवाब**

### 23 तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

**केजरीवाल** की न्यायिक हिरासत कोर्ट ने 23 अप्रैल तक बढ़ा दी है, उन्हें 15 दिन की न्यायिक हिरासत खत्म होने के बाद सोमवार को तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। केजरीवाल को ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में 21 मार्च को उनके आवास से गिरफ्तार किया था।

### केजरीवाल से मिलकर भावुक हुए भगवंत मान



**पंजाब** के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को केजरीवाल से तिहाड़ जेल में मुलाकात की। उन्होंने दावा किया कि केजरीवाल को हार्ड कोर अपराधी की तरह जेल में रखा गया है। जेल में जो आतंकियों को सुविधाएं दी जाती हैं, वे भी नहीं मिल रही हैं। मैं उन्हें देखकर भावुक हो गया। उनके साथ आतंकवादियों की तरह व्यवहार किया जा रहा है, उनकी गलती क्या है? क्या यह उनकी गलती है कि उन्होंने मोहल्ला क्लीनिक बनाए?

### 77 साल का हुआ हिमाचल, शिमला में मनाया राज्य स्तरीय स्थापना दिवस



शिमला। शिमला के रिज मैदान में सोमवार को 77वां हिमाचल दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और मार्च पास्ट की सलामी ली। परेड में 14 टुकड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी उपस्थित रहे।

**मौसम** निचले क्षेत्रों में बारिश होने से अप्रैल माह में ठंड का एहसास, आज भी खराब रहेगा मौसम

# अटल टनल और ऊंची चोटियों पर बर्फबारी

**कमलेश वर्मा, केलांग**

**हिमाचल** प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने से ठंड फिर लौट आई है। ऑरेंज अलर्ट के बीच राज्य के उच्च पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी और मैदानी व मध्यम ऊंचाई वाले हिस्सों में अंधड़ के साथ बारिश हुई है। लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू व चंबा जिलों के ऊंचे क्षेत्रों में रविवार रात और सोमवार को बर्फबारी हुई है। कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिले की ऊंची चोटियों पर सोमवार को तीसरे दिन भी बर्फ के फाहे गिरे हैं। वहीं, निचले क्षेत्रों में हल्की बारिश होने से अप्रैल माह में ठंड का एहसास हो रहा है।

सोमवार को रोहतांग सहित शिंकुला, कुंजुम, बारालाचा सहित अन्य दर्रों पर भी बर्फबारी हुई है। ताजा बर्फबारी से शीत मरुस्थल लाहौल-स्पीति के पर्यटन स्थल पर्यटकों से गुलजार हो गए हैं। एसडीएम मनाली रमन शर्मा ने कहा कि बीआरओ की ओर से रोहतांग दर्रे के बहाल करते ही पर्यटकों को रोहतांग जाने की अनुमति दी जाएगी। अभी तक पर्यटकों को गुलाबा तक जाने की अनुमति है। (अनंत ज्ञान)




### 24 घंटे तक खराब रहेगा मौसम

**मौसम** विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटे तक राज्य में तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि होगी। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने बारिश, ओलावृष्टि और बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, शिमला, सोलन, बिलासपुर, हमीरपुर, ऊना, मंडी और कांगड़ा जिलों में कई जगह आकाशीय बिजली गिरने के साथ ओलावृष्टि-बारिश की आशंका है।

### 18 से फिर करवट लेगा मौसम

16 अप्रैल तक प्रदेश में मौसम खराब रहने का पूर्वानुमान है। 17 अप्रैल को मौसम साफ रहने की संभावना है। 18 अप्रैल को मौसम फिर करवट लेगा। मौसम विभाग ने 19, 20 व 21 अप्रैल को बारिश के साथ आंधी तूफान चलने की चेतावनी दी है।

### 114 सड़कें और 160 ट्रांसफार्मर ठप

**पहाड़ी** इलाकों में ताजा हिमपात ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बर्फबारी से तीन नेशनल हाईवे समेत 114 सड़कें ठप पड़ी हुई हैं। लाहौल-स्पीति जिले में सबसे ज्यादा 109 सड़कें बंद हैं। लाहौल-स्पीति में 112 ट्रांसफार्मर, कुल्लू में 47 और चंबा जिले में एक ट्रांसफार्मर बंद पड़ा हुआ है।

# राहुल के हेलिकॉप्टर की तमिलनाडु में तलाशी

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में चुनाव आयोग की टीम ने राहुल गांधी के हेलिकॉप्टर की तलाशी ली। तमिलनाडु के नीलगिरी में जैसे ही राहुल गांधी का हेलिकॉप्टर लैंड हुआ, तो चुनाव आयोग के उड़नदस्ते के अधिकारी पहुंच गए और तलाशी ली। राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र केरल के वायनाड जा रहे थे, जहां उनका चुनावी कार्यक्रम था। इस छानबीन के बारे में और डिटेल अभी सामने नहीं आई है। इसके बाद राहुल गांधी केरल के वायनाड पहुंचे। यहां उन्होंने रोड शो किया। रोड शो के दौरान उन्होंने कहा कि वायनाड के लोग हर बार मुझे जो प्यार और अपनापन देते हैं, उसके लिए मैं उनका शुक्रगुजार हूं। वायनाड का हर एक शख्स मेरा परिवार है। राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा चाहती है कि देश में एक ही नेता हो और उसके आइडिया थोपना चाहती है। यह देश के लोगों का अपमान है। भारत फूलों के गुलदस्ते की तरह है और हर एक का सम्मान किया जाना चाहिए, क्योंकि यह पूरे गुलदस्ते की सुंदरता को बढ़ाता है।



# मोबाइल यूजर्स को झटका कॉल फॉरवर्डिंग सर्विस बंद

**नई दिल्ली।** देशभर में सोमवार से यूएसएसडी बेस्ड कॉल फॉरवर्डिंग सर्विस बंद कर दी है। इससे कुछ यूजर्स को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। केंद्र सरकार ने ऑनलाइन फ्रॉड को रोकने के मकसद से इस तरह की सर्विस को बंद करने का ऐलान किया था। डिपार्टमेंट ऑफ टेलिकॉम यानी डॉट के आदेशानुसार टेलिकॉम कंपनियां जैसे एयरटेल, जियो और वोडाफोन आइडिया ने यूएसएसडी कोड बेस्ड जैसे *401# कॉल फॉरवर्डिंग फीचर को बंद कर दिया है। दूरसंचार विभाग की मानें, तो यूएसएसडी बेस्ड कोड की मदद से ऑनलाइन फ्रॉड को अंजाम दिया जा रहा था। वैसे तो इस कोड बेस्ड सर्विस को यूजर्स की सुविधा के लिए रोलआउट किया गया था, लेकिन स्कैमर्स ने इस कोड को गलत तरीके से इस्तेमाल करके फ्रॉड को अंजाम दे रहे थे। इसके अलावा सरकार ने यूजर्स की मदद से के लिए टेलिकॉम कंपनियों को कॉल फॉरवर्डिंग फीचर की जगह एक अन्य ऑप्शन की तलाश करने का सुझाव दिया है।



हिमाचल विधानसभा चुनाव एक नजर

**धर्मशाला विधानसभा सीट 2019 उपचुनाव**

**23,498** वोट भाजपा के विशाल नैहरिया को मिले थे
**44.41** प्रतिशत मत प्राप्त किए थे चुनाव में

**16,740** मत निर्दलीय प्रत्याशी राकेश कुमार को मिले थे
**31.64** प्रतिशत मत चुनाव में किए थे हासिल



मंडी जिले के सुंदरनगर में सुकेत देवता मेले के दौरान मतदाताओं को जागरूक करती स्वीप टीम।

## चुनावी टकी

### मुफ्त में ब्रांडिंग



**जब** मौका मिला था, तो दिया उनको सिला था। कीमत इतनी बताई थी, काम न कर पाई दुहाई थी। हिमाचल जब पूरा डोल रहा था, सहायता के लिए बोल रहा था। मिला न कोई अपना था, बुरा उस रात का सपना था। अब हिमाचल में वे आए हैं, ग्लेमर से छाए हैं। सड़कें सारी सुधर चुकी हैं, आहें भी अब रुक चुकी हैं। मेहमान वे बनकर आए हैं, फूलों में पूरी तरह समाए हैं। उनका तो एक ही इरादा है, पूरा भले न करना हो जो वादा है। साथ जो लेकर चल रहे हैं, ब्रांडिंग के सपने पल रहे हैं। भाषा पर भले न कोई नियंत्रण है, सियासत में तभी तो निमंत्रण है। सियासी फिल्म जो बनने लगी है, हिरोइन से विलेन करने लगी है। राजनीति से माना वे अनजान है, निदेशक भी तो ऐसा महान है। पहली फिल्म पिट चुकी है, पूरी कमाई लुट चुकी है। भाखड़े वाले रौनकी ताऊ ने भी अब मान लिया है, ग्लैमर से तो ब्रांडिंग का काम लिया है। प्रयोग यहां अब नया किया है, अंतिम मौका निदेशक को दिया है।

### चित भी मेरी पट भी मेरी



**इन** दिनों नेताओं के नजदीकी कुछ अजीब उलझन में फंसे हैं। एक के तो प्रवक्ता बने हैं, लेकिन दूसरी ओर भी रिश्ते सुने हैं। एक ही क्षेत्र है और दोनों ही नेता अब आमने-सामने हैं। कुछ समय तक तो बेचारे प्रवक्ता जी के लिए सबकुछ ठीक चल रहा था, लेकिन जबसे सामने भी टिकट उनके नजदीकी को मिल गया है, तो भीतर से दुखी भी हैं। खैर जनता तो सब जानती है और पहचानती भी है। प्रवक्ता साहब पहले जिनके प्रबंधक होते थे। साहब के नेता बनने के बाद उन्हें प्रवक्ता बनना मजबूरी था। अब साहब को छोड़ें तो पंद्रह साल उनके अहसान रास्ता रोकते हैं। उधर, माहौल दूसरी ओर बन रहा है तो वे अब लोगों से एक ही बात की रट लगा रहे हैं। जीत किसी की भी होगी, दोनों ही अपने ही हैं। हमें कौन सा वे देखेंगे कि वोट किसको दिया है। भाखड़े वाला रौनकी ताऊ भी बड़ा चालाक है, उसने भी सब देखा है। नेता जी के प्रवक्ता ने जिसको मनाली घुमाया था, वही तो दूसरा नेता है।

-राजेश शर्मा

# प्रत्याशियों के चयन के इंतजार पर कांग्रेस में क्यों हो रहा 'तमाशा'

## रोजाना बन-बिगड़ रहे समीकरण; कार्यकर्ता पसोपेश में, भाजपाइयों की बगावत का कौन उठाएगा फायदा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस के प्रत्याशियों के चयन के इंतजार में आखिर क्यों 'तमाशे' जैसी स्थिति बनी हुई है। रोज नए समीकरण तैयार हो रहे हैं। क्या कांग्रेस के बड़े नेताओं के पास इन चुनावों के लिए कोई सीक्रेट प्लान है। ऐसा भी नहीं दिख रहा है। संगठनात्मक ढांचे की स्थिति क्या है? इसका आभास तो संबंधित क्षेत्र में लगाया ही जा सकता है, लेकिन आलाकमान और प्रदेश के नेताओं की दिल्ली पहुंचकर जो स्थिति बन रही है, क्या वह मखौल साबित होने लगी है।

जो भी हो, लेकिन कांग्रेस के भीतर जो कुछ पक रहा है, उससे कार्यकर्ता बेहद पसोपेश में दिखाई दे रहे हैं। उम्मीदवारी की चाह रखने वाले प्रभारी के साथ संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में बैठकें कर रहे हैं। प्रभारी के जाने के बाद सारे के सारे अपने-अपने ढंग से जनता के बीच में जा रहे हैं, लेकिन कार्यकर्ताओं की समझ में यह नहीं आ रहा कि इतनी देरी आखिर हो क्यों रही है। प्रदेश में राज्यसभा सदस्य के चुनाव को लेकर इतना बड़ा खेला हो गया। फिर भी धरातल पर कोई गौर होता नहीं सूझ रहा। हिमाचल में भाजपा के भीतर की राजनीति अजीबोगरीब दिख रही है। उसके ठीक उल्ट कांग्रेस भी कार्यकर्ताओं पर जवाब देही के मामले में खरा नहीं उतर रही। उसे भाजपा के भीतर बगावत की जो चिंगारी सुलगी हुई है, इसका फायदा उठाने के लिए समय रहते उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों का ऐलान कर देना चाहिए था, लेकिन टिकटों के चाहबान सारे के सारे नेता अपनी-अपनी गोटियां फिट करने में लगे हुए हैं।

संगठनात्मक ढांचा कांग्रेस का सारे के सारे विधानसभा क्षेत्र में कितना मजबूत है, इसका पता तरोपका में पिछले दिनों कांग्रेस की ब्लॉक कमेटियों के साथ जो बैठक हुई थी, उसमें चल ही गया था। पिछले 6 महीना से किसी भी बूथ स्तर पर बैठक तक नहीं होने की बात वहां काबुली गई थी। आधे से कम पदाधिकारी उस महत्वपूर्ण बैठक में पहुंचे थे। उम्मीद यही है कि 20 अप्रैल तक कांग्रेस के आम वर्कर्स में उम्मीदवारों के इंतजार में छाई मायूसी छिटक जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### सुजानपुर और बड़सर में उलझी स्थिति

**सुजानपुर** में स्थिति उलझी हुई है। इंपोर्ट करके किसी नेता को चुनावी दंगल में उतरा जाए या फिर पार्टी काडर पर ही विश्वास किया जाए। इसी में माथा-पच्ची हो रही है। सर्वे करवाए जा रहे हैं। कांग्रेस के मूल काडर के भीतर तकरीबन आठ लोग चर्चा में है, लेकिन अब जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष और सुजानपुर के मंडल अध्यक्ष रह चुके राकेश ठाकुर की भी चर्चा अलग तरीके से गूंजने लगी है। भाजपा के पूर्व प्रत्याशी रंजीत ठाकुर की भी कहीं-कहीं गूंज सुनाई दे रही है। बड़सर विधानसभा क्षेत्र में भी कमोबेश वही स्थिति है। काडर का व्यक्ति उतारा जाए या फिर पिछले विधानसभा चुनावों में भाजपा के बागी संजीव शर्मा पर दांव खेल लिया जाए। क्या रूबल ठाकुर के रूप में युवा तर्क को भुनाया जा सकता है? चर्चा हो रही है, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व अंजाम तक नहीं पहुंच पा रहा।

### कुटलैहड़ में कांग्रेस संभावित प्रत्याशी की चर्चा

**कुटलैहड़** में कांग्रेस की रैली में उपचुनाव के उम्मीदवार की तो संभावित कहकर चर्चा शुरू कर दी। साथ ही सतपाल रायजादा का नाम भी हमीरपुर लोकसभा सीट से लगभग फाइनल करके उन्हें पूरे संसदीय क्षेत्र में बैठकों में हिस्सा लेकर इंट्रोड्यूस भी करवा दिया। अब उनका नाम होल्ड कर लिया गया है। मंडी और शिमला के उम्मीदवार घोषित करने के बाद हमीरपुर में आखिर क्या पेंच फंसा? इस पर भी ऊहापोह वाली स्थिति है। गगरेट में भी स्थिति क्लियर नहीं हो रही है। वैसे अदला-बदली करके माहौल तो तैयार हो गया है, लेकिन फाइनल स्थिति कब सामने आएगी यह स्थिति भी वहां कार्यकर्ताओं को खूब 'कचोट' रही है। क्योंकि भाजपा के भीतर की स्थिति भी नए उफान में है और कांग्रेस इसका सही समय पर फायदा उठाने में लगातार विलंब कर रही है।

## युवा मतदाता


**राजेश ठाकुर (शिमला)**

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में निजीकरण को बढ़ावा दिया है। सार्वजनिक संपत्तियों का निजीकरण करके देश की संपत्ति को चंद लोगों के हाथों में बेचने का कार्य किया है। पीएम मोदी के कार्यकाल में अमीर और अमीर हो रहा गरीब और गरीब। जनता को आगामी लोकसभा चुनाव में सोच समझकर मतदान करना चाहिए।



**बेरोजगारी** कम करने की गारंटी देने का वादा बड़े दलों को करना चाहिए। देश में रोजगार गारंटी योजना तैयार होनी चाहिए। जिस भी दल से उम्मीद है उसके उम्मीदवार को वोट दिया जाएगा। लोगों को भी चाहिए मतदान से पूर्व प्रत्याशी का रिपोर्ट कार्ड जांचें और सही व्यक्ति को मतदान करें। **रिशु ठाकुर (बंगाणा)**


**अनुज भारती (सुंदरनगर)**

**सांसद** ऐसा हो जो मतदाता की समस्याओं का समाधान करे और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ न करे। देश में चल रहे कास्ट सिस्टम को खत्म किया जाना चाहिए और सरनेम को खत्म किया जाने की बात को राष्ट्रीय स्तर पर रखे। सरकारी क्षेत्र में खाली पड़े पदों को जल्द से जल्द भरा जाए।


**अभिनंदन डोगरा (मंडी)**

**आदर्श** सांसद को अपने स्थानीय निर्वाचन क्षेत्र और राष्ट्रीय मुद्दों के बीच की खाई को समाप्त करना चाहिए। व्यापक राजनीतिक परिदृश्य को समझते हुए अपने समुदाय के लिए एक आवाज के रूप में कार्य करना चाहिए। नैतिक मानकों को बनाए रखना, पारदर्शिता और मजबूत नेतृत्व एक सांसद के लिए महत्वपूर्ण गुण है।

## महिला मतदाता


**रजनी पठानिया (पांगी)**

**नेता** ऐसा होना चाहिए, जो शहर और गांव का एक समान विकास करे और हर वर्ग के उत्थान के लिए तत्पर रहे। आज के दौर में युवाओं को रोजगार दिलाने और महंगाई को कम करने के कारगर कदम उठाने की जरूरत है। लोगों को अपने और देश के भविष्य के लिए मतदान करना चाहिए।

## पुरुष मतदाता



**आज** का युवा बेरोजगारी की मार झेल रहा है। हम ऐसे उम्मीदवार को वोट देंगे, जो युवाओं को रोजगार देने का वादा करेगा। सांसद ऐसा होना चाहिए, जो युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करे और युवाओं के भविष्य के बारे में सोचे, उसी को वोट देंगे। **विनित रनौत (घुमारवीं)**


**अनुज शर्मा (घुमारवीं)**

**सांसद** ऐसा होना चाहिए, जो ईमानदार व संघर्षशील हो, युवाओं के हित में काम करने वाला हो। जनता के बीच रहकर समस्याओं का समाधान कराने वाला हो। विकास व रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास करने वाला हो। जनता की बुनियादी जरूरत शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार देने के साथ ही महंगाई पर लगाम लगाने वाली पार्टी को वोट देंगे।




**वोट** डालना बहुत जरूरी है। चुनाव के वक्त मतदाताओं को नेताओं के चित्र नहीं, उनके चरित्र देखकर वोट करना चाहिए। हम सभी को मतदान करना चाहिए, क्योंकि इससे हम एक ईमानदार और मजबूत सरकार चुन सकते हैं। देश का विकास करने में सक्षम व्यक्ति के चयन में सहयोग करना चाहिए।
**सतीश शर्मा (पूर्व प्रधान पंजोआ लडोली) अंब (ऊना)**


**इंद्रजीत सोनी (भरमौर) गायक**

**लोकतंत्र** का महत्व तभी है, जब हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे। अन्यथा जनता की आवाज न सुनने वाले प्रत्याशी विजयी होंगे। ऐसे में विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती। आज के दौर में पढ़े-लिखे युवाओं को राजनीति में आने की जरूरत है। युवा सोच ही देश को आगे लेकर जाएगी।



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के रूप में देश को करिश्माई नेतृत्व मिला है। मोदी बीते 10 साल से मजबूती से देश का नेतृत्व कर रहे हैं। इस एक दशक में भारत की संस्कृति को विश्व पटल पर नई सांस्कृति और अध्यात्मिक पहचान मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 140 करोड़ लोगों का विश्वास है। **दीपक ठाकुर (शिमला)**


**नंदलाल शर्मा घनागूघाट (सोलन)**

**देश** को एक मजबूत सरकार की जरूरत है। भ्रष्टाचार, सांप्रदायिक्ता और तुष्टीकरण को बढ़ावा देने वाले दल नहीं चलेंगे। 140 करोड़ देशवासियों को भला सोचने वाली सरकार की देश को जरूरत है। सभी देशवासियों को देशहित को आगे रखकर ही मतदान करना चाहिए।

# कांग्रेस के पास 17 विधानसभा क्षेत्रों में से 13 पर मनोवैज्ञानिक बढ़त

## सियासी संकट में फिर होगी विधायकों के विश्वास की परीक्षा

**अरविंद शर्मा, शिमला**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी ने शिमला संसदीय क्षेत्र से विधायक विनोद सुल्तानपुरी व मंडी से विधायक व हिमाचल सरकार में मंत्री विक्रमादित्य सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए यह चुनाव विश्वास की बड़ी परीक्षा है।

सियासी संकट के बीच हाईकमान ने टिकट देकर इन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरना चुनौती है। वहीं, पिता की राजनीतिक विरासत आगे ले जाने की जिम्मेदारी भी कंधों पर है। विनोद सुल्तानपुरी के पिता कृष्णदत्त सुल्तानपुरी छह बार इस सीट से मैदान में उतरे व जीत हासिल की। यह क्षेत्र कांग्रेस का गढ़ माना जाता था, लेकिन आज परिस्थितियां भिन्न हैं। पिछले तीन चुनाव कांग्रेस हार चुकी है। संसदीय क्षेत्र के 17 हलकों में 13 पर कांग्रेस का कब्जा है। ऐसे में कांग्रेस मनोवैज्ञानिक बढ़त के साथ प्रचार की शुरुआत करेगी। (अनंत ज्ञान)

### प्रतिभा सिंह तीन बार रही हैं मंडी की सांसद

**प्रतिभा** सिंह मंडी से तीन बार सांसद रही हैं। साल 2021 में उन्होंने उपचुनाव में जीत हासिल की थी। इससे पहले 2004 व 2013 में भी मंडी से चुनाव जीत चुकी हैं। लगातार छह चुनाव जीते कृष्णदत्त सुल्तानपुरी ने 1980 में पहला चुनाव जीता। इसके बाद 1984, 1989, 1991, 1996, 1998 में लगातार चुनाव जीते।

### 1977 में वीरभद्र सिंह हार गए थे संसदीय चुनाव

**FLASH BACK!**

**साल** 1977 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस देशभर में बुरी तरह से चुनाव हार गई थी। इस दौरान वीरभद्र सिंह भी मंडी संसदीय सीट से चुनाव हारे थे। गंगा सिंह ने उन्हें हराया था।

### 2019 के लोकसभा चुनाव में हारे थे कांग्रेस के तीनों सीटिंग विधायक

**वर्ष** 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने चार में से तीन सीटों पर विधायकों को मैदान में उतारा था। इसमें शिमला से कर्नल धनीराम शांडिल, कांगड़ा से पवन काजल और हमीरपुर से रामलाल ठाकुर को उतारा था, लेकिन तीनों ही चुनाव हारे थे। 2014 में शिमला से मोहन लाल ब्राक्टा को उतारा था। ब्राक्टा विधानसभा का पहला चुनाव जीतकर आए थे। इसी तरह हमीरपुर से राजेंद्र राणा को मैदान में उतारा था। दोनों ही चुनाव में हार गए थे।

## पूर्व प्रत्याशी लखविंद्र राणा बने प्रदेश प्रवक्ता, शांत हुआ भाजपा का घमासान



**बीबीएन।** नालागढ़ विधानसभा से आजाद विधायक रहे केएल ठाकुर की भाजपा में एंट्री के बाद मचा घमासान अब थमता नजर आ रहा है। केएल ठाकुर के भाजपा में दोबारा एंट्री के बाद भाजपा से पूर्व प्रत्याशी व पूर्व विधायक लखविंद्र राणा समेत समर्थक काफी नाराज चल रहे थे, लेकिन भाजपा ने समय रहते डैमेज कंट्रोल कर लिया है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने पूर्व विधायक लखविंद्र राणा को भाजपा का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। सोमवार को भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने आदेशों की अधिसूचना जारी की। ऐसे में अब प्रदेश की जिम्मेदारी मिलने से तय हो गया है कि अगर उपचुनाव होते हैं, तो नालागढ़ विधानसभा से प्रत्याशी केएल ठाकुर ही होंगे।

लखविंद्र राणा को प्रदेश का प्रवक्ता नियुक्त होने से अब अटकलों पर भी विराम लग चुका है। केएल ठाकुर के भाजपा में आने के बाद से चर्चाएं चल रही थीं कि लखविंद्र राणा फिर से पार्टी बदलकर दोबारा कांग्रेस में जा सकते हैं, लेकिन अब इन अटकलों पर भी विराम लग चुका है, क्योंकि भाजपा ने उन्हें प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी है।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा का संकल्प पत्र पुरानी बोतल नई शराब जैसाः कौशल



**हमीरपुर।** हिमाचल कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने भाजपा के संकल्प पत्र को पुरानी बोतल और नई शराब की संज्ञा दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने पुराने संकल्प पत्रों में देश की जनता से किए वादों को ही नए अंदाज में प्रस्तुत किया है। जनता बार-बार भाजपा के जुमलों और झूठ में नहीं आएगी। जनता जान चुकी है कि भाजपा की गरंटियां पूरी करने का वादा करने वाला नेता ही झांसा राम है और बीजेपी द्वारा जारी संकल्प पत्र की कोई विश्वसनीयता नहीं है। क्योंकि इससे पूर्व भी भाजपा ने देश के लोगों के साथ छल और धोखा किया है।

### प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोने जैसी खरी व स्पष्टः राजीव बिंदल



**शिमला।** प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोने जैसी खरी व स्पष्ट है। विकसित भारत के संकल्प और मोदी की गारंटी द्वारा भाजपा ने अपना लक्ष्य संकल्प पत्र के माध्यम से सामने रखा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने शिमला में मीडिया से बात करते हुए कहा कि भाजपा ने अपने 2019 के संकल्प पत्र में किए गए वादे पूरे किए हैं, जिसमें मुख्य रूप से धारा 370 समाप्त करना, नारी शक्ति अधिनियम में 33 प्रतिशत आरक्षण देना, राम मंदिर निर्माण करना जैसे अनेक उदाहरण हैं, जो प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पिछले कार्यकाल में पूरे किए हैं।

### भाजपा का संकल्प पत्र देश के विकास की राह को करेगा प्रशस्तः रणधीर



**बिलासपुर।** श्री नयना देवी जी के विधायक तथा प्रदेश भाजपा प्रवक्ता रणधीर शर्मा ने बिलासपुर में कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में देश के हर नागरिक, धर्म, जाति, संप्रदाय, युवा, बुजुर्ग, माता, बहनों तथा मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र देश के विकास की राह को प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक पीएम मोदी का विकसित भारत का सपना साकार होगा।

# दस साल का कार्यकाल शानदार, अगले दशक की तैयारीः जयराम

## पूर्व सीएम ने भाजपा के संकल्प पत्र को बताया विकसित भारत की सोच, बोले- मोदी की गारंटी पक्की गारंटी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा का संकल्प पत्र वर्ष 2047 तक की दूरगामी सोच को मद्देनजर रख कर घोषित किया गया है। इस संकल्प पत्र के माध्यम से देश को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य है।

यह संकल्प पत्र करीब 15 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त होने के बाद तैयार किया है, जिसमें 4 लाख सुझाव नमो एप और 10 लाख सुझाव वीडियो, पत्रों एवं ईमेल आदि से प्राप्त हुए हैं। सभी सुझावों का बारीकी से अध्ययन करने के बाद उक्त संकल्प पत्र तैयार किया गया है। धर्मशाला में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने यह बात कही। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व को मजबूत एवं सशक्त नेतृत्व करार देते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी का 10 वर्ष का कार्यकाल शानदार रहा है और अब अगले दशक की दस्तक है। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में अंकित मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोने की तरह खरी है, यानी की मोदी की गारंटी पक्की गारंटी है।


धर्मशाला में जयराम ठाकुर से मुलाकात के दौरान कंगना रनौत व अन्य पदाधिकारी।

### कंगना रनौत ने नेता प्रतिपक्ष से की मुलाकात

**धर्मशाला** के एक निजी होटल में मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर से मुलाकात की। इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रभारी व सुलाह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार, हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन काजल, कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर राजीव भारद्वाज, धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा व अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे। भाजपा नेताओं ने चुनावों को लेकर चल रहे माहौल को लेकर चर्चा की।

**इंतजार** नगर निगम में ताजपोशी का जग्गी को मिल सकता है इनाम, जातीय समीकरण प्रभावी हुए तो विजय इंद्र व चौधरी दावेदार

# 17 अप्रैल के बाद फाइनल होगा कांग्रेस प्रत्याशी!

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

कांग्रेस की लोकसभा तथा विधानसभा प्रत्याशियों की सूची फाइनल होने में अभी और देर लग सकती है। पार्टी ने 4 लोकसभा सीटों में से अभी शिमला तथा मंडी संसदीय सीट पर ही पार्टी के चेहरों को फाइनल किया है, लेकिन विधानसभा के लिए 6 सीटों पर चेहरे फाइनल होने में अभी और देरी लग सकती है।

प्रदेश कांग्रेस के सूत्रों की मानें तो 17 अप्रैल के बाद ही सूची फाइनल हो पाएगी। धर्मशाला सीट पर यहां कांग्रेस के प्रदेश महासचिव तथा धर्मशाला नगर निगम के पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी का नाम लगभग तय माना जा रहा है। हालांकि जातीय समीकरणों पर गौर करें तो ट्राइबल से संबंधित तथा 2019 के उपचुनावों में पार्टी की टिकट पर उतारे गए विजय इंद्र कर्ण तथा हाल ही भाजपा को बाय-बाय कह चुके तथा 2022 में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े राकेश चौधरी भी टिकट की दौड़ में शामिल हैं। ऐसे में कांग्रेस के लिए धर्मशाला में अपना चेहरा घोषित करने में काफी सावधानी से चयन करना पड़ेगा तथा यही कारण है कि कांग्रेस अब तक यहां विधानसभा चुनावों को लेकर प्रत्याशी की घोषणा नहीं कर पाई है। वहीं,



राजनीति के जानकारों के अनुसार यह देरी पार्टी के अंदर अंतर्कलह को जन्म दे सकती है।

उधर, देवेंद्र जग्गी धर्मशाला की स्थानीय राजनीति में अर्से से अपनी मौजूदगी दर्ज करवाने के साथ सीएम सुखविंद्र सिंह के अलावा नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के विधायक तथा पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली की भी पसंद माने जाते हैं। इसके अलावा उनकी सक्रियता को देखते हुए यह कुछ फैक्टर अगर उनके पक्ष में रहते हैं, तो उन्हें टिकट का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। धर्मशाला नगर निगम की सियासत में अब की बार कांग्रेस के काबिज होने में जग्गी का रोल अहम रहा है तथा वह विधानसभा चुनावों को लेकर भी लंबे समय से बैठकें कर रहे हैं। ऐसे में प्रदेश हाईकमान उनकी सक्रियता के लिए उन्हें टिकट देकर उनकी पीठ थपथपा सकता है।

कांग्रेस के आला नेता पहले ही साफ कर चुके हैं कि टिकट जिसको भी मिलता है पार्टी के कार्यकर्ता उसका साथ देंगे, ताकि धर्मशाला सीट पर कांग्रेस परचम लहरा सके। (अनंत ज्ञान)



## सालगिरह मुबारक



हटली के रोहित और आरती को शादी की सालगिरह पर अनंत ज्ञान की ओर से बधाई।

अनंत ज्ञान

## अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

# आपदा से मिला फायदा, युद्ध से नुकसान

## इस साल भी कांगड़ा चाय कारोबार रह सकता है ठंडा, यूरोप की लग्जरी आइटम है देश की चाय

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

अनंत ज्ञान स्पैशल

प्रदेश में गत साल भारी बरसात ने जहां प्रदेश को न भूलने वाले जख्म दिए तो वहीं इससे चाय के उत्पादन में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। वहीं देश से मीलों दूर जारी युद्ध ने चाय के कारोबार को नुकसान पहुंचाया है। पहले कोरोना के हालात तो उसके बाद बिना किसी नतीजे के रूस तथा यूक्रेन के बीच जारी युद्ध ने देश भर के साथ कांगड़ा चाय के उत्पादन पर बुरा असर डाला है। वहीं जानकारों के अनुसार इस साल भी ईरान तथा इजरायल में जारी तनाव के चलते चाय कारोबार ठंडा रह सकता है।

प्रदेश में गत साल हुई भारी बरसात के चलते कांगड़ा चाय के उत्पादन में बढ़ोतरी होने के बावजूद रूस तथा यूक्रेन के बीच युद्ध से चाय के दामों में कर्मी दर्ज की गई है। ऐसे में चाय उद्योग के लिए ये युद्ध नुकसानदायक साबित हुआ है। बताते चलें कि ईरान जैसे बड़े आयातक तथा यूरोपीय राष्ट्रों में चाय का ज्यादातर निर्यात होता है। चाय उत्पादन से जुड़े जानकारों की मानें तो इन देशों में चाय पत्ती का आदान-प्रदान गिफ्ट आईटम के रूप में लोग करते हैं। वहीं युद्ध के कारण इस ट्रैंड में आई भारी कमी के कारण इन देशों में चाय की मांग कम होने के साथ चाय के दामों में आई कमी का सीधा असर देश तथा प्रदेश के चाय उद्योग पर पड़ा है। जानकारों की मानें तो देश में चाय की उम्दा क्वालिटी के लिए प्रख्यात दार्जलिंग जैसे क्षेत्रों में कई चाय उत्पादन इकाईयां बंद हुई हैं तो वहीं प्रदेश में भी चाय उद्योग पर संकट बन आया है तथा चाय उत्पादन इकाईयों को नुकसान झेलना पड़ा है। बताते चलें कि स्थानीय बाजारों के साथ विदेशी



मार्केट में भी कांगड़ा चाय की मांग रहती है। कांगड़ा चाय को जीआई टैग यानि ऐसा दर्जा मिला है जो विशेष रूप से किसी विशेष क्षेत्र से संबंधित उत्पाद को दिया जाता है, इसके मिलने के बावजूद 2023-24 में विदेशी बाजार में अपेक्षा अनुसार बाजार नहीं मिल पाया है। इसका बड़ा कारण रूस तथा यूक्रेन में जारी युद्ध भी रहा है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चाय को लेकर बड़ी स्पर्धा है। हालांकि इस साल कांगड़ा चाय का उत्पादन बढ़ा है और ढाई दशक में पहली बार 12 लाख किलोग्राम आंकड़े को छू सका है। आंकड़ों पर गौर करें तो साल 1998 में कांगड़ा चाय का उत्पादन 17 लाख 11 हजार किलोग्राम था, मगर उसके बाद चाय उत्पादन में लगातार कमी आई है। पहली बार उत्पादन में बढ़ोतरी के चलते 11 लाख 67 हजार किलोग्राम उत्पादन हुआ है। मार्च से लेकर दिसंबर तक की अवधि में आर्थोडोक्स ब्लैक टी निर्यात की जाती है। आर्थोडोक्स ब्लैक टी की सबसे अधिक मांग यूरोपिय देशों, विशेषकर जर्मनी के बाजार से आई है। निर्यात में आई कमी के कारण कांगड़ा चाय को उचित दाम नहीं मिल पाया और निर्यात में भी कमी दर्ज की गई है। (अनंत ज्ञान)

### 170 वर्ष पुराना है कांगड़ा चाय का इतिहास

कांगड़ा चाय का इतिहास 170 वर्ष पुराना है। कांगड़ा की चाय दुनिया में सबसे स्वादिष्ट मानी जाती है, वहीं इसे देश के विभिन्न हिस्सों के साथ विदेशों में भी हेल्थ ड्रिंक के रूप में उपयोग किया जाता है। कृषि विवि के चाय विभाग पालमपुर के प्रभारी सुनील पटियाल के अनुसार 2023-24 कांगड़ा चाय के लिए खास नहीं रहा है। हालांकि उत्पादन में पहली बार सुधार आया है, लेकिन रूस तथा यूक्रेन युद्ध का इसके निर्यात पर असर पड़ा है।

### 50000 किलोग्राम का उत्पादन बढ़ा: अमन

धर्मशाला की 142 साल पुरानी मान टी फैक्टरी के प्रबंधक अमन पाल सिंह के अनुसार 2023-24 में उनकी इकाई में 50000 किलोग्राम का उत्पादन बढ़ा है तो वहीं रूस तथा यूक्रेन के युद्ध के कारण इसके निर्यात तथा दामों में कमी दर्ज की गई है। उनके मुताबिक इरान तथा यूरोप के देशों में गिफ्ट के रूप में चाय का प्रयोग होता है। उन्होंने कहा कि वहीं इस साल भी ईरान तथा इजरायल जैसे देशों के युद्ध में शामिल होने से चाय के दामों तथा निर्यात में बढ़ोती होने के आसार कम दिखते हैं।

## मतदान करने को जागरूक किए लोग

**धर्मशाला।** विधानसभा क्षेत्र धर्मशाला के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप कार्यक्रम के अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव के तहत मतदान केंद्रों में जाकर मतदान के लिए जनमानस को जागरूक किया जा रहा है। रविवार को स्वीप टीम द्वारा बूथ बगली में वहां के मतदाताओं के साथ बैठक कर एवं स्थानीय बीएलओ के सहयोग से मतदाता जागरूकता पर स्थानीय मतदाताओं से संवाद किया गया। स्वीप टीम द्वारा मतदाताओं से आगामी पहली जून को निर्धारित लोकसभा चुनाव में तथा विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान में भाग लेने की अपील की गई। स्थानीय पंचायत के प्रतिनिधियों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में भाग लिया। बीएलओ तथा अन्य लोगों से मिलकर स्वीप टीम में नोडल अधिकारी डॉ. अमित कटोच, डॉक्टर जोगिंद्र सिंह, मिथुन कुमार दत्ता, रेखा रावत, डॉक्टर शबाव अहमद, विलास हंस, डॉक्टर पूजा राजपूत ने इस बार मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए प्रयास करने का आह्वान किया। इस दौरान सभी को अपने-अपने मत का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई।

## न्यूज ब्रीफ

### टिप्परी सहकारी सभा का चुनाव 4 मई को

**डाडासीबा।** तहसील डाडासीबा के अंतर्गत दी लोअर टिप्परी कृषि सेवा सहकारी सभा के प्रधान व अन्य कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव चार मई 2024 को होगा। यह जानकारी सभा के सचिव यशपाल सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि नामांकन 18 अप्रैल को भरे जाएंगे। उन्होंने सभा सदस्यों से चुनाव में शामिल होने की अपील की है।

### 41 लोगों को बीसीजी वैक्सीन लगाई



सिविल अस्पताल गरली में सोमवार को एक महिला को बीसीजी का टीका लगाते चिकित्सक।

**गरली।** सिविल अस्पताल गरली में सोमवार को प्रदेश स्वास्थ्य विभाग के दिशानिर्देशों अनुसार टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बीएमओ डाडासीबा की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य कार्यकर्ता रमेश चंद शर्मा व आशा वर्कर सविता देवी, रीना देवी आदि के सहयोग से 18 से 60 वर्ष के 41 लोगों को बीसीजी का टीकाकरण किया किया। पंचायत प्रधान शशिलता ने बताया कि टीबी रोग के लिए बीसीजी का टीका बहुत ही फायदेमंद है। 18 से 80 वर्ष या इससे भी ज्यादा आयु वाले लोगों को यह टीका लगवाना चाहिए। यदि किसी भी व्यक्ति को शुगर की समस्या हो, कुपोषण हो, धूम्रपान किया हो, पहले टीबी रोग हुआ हो या टीबी रोगी के संपर्क में रहे हो तो बीसीजी टीकाकरण करवाने से लोगों में टीबी की रोकथाम होगी। उन्होंने जनता को संदेश दिया कि बीसीजी का टीका जरूर लगाए।

### अंशुमन ने कराटे में जीता स्वर्ण पदक



**नूरपुर।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में वर्ल्ड कराटे फेडरेशन द्वारा ओपन अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें वार्ड नंबर 6 नूरपुर के रहने वाले अंशुमन ने अंडर 17 के 47 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। हेमांग मार्शल आर्ट अकादमी नूरपुर के कोच अजय कुमार ने बताया कि अंशुमन पहले तीन बार पेंचक सिलाट राष्ट्रीय प्रतियोगता में भाग ले चुका है और राष्ट्रीय वॉविनम प्रतियोगता में स्वर्ण और रजत पदक हासिल कर चुका है। अब ओपन अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगता में स्वर्ण पदक हासिल कर के अपने प्रदेश का नाम रोशन किया है। हेमांग इंटरनेशनल कराटे फेडरेशन के अध्यक्ष टेक्निकल डायरेक्टर क्योशी जोगिंद्व सिंह आजाद और हेमांग मार्शल आर्ट अकादमी नूरपुर के अध्यक्ष भूषण शर्मा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कोच अजय कुमार ने बताया कि हेमांग मार्शल आर्ट अकादमी नूरपुर द्वारा रेगुलर क्लास अटल इनडोर खेल परिसर नूरपुर में 18 अप्रैल से शुरू होने जा रही हैं। अभिभावक अपने बच्चों को मार्शल आर्ट सिखाने के लिए भेज सकते हैं।

# हरिपुर में दुकान और शाहपुर में शेड से पकड़ी अवैध शराब

**अनंत ज्ञान टीम, हरिपुर/ शाहपुर**

पुलिस थाना हरिपुर के अंब टियालू में नरेंद्र कुमार निवासी हरिपुर (अंब टियालू) की दुकान से 4,500 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की गई है। पुलिस थाना हरिपुर में इस को लेकर हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा के 39-1ए के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा पुलिस थाना शाहपुर के तहत ठंवा में अमरीश परमार निवासी रेहलू के टीन शेड से 8,250 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। पुलिस थाना शाहपुर में इस को लेकर हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा के 39-1ए के तहत मामला दर्ज किया गया है। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने शराब पकड़े जाने की पुष्टि की है।

### अवैध शराब बरामद

**धर्मशाला।** महिला पुलिस थाना धर्मशाला के तहत गमरू में पवना देवी निवासी वार्ड नं. 5, गमरू के खोखे से 22,500 मिलीलीटर देसी शराब व 3,600 मिलीलीटर वीयर मार्का किंगफिशर स्ट्रोंग बरामद की है। महिला पुलिस थाना में इस को लेकर हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा के 39-1ए के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा पुलिस थाना धर्मशाला गमरू में शशि कुमार निवासी वार्ड नं. 5 के खोखा से 6,000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। पुलिस थाना धर्मशाला में इस को लेकर हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा के 39-1ए के तहत मामला दर्ज किया गया है। धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने दोनों मामलों की पुष्टि की है।

### देहरा व ज्वालामुखी में मारपीट के मामले दर्ज

**देहरा/ज्वालामुखी।** पुलिस थाना देहरा के तहत संसारपुर टैरस में रणवीर ने अपनी पत्नी के साथ गाली-गलौज व मारपीट की है। पुलिस थाना देहरा में शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 323, 504 में दर्ज किया गया है। उधर, पुलिस थाना ज्वालामुखी के तहत ज्वालामुखी में विल्ला नामक व्यक्ति व इसकी पत्नी तथा नौकरानी ने पुराना बाजार वार्ड नंबर 3 निवासी युवती व इसके भाई के साथ रास्ता रोकर मारपीट, गाली गलौज व जान से मारने की धमकियां दी हैं। पुलिस थाना ज्वालामुखी में शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 323, 504, 34 भारतीय दंड संहिता में पंजीकृत किया गया है। धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने दोनों मामलों की पुष्टि की है।

## भारत पेट्रोलियम के डायरेक्टर ने लिया मां चामुंडा का आशीर्वाद

**चामुंडा।** श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम मंदिर में सोमवार सुबह छह बजे भारत पेट्रोलियम के डायरेक्टर और चीफ ने अपनी पूरी टीम के साथ माता जी का आशीर्वाद लिया और अपनी हाजिरी लगाई। इस दौरान पुजारी ओमप्रकाश ने उनकी विधिवत पूजा-अर्चना करवाई और उन्हें माता जी की चुनरी प्रसाद और सिरोपा भेंट किया। नंदीकेश्वर भोलेनाथ के मंदिर में महंत पवन गोस्वामी ने विधिवत पूजा-अर्चना करवाई। चामुंडा मंदिर में पहुंचने पर उनका स्वागत न्यू वालिया फिलिंग स्टेशन के सदस्य विपिन वालिया, रिशु वालिया ,संजय राणा ,विनोद राणा और श्री चामुंडा मंदिर से पदर पंचायत उपप्रधान बॉबी गोस्वामी ने किया।



### लोक अदालत 11 मई को

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला के सभी न्यायालयों में 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांगड़ा अजय मेहता ने दी। उन्होंने बताया की लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौतों के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, चेक बाउंस मामले, मोटर व्हीकल चालान के मामलों आदि पर सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा । इसके अतिरिक्त लोक अदालत में सड़क दुर्घटना में क्लेम, घरेलू हिंसा विवाद व वैवाहिक विवाद आदि के मामलों का भी निपटारा किया जाएगा । उन्होंने कहा कि लोक अदालत में समय एवं धन की बचत होती है।

### समय से पहले पड़ी गर्मी से धर्मशाला-मैक्लोडगंज में बढ़ेंगे पर्यटक

# पर्यटन नगरी में बढ़ने लगी ऑक्यूपेंसी

**सीमा शर्मा, मैक्लोडगंज**

मार्च माह तक धर्मशाला व मैक्लोडगंज में वीकेंड पर ऑक्यूपेंसी बढ़ना शुरू हो गई थी, जिसका क्रम लगातार जारी है। वर्तमान में धर्मशाला व मैक्लोडगंज के अलग-अलग श्रेणी के होटलों में वीकेंड के अलावा सप्ताह के अन्य दिनों ऑक्यूपेंसी 35 से 60 फीसदी के आसपास है, जो कि समर टूरिस्ट सीजन के लिए अच्छा संकेत माना जा रहा है।

इन दिनों मैक्लोडगंज व आसपास के क्षेत्रों में अलग-अलग श्रेणी के होटलों में ऑक्यूपेंसी 50-60 से 35-40 फीसदी तक है। धर्मशाला के धर्मकोट को मिनी इजराइल के नाम से जाना जाता है, जहां पर इजराइल से आने वाले लोग होटल, गेस्ट हाउस, होम स्टे में रहते थे। धर्मकोट की 70 फीसदी टूरिज्म इकोनॉमी इजराइल टूरिस्ट पर निर्भर है। इजराइल युद्ध शुरू होने पर इजराइली यहां से जा चुके हैं, जिसका असर धर्मकोट के रेस्टोरेंट, होम स्टे, गेस्ट हाउस पर पड़ा है। धर्मशाला में होने जा रहे आईपीएल मैचों का लोगों में खासा क्रेज है। धर्मशाला में जो भी मैच होते हैं, उसका पर्यटन पर असर पड़ता है। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष अश्वनी बांबा का कहना है कि महाराष्ट्र, गुजरात और दक्षिणी राज्यों में अप्रैल से ही ज्यादा गर्मी पड़ने वाली है।

**समर टूरिस्ट सीजन के लिए माना जा रहा अच्छा संकेत**

दिल्ली में तापमान काफी बढ़ गया है। वर्तमान में विभिन्न कैटागिरी के होटलों में आक्यूपेंसी 35 से 60 फीसदी के करीब है। इजराइल के युद्ध का सीधा असर धर्मकोट के रेस्टोरेंट, होम स्टे, गेस्ट हाउस पर पड़ा है। आईपीएल मैचों का लोगों में खासा क्रेज है। समर टूरिस्ट सीजन और आईपीएल मैचों के तहत पुलिस प्रशासन से भागसूनाग व धर्मकोट में पुलिस फोर्स की तैनाती का आग्रह किया है। (अनंत ज्ञान)

# तकीपुर में 108 में गूंजी किलकारी

## अदे दी हटियां की गर्भवती महिला के लिए वरदान बनी आपातकालीन सेवा

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

जिला कांगड़ा में 108 एंबुलेंस सेवा गर्भवती महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम साबित नहीं हो रही है। इसका ताजा उदाहरण रविवार मध्य रात्रि दो बजे रानीताल के करीब गांव तकीपुर में उस वक्त देखने को मिला जब 28 वर्षीय महिला ने गरली हॉस्पिटल की आपातकालीन गाड़ी 108 में स्वस्थ लड़के को जन्म दिया। जानकारी के अनुसार गांव अदे दी हटियां (ज्वालामुखी ) की गर्भवती महिला रिचा कुमारी पत्नी सुनील कुमार उक्त महिला को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई, तो उन्होंने निजी गाड़ी से महिला को सिविल



हॉस्पिटल देहरा पहुंचाया वहां पर चिकित्सकों द्वारा उपचार देने के बाद महिला की नाजुक हालत को देखते हुए रविवार मध्य रात्रि 12 बजे के करीब मेडिकल कॉलेज टांडा के लिए रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज टांडा अस्पताल ले जाते समय महिला की तबीयत और खराब होने लगी। महिला की नाजुक हालत देख एंबुलेस में तैनात ईएमटी अमित और चालक रविंद्र कुमार ने रानीताल गांव तकीपुर के पास एंबुलेंस को रोककर महिला का एंबुलेंस के अंदर ही सफल प्रसव करवाया। महिला ने स्वस्थ लड़के को जन्म दिया। महिला का इससे पहले भी एक लड़का हैं। लिहाजा उसके बाद उक्त महिला को मेडिकल कॉलेज टांडा पहुंचाया गया वहां पर महिला को चिकित्सकों द्वारा उपचार दिया जा रहा है। खबर की पुष्टि करते हुए ईएमटी अमित ने बताया महिला ने स्वस्थ लड़के को जन्म दिया और जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

# कूहना में कागज के रोल से लदा ट्रक पलटा, दो जख्मी



राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 70 पर स्थित गांव कूहना में सड़क पर पलटा ट्रक।

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के निकटवर्ती राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 70 पर स्थित गांव कूहना में सोमवार सुबह ट्रक पलट गया। हादसे में ड्राइवर के साथ बैठे दो लोग जख्मी हुए हैं। ट्रक में अखबार छापने के लिए इस्तेमाल होने वाले कागज के रोल लदे थे। बताया जा रहा है कि ट्रक अंब की तरफ से नादौन की ओर जा रहा था। इसी बीच कूहना के पास मोड़ काटने के बाद ट्रक बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गया। ट्रक के सड़क में पलट जाने से सड़के किनारे लगे लोहे के जालों को काफी नुकसान हुआ है खबर लिखे जाने तक कोई भी मामला दर्ज नहीं हुआ था।

# दीन उपकार सभा आलमपुर ने की जरूरतमंदों की आर्थिक मदद



जरूरतमंद महिला निशा देवी को 10 हजार का चेक देते सभा के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, लंबागांव**

दीन उपकार सभा आलमपुर की ओर से सोमवार को पिछले सात-आठ महीनों से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे जांगल निवासी प्रभात सिंह पुत्र हरी राम को 11 हजार रुपए का चेक आर्थिक सहायता के रुप में दिया गया। इसके अतिरिक्त आलमपुर निवासी निशा देवी पत्नी रवि कुमार को जिसे सरकार से हाल ही में मकान बनाने के लिए पैसा स्वीकृत हुआ है सभा द्वार आर्थिक रुप से कमजोर उक्त महिला को भी सभा की और से दस हजार रुपए का चेक आर्थिक सहायता के रुप में दिया गया।

इस अवसर पर सभा के पृथी चंद डोगरा, विनय कुमार, बलजीत सिपहिया, अक्षय गुप्ता, अशोक सूरी, राम कृष्ण शर्मा, रमेश शर्मा अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**प्रेस कॉन्फ्रेंस** फतेहपुर के विधायक ने पत्रकार वार्ता में नेता प्रतिपक्ष पर किया कटाक्ष

# संकल्प पत्र पढ़ते जयराम ने खोया आत्मविश्वास: पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भाजपा का संकल्प पत्र पढ़ा तो जरूर लेकिन यह कार्य उनके लिए बेहद कठित साबित हुआ। भाजपा पदाधिकारी तथाकथित मोदी ब्रांड के भरोसे यह सोच रहे हैं कि इसी के भरोसे वह किसी तरह चुनाव जीत लेंगे। नेता प्रतिपक्ष द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता पर फतेहपुर के विधायक भवानी पठानिया ने कटाक्ष करते हुए उसे चिप्स के पैकेट की तरह बताया जिसमें पैकेट तो बड़ा लगता है लेकिन अंदर चिप्स के कुछ ही टुकड़े मिलते हैं। यह बात भवानी पठानिया ने धर्मशाला में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में न तो बेरोजगारी को दूर करने को कोई जिक्र है, न मंहगाई को नियंत्रित करने की कोई योजना है। उन्होंने कहा कि किसान, श्रमिक एवं गरीब वर्ग के उत्थान का कोई जिक्र नहीं है। पठानिया ने कहा कि आज के इस मंहगाई के दौर में किसान, श्रमिक एवं गरीब परिवार अपनी मूलभूत जरूरतों के जितना धन भी अर्जित नहीं कर पा रहा है। पठानिया ने जयराम ठाकुर पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा संकल्प पत्र को पढ़ते समय वह अपना आत्मविश्वास खो चुके थे क्योंकि वह जानते थे कि संकल्प पत्र में जनहित की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के तहत 33 प्रतिशत महिला आरक्षण देने की बात तो कही गई है लेकिन वह व्यवहारिक नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा जारी प्रत्याशियों में महिलाओं की संख्या मात्र 12 प्रतिशत है। भाजपा केवल आंकड़ों के जाल में उलझा कर जनता को गुमराह करने की नाकाम कोशिश कर रही है।



प्रेस वार्ता करते फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भवानी पठानिया व अन्य।

### दृष्टिपत्र बेहतर

भवानिया पठानिया ने कहा कि कांग्रेस द्वारा जारी दृष्टिपत्र में अग्निवीर योजना जोकि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ है, उसे बंद कर नियमित भर्ती की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी 400 पार का नारा भूल जाए, वह 180 सीटों से ऊपर नहीं जा पाएगी। इसके अतिरिक्त कांग्रेस के दृष्टिपत्र में गरीबी, मंहगाई, बेरोजगारी को दूर करने की योजनाओं को जिक्र है जिससे देश के कमजोर वर्ग को सीधा लाभ होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के दृष्टिपत्र में हर वर्ग, महिला, मजदूर, श्रमिक व किसान सहित अन्य वर्गों के उत्थान का जिक्र है और वह व्यवहारिक भी है।

## न्यूज ब्रीफ

### 21 स्टूडेंट्स का नामी कंपनियों में चयन

**नादौन।** मेकेनिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा के 21 स्टूडेंट्स का नामी कंपनियों में चयन हो गया है। उन्हें 3.8 लाख से 4.5 लाख तक का पैकेज मिलेगा। प्रदेश के विभिन्न सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों के मेकेनिकल इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के 21 स्टूडेंट्स का देश की तीन नामी कंपनियों में चयन हुआ। साक्षात्कार के बाद मारुति सुजूकी ने 4.5 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर 12 स्टूडेंट्स को, अल्ट्राटेक सीमेंट ने 4 लाख के पैकेज पर 2 स्टूडेंट्स को और टीवीएस मोटर्स ने 3.8 लाख के पैकेज पर 7 स्टूडेंट्स को जॉब ऑफर की। ट्रेनिंग और प्लेसमेंट अधिकारी अरविंद कटोच ने बताया कि मेकेनिकल इंजीनियरिंग के डिप्लोमा प्रशिक्षुओं की प्लेसमेंट के लिए अधिकतर ज्वाइंट कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाता है जिसके तहत प्रदेश के सभी सात राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान, जहां मेकेनिकल इंजीनियरिंग का कोर्स चल रहा है, के पात्र स्टूडेंट्स को अपनी प्रतिभा और रुचि के अनुसार नौकरी पाने का मौका मिलता है।


### टिक्कर खतरियां में महादंगल 20 को

**हमीरपुर।** डिडवीं टिक्कर खतरियां महादंगल की बैठक प्रधान लेखराज की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसहमति से यह फैसला लिया गया कि महादंगल को बारिश के कारण स्थगित कर दिया गया है। अब दंगल 20 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश व प्रदेश के पहलवान शिरक्त करेंगे। पहलवानों को उचित राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।

### मंडी ने 55.4 ओवर में बनाए 156 रन

**नादौन।** क्रिकेट स्टेडियम अमतर में ऊना व मंडी की टीम के बीच अंडर-16 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का मैच खेला गया जिसमें मंडी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। मंडी की टीम बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 55.4 ओवर में 156 रन बनाए। बल्लेबाज मंथन शुरुंग ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 103 रन बनाकर नाबाद रहा, जबकि आदर्श 16 रन बनाकर आउट हो गया। ऊना की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंशुमन व सुमित संधू ने 3-3 विकेट झटकर मंडी की टीम के हौंसले पस्त कर दिए। कार्तिकेय शर्मा, शुभ व आर्यवीर ने 1-1 विकेट ली। क्रिकेट स्टेडियम के प्रभारी संजय टिंका ठाकुर ने बताया कि ऊना की टीम ने बल्लेबाज करते हुए पहले दिन का मैच समाप्त होने तक 4 विकेट खोकर 75 रन बनाए हैं। बल्लेबाज वैभव शर्मा ने 45 रन बनाए, जबकि भविष्य भारद्वाज 42 रन बनाकर नाबाद रहे। मंडी के गेंदबाज आदिश ने 2, जबकि टोगेश व आदर्श ने 1-1 विकेट लिया।

### देश का पहला हाइब्रिड मैदान बना धर्मशाला



**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम यानी धर्मशाला स्टेडियम देश का पहला हाइब्रिड एसआईएसग्रास टेक्नोलॉजी वाला मैदान बन गया है। यह तकनीक बेस्ट नेचुरल और आर्टिफिशियल खेल सतहों का मिश्रण है, जो प्लेयर्स के लिए स्थायित्व, निरंतर प्रदर्शन और सुरक्षा का वादा करती है। इस पिच की शुरुआत नीदरलैंड्स से हुई। इस पिच का लक्ष्य भारी उपयोग के कारण तेजी से खराब हो रही पारंपरिक पिचों का समाधान देना और भारतीय क्रिकेट को ऊपर उठाना है। इस तकनीक से पिचों की लाइफ बढ़ जाती है। साथ ही ग्राउंडकीपर्स का बोझ भी कम करती है। यह इनिशिएटिव पूरे देश में क्रिकेट सुविधाओं को अपग्रेड करेगा। 2024 से देशभर में इस तरह के प्रोजेक्ट शुरू करने की योजना है। यूनाइटेड किंगडम में ऐसी पिचों के सफल इंप्लीमेंटेशन के बाद लिमिटेड ओवर मेच में हाइब्रिड सतहों के लिए आईसीसी से मंजूरी मांगी गई है।

### जाहू में 17 वर्षीय लड़की ने किया सुसाइड

**जाहू।** जाहू में 17 वर्षीय नूरजहां खातून ने पंखे से लटकर अपनी जान दे दी। पुलिस के अनुसार नूरजहां खातून जाहू में प्रतियोगी परीक्षा की कोचिंग ले रही थी। कोचिंग की तैयारी को लेकर कमरा किराये पर लिया हुआ था। पिता बिझड़ी में पिछले लगभग 20 वर्षों से दुकान करता है। रविवार की रात को नूरजहां खातून ने पंखे के साथ फंदा लगाकर अपनी लीला खत्म कर ली। सोमवार सुबह जब कोचिंग सेंटर में नूरजाहां खातून नहीं पहुंची तो कोचिंग सेंटर के स्टाफ ने उसके मोबाइल फोन पर बात करने की कोशिश की तो उसके द्वारा मोबाइल नहीं उठाया गया। उसके किराये के कमरे के दरवाजे को लोगों ने खटखटाने के बावजूद दरवाजा नहीं खोला। पिछली खिड़की तोड़कर देखा तो लड़की पंखे से लटक रही थी। इसकी सूचना पुलिस को लोगों के दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतका को कब्जे में लेकर उसके घर वालों से संपर्क किया। जाहू पुलिस चौकी प्रभारी ने सुसाइड करने की पुष्टि की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जोल में लखदाता छिंज आज, बड़ी माली 31000

**भरेड़ी।** भोरंज उपमंडल की धमरोल पंचाययत के जोल गांव में आज 16 अप्रैल को लखदाला छिंज का आयोजन किया जाएगा। इसमें हिमाचल प्रदेश के साथ बाहरी राज्यों के पहलवान अपनी पहलवानी का जौहर दिखाएंगे। छिंज कमेटी के सदस्य एवं जल शक्ति विभाग से सेवानिवृत्त अधिशाषी अभियंता सुरेंद्र सिंह, छोटा राम, पंडित धर्म चंद शर्मा, रमेश चंद डोगरा, पवन कुमार, सोमराज सरसोली, निक्का रामदर, शिवराम गुजरेड़ा, प्रेम चंद व अन्य ने बताया कि छिंज में बड़ी माली 31 हजार व छोटी माली 21 हजार रुपए व गुर्ज पुरस्कार के रूप में दिया जाएगा।

### पूर्व सैनिक ने बंजर जमीन पर उगा दिया केसर

**जवाली।** कहते हैं कि हिम्मत और कुछ कर दिखाने का जज्बा हो तो मिट्टी से भी सोना निकाला जा सकता है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है विधानसभा क्षेत्र जवाली के अधीन आती पंचायत सुकनाडा के पूर्व सैनिक महेंद्र सिंह ने। महेंद्र सिंह ने बंजर जमीन पर केसर पैदा कर इस कहावत को सच कर दिखाया है। महेंद्र सिंह ने फिलहाल चार मरला जमीन पर ही केसर की बिजाई कर रखी है और अब इसके फूल तोड़कर एकत्रित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अगली बार एक कनाल से ज्यादा भूमि पर केसर की खेती की जाएगी। बता दें कि महेंद्र सिंह पठानिया ने सेना में करीब 17 साल सेवाएं दी और सेवानिवृत होने उपरांत पुश्तैनी जमीन पर खेतीबाड़ी में जुट गए। वह कृषि सेवा सहकारी सभा में बतौर सचिव पद पर अपनी सेवाएं भी दे रहे हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए योजना बनाई जाए ताकि खेतीबाड़ी से पीछे हट रहे युवाओं को अच्छी किस्म की नगदी फसल की पैदावार के लिए प्रेरित किया जा सके।

### परस राम व समर्थकों ने सीएम से की मुलाकात



**शिमला।** कुल्लू जिला के आनी विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी रहे परस राम धीमान ने सोमवार को समर्थकों सहित मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से मुलाकात की। निष्कासन खत्म होने के बाद परस राम पहली बार मुख्यमंत्री से मिले। मुख्यमंत्री ने ओक ओवर में परस राम व उनके समर्थकों को पटका पहनाकर कांग्रेस पार्टी में वापसी करवाई। समर्थकों के साथ मिलने पहुंचे परस राम के साथ कुल्लू जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर, पंकज परमार अध्यक्ष जिला परिषद कुल्लू, शेर सिंह ठाकुर पूर्व महासचिव डीसीसी कुल्लू, पूरन वर्मा पूर्व उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आनी, कैलाश शर्मा पूर्व उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आनी, विजय कुमार, सीमा वर्मा पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष आनी, गोविंद शर्मा पूर्व महासचिव युवा कांग्रेस, ओम प्रकाश, अजीत सिंह ठाकुर, पवन ठाकुर, संयोग ठाकुर, चेतन चौहान, प्रदीप ठाकुर,ईशान सिंघा, उत्तम ठाकुर,लोक राज ठाकुर, हितेश कैथ, लाल चंद, अशोक ठाकुर, संजीव ठाकुर मौजूद रहे। परस राम व समर्थकों ने आपदा राहत कोष के लिए 51 हजार रुपये भी दिये। पूर्व प्रत्याशी ने कहा कि वह निष्ठावान कार्यकर्ता की तरह पार्टी की सेवा करेंगे। उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, वह उसे बखूबी निभाएंगे। इस दौरान बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी, सीपीएस संजय अवस्थी, हिमुडा के उपाध्यक्ष यशवंत छाजटा भी उपस्थित रहे।

# खस्ताहाल सड़क ; उड़ती धूल, परेशान लोग

## मनमर्जी से काम कर रही निर्माण कंपनी, एकमुश्त नहीं हो रहा सड़क का निर्माण





खस्ताहाल सड़क पर उड़ रही धूल तथा ड्रेनेज का हाल-बेहाल।

**विक्रम ढटवालिया, कोट ( हमीरपुर )**

अटारी-मनाली नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य हमीरपुर से अवाहदेवी तक जिस धीमी रफ्तार से चल रहा है। उससे लोगों की दिक्कतें भी लगातार बढ़ गई हैं। खस्ताहाल सड़क और उड़ती धूल-मिट्टी लोगों के जी का जंजाल बन गई है। सड़क के दोनों किनारे रहने वाली आबादी भी अब निर्माण कार्य में लगे काम की रफ्तार से बेहद दुखी हो चुके हैं।

धूल-मिट्टी की वजह से सांस की बीमारियों की जकड़न में यह लोग आ रहे हैं, लेकिन विडंबना यह है कि उनकी कोई सुन नहीं रहा। काम की रफ्तार तेज नहीं हो रही न ही तो धूल युक्त सड़क पर अब गर्मी के इस मौसम में कोई पानी का छिड़काव हो रहा, इसलिए हमीरपुर से आगे टौणीदेवी तक तो हालात बेहद खराब हो चुके हैं। निर्माण कार्य में भी कई तरह की खामियां उजागर हो रही हैं, लेकिन कोई 'उफ' नहीं करता।

पिछले करीब एक साल से राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान से आगे कुछ दूरी पर निर्माण का कार्य शुरू है, लेकिन इसका अंतिम चरण कब आएगा, कोई पता नहीं। थोड़े-थोड़े दिनों के बाद निर्माण का काम बीच-बीच में शुरू होता है और फिर लंबे समय तक बंद हो जाता है। अब ऐसे में न तो वाहन चालकों को कोई राहत मिल पा रही है और न ही सड़क किनारे रहने वाले लोगों को। (अनंत ज्ञान)


> इस बार गर्मियों में यह रोड काफी ज्यादा बेहतर हो जाएगा। कुछ दिक्कतें थीं, लेकिन अब काम ने रफ्तार पकड़ ली है।
> -तनमय महाजन, एसडीओ

### कई बार लगाई गुहार, सुनने को नहीं कोई तैयार

**कोट** पंचायत के प्रधान गुलशन कुमार का कहना है कि वे नेशनल हाईवे अथॉरिटी और कंपनी के लोगों से कई बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन कोई सुन नहीं रहा। ऐसी स्थिति आखिर क्यों है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के घर को जोड़ने वाला यह सड़क मार्ग बदइंतजामी का क्यों शिकार है? इस पर केंद्र सरकार को कहीं न कहीं जवाब-तलबी इन अधिकारियों और कंपनी के लोगों की करनी चाहिए, ताकि लोगों को इस बात का पता चल पाए कि आखिर माजरा क्या है, क्योंकि लापरवाही की अब इंतहा हो चुकी है। उनका कहना है कि लोग सांस की बीमारियों का शिकार भी हो रहे हैं। वातावरण में धूल ही धूल छाई रहती है। उन्हें मांग की कि बिगड़े हुए यह हालात काबू में ले जाएं।

## कोल्हू सिद्ध में तारकोल मिक्सचर प्लांट से उठते धुएं से घुट रहा दम

**टौणी देवी।** राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में लगी कंपनी द्वारा कोल्हू सिद्ध में लगाएं गए तारकोल मिक्सचर प्लांट से लगातार उठ रहे धुंए से साथ लगते झनिककर, बारी व अन्य आधा दर्जन गांव प्रभावित हो रहे हैं। मगर कंपनी ने इसके समाधान का कोई उचित उपाय नहीं किया है। इसके साथ ही डंपिंग साइट में लाखों टन मलवा आने वाले समय मे लोगों की सैकड़ों कनाल मल्कीयत भूमि को बंजर बना देंगे। एनएच पीड़ित एवं पर्वाभित मंच इस पर कड़ा संज्ञान ले रहा है शीघ्र ही कंपनी की शिकायत केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से करेंगे।



कोल्हू सिद्ध में तारकोल मिक्सचर प्लांट में उठता धुआं।

# धनासी मंदिर में शिव-पार्वती की मूर्ति स्थापित की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर जिला के अंतर्गत आने वाले धनासी गांव में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राकेश चंद्र द्वारा लाखों रुपए की लागत से शिव मंदिर का निर्माण करवाया गया है। यही नहीं मंदिर के साथ लगते नाले में वाटर पार्क और लोहे की पुलिया का निर्माण भी करवाया, जिसका उद्घाटन निर्मला ठाकुर ने किया। मंदिर में आज शिव-पार्वती की मूर्ति भी स्थापित की गई है। इस दौरान मंदिर में हवन-यज्ञ भी किया गया। जिसमें ग्रामीणों सहित राकेश कुमार ने अपने परिजनों के साथ पूर्ण आहूति डाली। मंदिर परिसर में भगवती मां का जागरण भी किया गया। इस मौके पर स्थानीय महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन किया।





धनासी मंदिर में स्थापित की गई शिव-पार्वती की मूर्ति तथा परिसर में घूमते श्रद्धालु।

# भरेड़ी में वॉलीबाल खेल छात्रावास की भूमि का विधायक सुरेश ने किया निरीक्षण



खेल छात्रावास निर्माण के लिए भूमि का निरीक्षण करते हुए विधायक सुरेश कुमार व अन्य।

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

भरेड़ी में खिलाड़ियों की सुविधा के लिए बनेगा वॉलीबाल खेल का मैदान इसके लिए भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने सोमवार को स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों व खेल प्रेमियों के साथ भूमि का निरीक्षण किया, क्योंकि प्रदेश सरकार से स्थानीय लोगों की मांग पर आचार संहिता से पहले खेल छात्रावास खोलने की अधिसूचना जारी कर दी है।

### भूमि की निशानदेही के बाद होगा खेल छात्रावास का निर्माण कार्य शुरू

वरिष्ठ नागरिकों ने विधायक का भरेड़ी में पहुंचने पर स्वागत किया। उसके उपरांत राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी के पुराने भवन की भूमि का निरीक्षण किया गया। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों ने खेल छात्रावास के लिए इस भूमि को सबसे उपयुक्त बताया तथा इस भूमि को अंतिम रूप दिया गया। पिछले 25 से 30 सालों से चली आ रही खेल छात्रावास बनाने की मांग पूरी हुई है। इस दौरान भोरंज ब्लॉक समिति के चेयरमैन राजेंद्र सिंह गारला, डॉ. दीप चंद, विद्यासागर शर्मा, विधि चंद कौशल, रमेश कौशल आदि मौजूद रहे।

# गाड़ियों में एलईडी और फ्लैश लाइट्स लगाने वालों पर पुलिस कसेगी शिकंजा

## निजी बसों में बज रहे तेज ऑडियो सिस्टम के भी होंगे चालान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



जिला हमीरपुर में अब उन वाहन चालकों पर कार्रवाई होगी, जो निजी गाड़ियों में एलईडी, लेजर और फ्लैश लाइट्स लगाकर चल रहे हैं। हमीरपुर पुलिस की ओर मोटर वाहन अधिनियम के तहत केस और जुर्माना किया जाएगा।

पुलिस ने हमीरपुर में यातायात नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। हाल ही में हाईकोर्ट ने पुलिस महानिदेशक व यातायात निदेशक को मोटर वाहन अधिनियम व इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए थे। ऐसे में अब हमीरपुर में अभियान के तहत पुलिस कार्रवाई शुरू करेगी। यही नहीं हमीरपुर शहर में चलने वाली बसों में तेज आवाज में चल रहे ऑडियो सिस्टम के भी चालान काटे जाएंगे और साथ में भी बसों को ओवरस्पीड चलने पर भी पुलिस शिकंजा कसेगी।

> माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन किया जाएगा। यातायात नियमों की पालना करवाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को सूचित कर दिया है। यातायात नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं को कम करने के लिए हमीरपुर पुलिस अब सख्त कदम उठाएगी।
> -राजेश कुमार, एएसपी

# सिंगापुर से विजिट कर लौटे प्रदेश के 102 अध्यापक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

जिला हमीरपुर से मंजरी महाजन प्रिंसिपल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भलेठ ने बताया कि इस विजिट में अध्यापकों ने सिंगापुर के कुछ स्कूलों का दौरा किया व वहां किस तकनीक से पढ़ाई करवाई जा रही है यह सब देखा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सिंगापुर जैसे विकसित देश की शिक्षा प्रणाली, उत्कृष्टता के मानकों व शिक्षा में अपनाए जा रहे नवाचार और तरीकों को जानना है।

मंजरी महाजन ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान सिंगापुर में प्रिंसिपल अकादमी में शिक्षकों के लिए सेमिनार आयोजित किया गया था। वहां हुए इंटरएक्टिव सत्र में प्रभावी जुड़ाव व विकास की रणनीतियों पर चर्चा की गई। इसकी मेजबानी ली यंग ने की जो प्रिंसिपल अकादमी में सिंगापुर के एक वरिष्ठ शैक्षणिक सलाहकार है। मंजरी महाजन के अनुसार इस इंटरनेशनल विजिट के दौरान उत्कृष्ट अनुभव व विशेष ज्ञान का लाभ हुआ, जिसका लाभ स्कूली छात्र भी उठा पाएंगे, पूरे कार्यक्रम को मुख्यतः तीन भागों में विभाजित किया गया था। प्रथम दो दिनों में सभी शिक्षकों को सिंगापुर के विभिन्न पर्यटक स्थलों का भ्रमण करवाया और विभिन्न विषयों पर अध्ययन किया। मंजरी महाजन ने हिमाचल प्रदेश सरकार व सिंगापुर सरकार का आभार जताया।



**जीर्णोद्धार** टाउन हॉल की खोखा मार्केट को जल्द मिलेगी सार्वजनिक शौचालय की सुविधा

# नए लुक में नजर आएंगे हमीरपुर शहर के सार्वजनिक शौचालय

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर शहर के लोगों को जल्द ही टाउन हाल हमीरपुर में नए सार्वजनिक शौचालय की सुविधा मिलेगी। नए शौचालय का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है, ताकि शहर के लोगों को सार्वजनिक शौचालय की सुविधा जल्द से जल्द मिल सके, क्योंकि टाउन हाल के सामने वाले सार्वजनिक शौचालय को बंद कर दिया गया है।

इस शौचालय की गंदगी साथ लगते घरों तक पहुंच रही थी और स्थानीय लोग भी इसे बंद करने की लंबे समय से मांग कर रहे थे। इसके चलते ही उक्त शौचालय को बंद किया गया है। ऐसे में साथ लगती खोखा मार्केट के दुकानदारों को टाउन हाल के अंदर वाले शौचालय का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। इसी को देखते हुए नगर परिषद हमीरपुर ने टाउन हाल के बाहर बनाई वर्षा शालिका के साथ ही नए सार्वजनिक शौचालय बनाने का कदम उठाया है, ताकि खोखा मार्केट के दुकानदारों और शहर से गुजरने वाले लोगों को शौचालय के लिए टाउन हाल के अंदर बने शौचालयों का इस्तेमाल न करना पड़े। नगर परिषद टाउन हाल की सुरक्षा दीवार को तोड़कर नए शौचालयों को सड़क के साथ बना रहा है, ताकि लोगों को बेहतर शौचालय मुहैया करवाया जा सके। यही नहीं मृदुल चौक के साथ लगते सार्वजनिक शौचालय का भी जीर्णोद्धार किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)





शहर हमीरपुर शहर में सार्वजनिक शौचालय एसपीरेशन लुक में तब्दील।

### अधिकतर शौचालयों की हालत खस्ता

**नगर** परिषद हमीरपुर शहर के सभी सार्वजनिक शौचालयों को एसपीरेशन लुक में तब्दील कर रही है, ताकि लोगों को शौचालयों में जाने के लिए किसी तरह की असुविधा न झेलनी पड़े, क्योंकि शहर के अधिकतर सार्वजनिक शौचालयों की हालत काफी खस्ता थी। लोग इनमें जाने से भी कतराते थे। नगर परिषद शौचालयों के जीर्णोद्धार व नए शौचालयों पर करीब 82 लाख रुपए की राशि खर्च कर रही है।



हमीरपुर शहर के टाउन हॉल की सुरक्षा दीवार के साथ खोखा मार्केट के लिए बन रहा शौचालय।



मां चतुर्भुजा का दरबार।

# पांडवों ने वनवास काल के दौरान निर्मित किया था मां चतुर्भुजा का मंदिर

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

मंडी जिला के जोगिंद्रनगर उपमंडल मुख्यालय से लगभग 22 किलोमीटर की दूरी पर सिकंदर धार की ऊंची चोटी पर मां चतुर्भुजा का पवित्र स्थान मौजूद है। इस मंदिर के प्रति लोगों की गहरी आस्था है तथा प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु मां के दर्शनार्थ इस पवित्र स्थान पर पहुंचते हैं। निसंतान दंपति मां के दरबार में हाजरी लगाकर नवरात्रों में संतान प्राप्ति को निसंतान स्त्रियां मौन जागरण करती हैं। साथ ही जिन भक्तों की आंखों की रोशनी चली जाती है वे मां से आंखों की रोशनी की मन्नत मांगते हुए मां को चांदी की आंखें चढ़ाते हैं।

कहते हैं कि जोगिंद्रनगर की सुरम्य सिकंदर धार की लगभग 6 हजार फुट ऊंची चोटी पर पांडवों ने वनवास काल के समय इस मंदिर का निर्माण किया था। पांडव वनवास के समय जब इस स्थान से गुजर रहे थे तो मां शेरांवाली ने उन्हें इस खूबसूरत चोटी पर दर्शन दिए थे। मां ने पांडवों से सर्व कल्याण के लिए इस स्थान पर मंदिर निर्माण करने को कहा तथा पांडवों ने पिंडी रूप में यहां माता की स्थापना की। (अनंत ज्ञान)

## वर्ष 1905 के भूकंप में ध्वस्त हो गया था मंदिर

**वर्ष** 1905 को कांगड़ा घाटी में आए भूकंप के दौरान यह मंदिर ध्वस्त हो गया था तथा मंदिर का केवल गर्भगृह ही बचा था। सन 1948 को मंडी रियासत के राजा जोगिन्द्रसेन ने पुनः इस मंदिर का निर्माण करवाया था। वर्तमान में इस मंदिर में मां चतुर्भुजा की भव्य मूर्ति विराजमान है।

## श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का हुआ विकास

**मंदिर** विकास एवं श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं विकसित करने को लेकर वर्ष 1982 में क्षेत्रवासियों ने माता चतुर्भुजा सुधार कमेटी का गठन किया। इस कमेटी के माध्यम से मंदिर विकास के विभिन्न कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। वर्तमान में मंदिर परिसर में जहां श्रद्धालुओं के लिए जागरण इत्यादि के लिए एक बड़ा हॉल निर्मित किया गया है, वहीं ठहरने की भी उचित व्यवस्था मौजूद है। लंगर के लिए एक बड़े लंगर हॉल का निर्माण किया गया है।



गर्भगृह में पिंडी रूप में विराजमान मां चतुर्भुजा।

## नाग पंचमी को देवताओं-डायनों के युद्ध का बताया जाता है परिणाम

**मां** चतुर्भुजा के दरबार में प्रति वर्ष तीन मेलों का आयोजन किया जाता है, जिनमें पहला मेला बैसाखी को लगता है, दूसरा नाग पंचमी को तथा तीसरा मेला लोहड़ी के अवसर आयोजित होता है। नाग पंचमी को आयोजित होने वाले मेले का अपना ही एक महत्व है। इस दिन मां चतुर्भुजा पुजारी के माध्यम से पूछ के द्वारा पधर के घोघर धार में पुरातन समय से ही होने वाले देवताओं व डायनों के युद्ध का परिणाम बताती है।

## कैसे पहुंचें मां चतुर्भुजा के दरबार

**मां** चतुर्भुजा का यह पवित्र स्थान उपमंडल मुख्यालय से लगभग 22 किलोमीटर दूर सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ है। जोगिंदरनगर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालु बस व रेल के माध्यम से पहुंच सकते हैं। जोगिंदरनगर से पठानकोट, चंडीगढ़, दिल्ली, लुधियाना, अमृतसर इत्यादि स्थानों के लिए सीधी बस सेवा उपलब्ध है। साथ ही रेल के माध्यम से भी वाया पठानकोट, पालमपुर, बैजनाथ होते हुए यहां पहुंचा जा सकता है। सबसे नजदीकी हवाई अड्डा गग्गल कांगड़ा है। जहां से भक्त सुखद यात्रा कर सकते हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### विधायक राकेश ने देवताओं के समक्ष नवाया शीश



**सुंदरनगर।** राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला-2024 में प्रदेश भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं स्थानीय विधायक राकेश जंवाल ने धर्मप ी मनु जंवाल संग ढोल-नगाड़ों की थाप के साथ देवी-देवताओं के दर्शन किए। इस मौके पर उनके साथ नगर परिषद सुंदरनगर के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा और अन्य पार्षदगण मौजूद रहे। राकेश ने कहा कि प्रदेश सहित सुंदरनगर क्षेत्र की जनता पर हमेशा देवी-देवताओं का आशीर्वाद हमेशा बना रहे।

### संघर्ष समिति की उपसमितियों के चुनाव 25 से

**मंडी।** नौबाही मंदिर बचाओ संघर्ष समिति की उप समितियों के चुनाव 25 अप्रैल से आरंभ हो जाएंगे। एक माह से भी अधिक समय तक चलने वाली इस प्रक्रिया में तीन जिलों मंडी, कुल्लू, हमीरपुर, बिलासपुर के लगभग नौ हजार लोग 27 उपसमितियों के अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। तत्पश्चात नौबाही मंदिर बचाओ संघर्ष समिति का प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव होगा। इसी कड़ी में सुंदरनगर और मंडी के चुनाव 28 अप्रैल को सुंदरनगर, मंडी में होंगे। इसमें संघर्ष समिति के 5 पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। वोटिंग प्रक्रिया सुबह 11 बजे आरंभ होगा और एक बजे पूर्ण होगी।

### पलोहटा में 20 को होगा दंगल का आयोजन

**सुंदरनगर ।** जय लखदाता पांडवी छिंज कमेटी पलोहटा-तमरोह द्वारा शनिवार 20 अप्रैल को हर वर्ष की भांति दंगल का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए कमेटी के प्रधान हेमप्रभ चंदेल ने बताया छिंज में इस दफा पहली बार वरिष्ठ वर्ग के साथ-साथ कनिष्ठ वर्ग के मुकाबले भी आयोजित किये जाएंगे। जिसमें छोटी माली के लिए होने वाले मुकाबलों में 19 अप्रैल 2003 या इसके बाद जन्में जो हिमाचल से संबंध रखते हो भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया वरिष्ठ वर्ग की छिंज में हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, जम्मू, चंडीगढ़ व दिल्ली के नामी पहलवान शिरकत करेंगे। छिंज में इस बार करीब 7 लाख रुपएके इनाम बांटे जाएंगे।

### रंगोली में महिला मंडल पत्योंण प्रथम



**पधर ।** जिला स्तरीय किसान मेला पधर के अवसर पर महिला मंडलों के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम महिला मंडल पत्योंण द्वितीय पुंदल-1, तृतीय स्थान पर महिला मंडल बडवाहन रहा। मेला समिति अध्यक्ष एवं एसडीएम सुरजीत सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय किसान मेले के दौरान महिला मंडलों के लिए विभिन्न खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा है।

### अकादमी में 66 खिलाड़ियों ने दिया ट्रायल



**पधर ।** नेशनल वॉलीबाल अकादमी पधर में प्रशिक्षण में चयन हेतु विभिन्न आयु वर्ग में 66 खिलाड़ियों ने डीपीई भूपेंद्र, मान सिंह, राकेश तथा पीईटी मनी राम, मनीष व राकेश वर्मा की देखरेख में मानकों के अनुसार खिलाड़ियों की जांच परख की गई। इस ट्रायल में अकादमी के अध्यक्ष मनोज कुमार सहित, भूप सिंह, चुनी लाल, जितेंद्र कुमार, सुनील डोगरा व किरण चौहान मौजूद रहे। अकादमी के अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि चयन प्रक्रिया पूर्ण करने पश्चात अकादमी का विधिवत उद्घाटन किया जाएगा।

### पड्डल मैदान को साफ करने की कवायद शुरू



**मंडी ।** महाशिवरात्रि महोत्सव की समाप्ती के पश्चात पड्डल मैदान की हालत बहुत खस्ता हो जाती है जिसके कारण मैदान खाली होने के बाद भी खिलाड़ियों को कई दिनों तक मैदान से दूर रहना पड़ता है। नगर निगम द्वारा पड्डल मैदान की सफाई का जिम्मा 15 तारीख तक का था जिसका निर्वहन करते हुए पड्डल मैदान की सफाई कर दी गई है। वहीं अब प्रशासन द्वारा आगे की सफाई का जिम्मा खेल विभाग को सौंप दिया गया है। वहीं सफाई का जिम्मा खेल विभाग द्वारा ग्रामीण महिलाओं को दिया गया है जिसमें करीब 20 महिलाएं मैदान को साफ करने में जुट गई हैं।

### राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेले में भव्यता से हुआ 'देवनाद' आयोजित

# वाद्ययंत्रों की धुनों से गूंजी सुकेत रियासत

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

रियासत के कौने-कौने से आए देवताओं के समक्ष होनहार बजंतरियों ने ढोल की थाप, पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मनमोहक धुनों से सुकेत रियासत को गुंजायमान कर दिया।

राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला में सैकड़ों बजंतरियों ने एक साथ वाद्ययंत्रों की धुन पर नृत्य कर सबको मोह लिया। नन्हें बजंतरियों ने भी एक साथ थाप और ताल को लयबद्ध कर दिया।

बता दें कि सोमवार को देवनाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मेले में शिरकत कर रहे लगभग 65 देवी-देवताओं के बजंतरियों द्वारा सामूहिक देव वाद्य यंत्र का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर ढोल, नगाड़ों व करनाल की धुनों ने सबको मोहित कर दिया। कार्यक्रम में तहसीलदार अंकित शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस मौके पर डीएसपी भारत भूषण व एसएचओ पुलिस थाना सुंदरनगर नानक चंद भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्यातिथि व अन्य गणमान्य लोगों को सुकेत सर्व देवता कमेटी के प्रधान अभिषेक सोनी ने सम्मानित और स्वागत किया।



देवनाद में वाद्ययंत्रों की धुनों पर नाचते बजंतरी।

## देवभूमि में लोगों का देवताओं के प्रति अटूट विश्वास : अंकुश

**मुख्य** अतिथि अंकुश शर्मा ने प्रतियोगिता के आयोजन की सराहना की तथा कहा कि इससे हमारी देव संस्कृति को संरक्षण मिलता है तथा इसकी पहचान कायम रहती है। उन्होंने कहा कि देव भूमि में लोगों का देवी-देवताओं के प्रति अटूट विश्वास है तथा लोग अपने दुःख तथा सुख में उन्हें अपना साथी मानते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को देव संस्कृति के संरक्षण के लिए कार्य करते रहने का आह्वान किया।



सैकड़ों बजंतरियों की लयबद्ध थाप और ताल बनी आकर्षण का केंद्र।



वाद्ययंत्र बजाते हुए बजंतरी।

# बीएससी बैच के प्रैक्टिकल पांच साल बाद भी नहीं हुए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

इग्नू के मार्फत डिग्री लेने का सपना संजोए लगभग 15 छात्र पांच सालों से प्रैक्टिकल परीक्षा न लेने के कारण अधर में लटके हुए हैं। बता दें कि इग्नू के मंडी स्थित अध्ययन केंद्र में इन बच्चों ने बीएससी जनरल में 2019 के बैच में प्रवेश लिया। इसी बीच कोरोना के कारण प्रथम वर्ष में इन्हें प्रमोटिड कर दिया गया। दूसरे वर्ष पेपर कोरोना के कारण देरी से हुए। तीसरे वर्ष के पेपर दिसंबर 2022 में पूरे हो गए, लेकिन 2022 में द्वितीय वर्ष के प्रैक्टिकल के समय बताया गया कि प्रथम वर्ष के प्रैक्टिकल भी होंगे। यह भी बताया गया कि उन्हें सिर्फ थ्योरी में प्रमोट किया गया है।

यह सुनकर बच्चे परेशान हुए लेकिन प्रैक्टिकल के लिए हामी भरी परंतु उन्हें मंडी केंद्र से प्रैक्टिकल की डेट नहीं मिली, कुछ ने हमीरपुर जाकर अगस्त सितम्बर 23 में प्रथम वर्ष के प्रैक्टिकल दिए। अधिकतर हमीरपुर नहीं जा पाए क्योंकि 25 से 30000 तक का रहने ठहरने खाने पीने व अन्य खर्च का जुगाड़ नहीं कर पाए, कुछ बच्चे अन्य संस्थानों से लंबी छुट्टी न मिलने के कारण भी नहीं जा पाए। अब ये बच्चे प्रैक्टिकल के लिए कभी अध्ययन केंद्र मंडी तो कभी क्षेत्रीय केंद्र शिमला के चक्कर काट रहे हैं । उन्हें दिलासे के सिवा अभी तक कुछ नहीं मिला। अब तो उन्हें यह भी कहा जा रहा हैं कि प्रत्येक प्रैक्टिकल के लिए अलग-अलग जगह जाना पड़ेगा।

इग्नू का मतलब ही बच्चों को सुविधा देने से है ताकि दूसरे कार्यों के साथ बच्चे पढ़ाई कर सके लेकिन इग्नू 2019 का यह बैच मझधार में किनारा ढूंढ रहा है। दूसरी ओर कॉलेज के रेगुलर क्लास वाले विद्यार्थियों को फर्स्ट व सेकंड ईयर वालों को प्रमोट कर दिया गया। आज तक इन बच्चों के फाइनल ईयर के प्रैक्टिकल भी नहीं हुए हैं। इसके चलते उन्होंने दो साल को बचाने के लिए एक महीने के भीतर प्रेक्टिकल लेकर या किसी अन्य प्रकार से उनका फाइनल परीक्षा परिणाम देने की गुहार लगाई है।

## शीघ्र ही उचित कार्रवाई की जाएगी : राजकुमार

इग्नू अध्ययन केंद्र मंडी के समन्वयक राजकुमार व क्षेत्रीय निदेशक शिमला जोगेंद्र कुमार ने बताया कि मामला उनके ध्यान में है, संख्या कम होने से हर केंद्र पर प्रैक्टिकल करवाना संभव नहीं है। शीघ्र ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

# मंडी में आधुनिक बॉम्बे ड्राईक्लीनर शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी के गुटकर में आधुनिक तकनीकी उपकरणों से लैस बॉम्बे ड्राईक्लीनर का सुभारंभ नामधारी संगत के सूबाजी ने किया। यह जानकारी मुंबई ड्राईक्लीनर के चेयरमैन भगवंत सिंह व एमडी विनीत बहल ने दी।

उन्होंने बताया कि मंडी के लोगों को अपने वस्त्र की बेहतर ड्राईक्लीनर करवाने के लिए अब चंडीगढ़ नहीं जाना पड़ेगा। मंडी के लोगों को यह सुविधा गुटकर स्थित आरजे हवेली में रविवार से शुरू हो गई है। बॉम्बे ड्राईक्लीनर का शुभारंभ नामधारी संगत के सूबाजी ने किया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब की अरदास के साथ ही माताजी के द्वारा रिबन काट कर बॉम्बे ड्राईक्लीनर का कार्य शुरू हो गया। लोगों की सुविधा के लिए नगर निगम के सभी वार्ड में 12 कलेक्शन सेंटर खोले गए हैं।

इन कलेक्शन सेंटर में शहर का कोई भी उपभोक्ता वस्त्रों को ड्राईक्लीन करवाने के लिए दे सकता है। पहली मर्तबा मंडी में केमिकल फ्री ड्राईक्लीन सुविधा प्रदान की जा रही है। केमिकल फ्री ड्राईक्लीन होने से कपड़े की उम्र 50 से 100 फीसदी बढ़ जाती है। बाजार से कम दर पर वस्त्र ड्राईक्लीन किए जाएंगे तथा उसमें भी 20 से 30 फीसदी छूट दी जाएगी।



गुटकर में बॉम्बे ड्राईक्लीनर के शुभारंभ अवसर पर अरदास करते हुए।

# शाही जलेब के साथ जिला स्तरीय किसान मेला शुरू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

हिमाचल दिवस के उपलक्ष्य पर मनाया जाने वाला जिला स्तरीय किसान मेला पधर सोमवार को शुरू हुआ। मेला का शुभारंभ एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ठाकुर और उनकी धर्म पत्नी मीनाक्षी ठाकुर ने देवताओं की पूजा अर्चना कर किया। किसान मेले में जल शक्ति विभाग पधर के रेस्ट हाउस डलाह से देव सूत्रधारी ब्रह्मा की अगुआई में देवताओं के द्वारा भव्य जलेब का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने हिमाचल दिवस पर झंडा फहराया। तहसीलदार पधर पूर्ण चंद कौंडल ने मुख्यातिथि सुरजीत सिंह और मीनाक्षी ठाकुर का स्वागत किया।



किसान मेला के शुभारंभ की झलकियां।

# ठेकेदार रांझा राम राव वेलफेयर सोसायटी का हुआ गठन



सोसायटी के गठन के दौरान सामूहिक चित्र में सदस्य।

**सरकाघाट ।** पूर्व कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रंगीला राम राव के परिवार की युवा पीढ़ी अब समाज सेवा क्षेत्र में उतरने वाली है इसके लिए बाकायदा उनके पैतृक निवास गोपालपुर में सोमवार को राव के स्वर्गीय पिता और प्रसिद्ध समाज सुधारक ठेकेदार स्वर्गीय रांझा राम राव एनजीओ का गठन किया गया।

ठेकेदार रांझा राम राव वेलफेयर सोसायटी का गठन कौला देवी से विधिवत तरीके से आरंभ करवाया गया। डॉक्टर राहुल राव ने कहा कि यह सोसायटी हर तरह के वर्ग के लिए मदद करेगी।

# लोकसभा की चारों सीटें जीतेगी कांग्रेस : ब्रह्मदास



कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष का स्वागत करते हुए ब्रह्मदास चौहान।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस लोकसभा की चारों सीटों पर जीतेगी। मुख्यमंत्री ने दो कार्यकारी अध्यक्ष बनाने पर संगठन की मजबूती प्रदान की है।

धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक चंद्रशेखर ठाकुर और अर्की विधानसभा क्षेत्र के विधायक व सीपीएस संजय अवस्थी को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। मंडी के लिए प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रशेखर एक जुझारू नेता के साथ दूरदर्शी भी है।

# मां और बेटा दोनों एक जैसे, मुंह पर लगाम लगाए विक्रमादित्य : इंद्र सिंह

**मंडी।** बल्ह विधायक इंद्र सिंह गांधी ने मंडी संसदीय सीट से सांसद प्रतिभा सिंह व उनके बेटे मंडी लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह पर निशाना साधा है। दोनों नेताओं से सवाल करते हुए गांधी ने कहा कि दोनों बताए कि प्रदेश व मंडी लोकसभा में क्या विकास कार्य करवाए हैं। इंद्र सिंह गांधी ने कहा कि मां-बेटा एक जैसे हैं और विक्रमादित्य सिंह पहले अपने मुंह पर लगाम लगाए।



वहीं उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रतिभा सिंह विक्रमादित्य सिंह ने हमेशा बल्ह विधानसभा क्षेत्र के साथ पक्षपात किया है। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी ने मंडी संसदीय सीट से जब से बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत को अपना प्रत्याशी बनाया है उसके बाद से प्रदेश में राजनीतिक माहौल पूरी तरह से गरमाया हुआ है। रविवार को जहां वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर ने भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत व भाजपा को घेरा था।

# भंगरोटू में पहाड़ी गानों पर झूमे श्रोता




मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए आयोजक।

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

जय लखदाता कुश्ती आयोजन समिति भंगरोटू की दूसरी एवं अंतिम सांस्कृतिक संध्या में हिमाचली गायक काकू राम ठाकुर ने पहाड़ी एवं पंजाबी गानों के मिश्रण पर श्रोताओं ने खूब डांस किया।

इस मौके पर नेरचौक के प्रमुख कांट्रैक्टर एवं व्यवसायी छोटू ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम में शिरकत की। इसके अलावा इस सांस्कृतिक संध्या में आयोजक समिति के अध्यक्ष फिरोज खान सहित सचिव संजय चौधरी, रमेश मारवाड़, रमेश आर्य, मनीराम सहित अन्य उपस्थित रहे।

फिरोज खान ने इस मौके पर सर्वप्रथम मुख्यातिथि को शॉल, टोपी पहनाकर एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

**त्यौहार** पांगणा में लाहौल मेले का हुआ समापन, कई पंचायतों के लोगों ने लिया भाग

# लाहौल पर्व को मनाते हैं छोटी लड़कियां व लड़के

**पीयूष शर्मा, करसोग**

हिमाचल प्रदेश की ऐतिहासिक नगरी पांगणा-सुकेत में एक महीने तक आयोजित लाहौला पर्व का भुट्टा सौह मेले के साथ समापन हो गया। इस मेले में पांगणा-चुराग, सुई-कुफरीधार, कलाशन, मशोग, बही-सरही, जाच्छ कांढा सहित अनेक पंचायतों ने भाग लिया।

लाहौल एक ऐसा पर्व है जिसे छोटी-छोटी लड़कियों के साथ छोटे-छोटे लड़के भी मनाते है। चैत्र मास की संक्रांति को सुकेत अधिष्ठात्री राजराजेश्वरी महामाया पांगणा के मंदिर में वास्तु के रूप में एक सुपारी को शुभ मुहूर्त में स्थापित किया जाता है, फिर इसे फूल अर्पित किए जाते है।



निरंतर एक माह तक लड़कियां सूर्योदय से पूर्व घर-घर जाकर लाहौल गीत गाते हुए फूल इकट्ठे कर लहौला को अर्पित करती है। लाहौल विसर्जन से एक सप्ताह पूर्व मिट्टी की शिव पार्वती की मूर्तिया बनाकर उन्हें सुखाकर विभिन्न रंगों से सजाती है। लाहौल विसर्जन से एक दिन पूर्व धार्मिक रीति-रिवाज से शिव पार्वती का विवाह करती है।

इसी दिन चुराग पंचायत के अंतर्गत फरास गांव में स्थित देव थला जी की रथयात्रा लाहौल मेले मे शामिल होने के लिए पांगणा पहुंचती है। अगले दिन सुई-कुफरी धार पंचायत की महामाया बलेश्वरी की रथ यात्रा पांगणा पहुंचती है।

वहीं दोपहर बाद लगभग दो बजे महामाया पांगणा और महामाया छण्डयारा की रथयात्रा जब पार्वती कुंड के ऊपर पहुंचती है तो 'होफरा' वाद्य धुन बजते ही नाथ संप्रदाय का व्यक्ति शिव पार्वती के फूलों से ढके टोकरी को सिर पर उठाकर कुंड में छलांग लगाकर इन्हें विसर्जित कर देता हैं। लाहौल विसर्जन के बाद देव रथ यात्रा मेला स्थल भुट्टा सौह पहुंचती है, जहां लाहौल के सम्मान में सायंकाल लाहौल मेले का आयोजन होता है। (अनंत ज्ञान)

## लुप्त होती संस्कृति का उद्धार करने की जरूरत

**वहीं** अध्यक्ष डॉक्टर हिमेंद्र बाली, डॉक्टर जगदीश शर्मा, खेमराज शर्मा, जीवानंद शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, रविन्द्र गुप्ता और जगदीश शर्मा ने कहा कि श्रद्धा की कमी से पांगणा-सुकेत की संस्कृति नष्ट होती जा रही है। लुप्त होती समृद्ध संस्कृति का उद्धार करना चाहिए। इसके लिए लोगों को आगे आने की जरूरत है।

# गौशाला के 25 मीटर दायरे में सफाई रखना जरूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

शहर में सेरी मंच के समीप अग्निशमन केंद्र के मंडी इकाई के जवानों और अधिकारियों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अग्निशमन केंद्र मंडी इकाई के अधिकारी ठाकुर दास ने बताया कि अग्निशमन सेवा सप्ताह 14 अप्रैल, 1944 को बॉम्बे के डैकयार्ड में रसायन से भरे जहाज में भारी विस्फोट हुआ जिसकी चपेट में 13 अन्य समुद्री जहाज आ गए, आग पर नियंत्रण पाने के लिए बॉम्बे अग्निशमन केंद्र के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा काबू पाने के लिए भाग लिया गया जिसमें 66 अधिकारी और जवान वीरगति को प्राप्त हुए। उसके पश्चात हर वर्ष 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जाता है और इस दौरान शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए लोगों को जागरूक किया जाता है।

इस दौरान उन्होंने लोगों को आग लगने के कारणों से अवगत करवाकर जागरूक किया। गौशाला के 25 मीटर के दायरे में साफ-सफाई रखना जरूरी होता है जिससे आग लगने का खतरा कम हो जाता है। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील की है कि आग लगने पर उस पर तुरंत काबू पाने का प्रयास किया जाना चाहिए और खतरा बढ़ने पर अग्निशमन केंद्र को तुरंत जानकारी देनी चाहिए।



मंडी के सेरी मंच के समीप अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम।

## न्यूज ब्रीफ

### केवी सलोह में दाखिले के लिए आवेदन 25 तक

**ऊना।** केंद्रीय विद्यालय सलोह मे पहली से पांचवीं कक्षा तक दो सेक्शन की अनुमति मिल चुकी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्यालय की प्रचार्या नीलम गुलेरिया ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 से हर कक्षा के प्रति सेक्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार 32 विद्यार्थी होंगे। उन्होंने बताया कि केवी सलोह में कक्षा एक में 64, दो में 27, तीन में 24, कक्षा चार में 19 और पांचवीं में 20 रिक्तियां हैं। प्रचार्या ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए केंद्रीय व प्रांतीय सरकार के विभागों व उपक्रमों मे कार्यरत कर्मचारियों के बच्चों को वरीयता दी जाती है। इसके अलावा विद्यालय मे प्रवेश शुल्क मात्र 25 रुपए व तिमाही शुल्क कक्षा पहली और दूसरी के लिए 1500 रुपए, तीसरी से आठवीं तक 1800 रुपऐ है। केवी सलोह में कक्षा ग्यारवीं (विज्ञान व वाणिज्य संकाय) मे 32 रिक्तियां हैं। अभिभावक कक्षा दो से पांच व ग्यारह (विज्ञान व वाणिज्य संकाय) में उपरोक्त रिक्तियों के लिए अपने बच्चों का पंजीकरण 25 अप्रैल तक विद्यालय कार्यालय मे सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक करवा सकतेहैं।

### कमलापति मंदिर में धार्मिक समागम 25 मई से



जसवाल देहरियां समिति के सदस्य आयोजन को लेकर विचार-विमर्श करते हुए।

**ऊना।** दी देहरियां जसवाल परिवार कमेटी की बैठक का आयोजन कुल देवी माता मंदिर राजपुर जस्वां में हुआ। बैठक में मुख्य सलाहकार तरसेम सिंह जसवाल, प्रधान मस्तान सिंह जसवाल, मुख्य सचिव रमेश जसवाल, जरनैल सिंह जसवाल, पुजारी नीलम जसवाल आदि ने भाग लिया। बैठक में धार्मिक समागम का कार्यक्रम फाइनल किया गया। प्रतिनिधियों ने बताया कि 17 अप्रैल को कुलजा माता कमलापति मंदिर राजपुर जस्वां में हवन में आहुति डालने व झंडे की रस्म अदा करने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 25 और 26 मई को दो दिवसीय धार्मिक समागम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 25 मई को सुबह 11 बजे कुल देवी का श्रृंगार होगा व माता का जागरण रात 9 बजे होगा। शाम 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक भंडारा होगा। 26 मई को सुबह साढ़े 7 से 9 बजे तक हवन होगा। उसके बाद झंडे की रस्म होगी। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

### अंबेडकर जयंती पर समारोह आयोजित



डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती मनाते हुए सभा के सदस्य व स्थानीय लोग।

**दौलतपुर चौक।** गुरु रविदास सभा थड़ा-लड़ोली तथा स्थानीय लोगों द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सभा के प्रधान राकेश कुमार ने कहा कि डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार और आजाद भारत के पहले न्याय मंत्री थे। डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर जो विश्व विख्यात है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन बहुजनों को उनका अधिकार दिलाने में व्यतीत किया। इस मौके पर बसपा पूर्व प्रत्याशी रणजीत सिंह, प्रकाश चंद, धर्मपाल कतनौरिया, बलवंत, गुरु रविदास बलवंत सिंह, रवि, नरिंद्र, कालू, पंकू तथा कई गणमान्य उपस्थित थे।

# स्क्रैप इंडस्ट्री में भीषण आग

## 15 घंटे के बाद भी नहीं पाया गया काबू, करोड़ों की संपत्ति का नुकसान

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिले में सबसे पुराने औद्योगिक क्षेत्र मैहतपुर की एक स्क्रैप इंडस्ट्री के गोदाम में लगी आग पर पंद्रह घंटों के बाद भी काबू नहीं पाया जा सका है। इसमें करोड़ों के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। फायर ऑफिसर नितिन धीमान और सहायक फायर ऑफिसर सुरेश कुमार के नेतृत्व में छह दमकल वाहन लेकर दर्जनों कर्मचारी आग पर काबू पाने में जुटे हुए हैं। इससे पहले भी इस कवाड़ उद्योग में आग की भयंकर घटना हो चुकी है।



मैहतपुर औद्यौगिक क्षेत्र की स्क्रैप इंडस्ट्री में लगी भीषण आग।

रविवार और सोमवार की मध्यरात्रि को औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक कबाड़ उद्योग में भीषण आग लग गई। अज्ञात कारणों के चलते लगी इस आग के कारण पूरा उद्योग जलकर राख हो गया है। दूर दूर तक आग की लपटें दिखाई दे रही थीं। उद्योग के गोदाम में रखा स्क्रैप भी पूरी तरह स्वाह हो गया। उद्योग में भीषण अग्निकांड मामले की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए।

पूरी तरह आग की चपेट में आ रहे उद्योग परिसर के साथ लगते अन्य परिसरों को सुरक्षित करने के लिए भी दमकल विभाग ने प्रयास शुरू किए। अगर यह प्रयास नहीं होते तो आज पास के उद्योग भी आग की चपेट में आ सकते थे। जिला मुख्यालय से मौके पर भेजे गए फायर टेंडर आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन आग और भी रौद्र रूप धारण करती गई, जिसके चलते साथ लगते औद्योगिक क्षेत्र टाहलीवाल से भी फायर ब्रिगेड के फायर टेंडर्स को मौके पर बुलाना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद भी जब आग कंट्रोल में नहीं आई तो पड़ोसी राज्य पंजाब के दमकल विभाग को भी सूचित किया गया। करीब आधा दर्जन अग्निशमन वाहन तथा दर्जनों कर्मचारी सोमवार शाम तक भी आग पर काबू पाने में लगे हुए थे। जिला के दमकल अधिकारी नितिन धीमान ने बताया कि इस घटना में काफी नुकसान हुआ है, जिसका अनुमान लगाया जा रहा है।

हालांकि अग्निकांड के चलते दोमंजिला इमारत क्षतिग्रस्त हुई है, जिसमें अभी भी गिरे हुए भवन के नीचे आग लगी है। भवन के भीतर लगी आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका। हालांकि इस उद्योग परिसर में प्लास्टिक का कबाड़ भरा गया था जिसके चलते आग भड़कती चली गई।

## चरण छोह गंगा खुरालगढ़ साहिब में धार्मिक समारोह संपन्न



धार्मिक समागम के आयोजक और गणमान्य लोग।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हरोली के बाथड़ी की चरन छोह गंगा खुरालगढ़ में 11 अप्रैल से शुरू हुआ बैसाखी उत्सव संपन्न हो गया। प्रति वर्ष होने वाले इस आयोजन में विभिन्न राज्यों सहित विदेश से भी संगत बड़ी संख्या में पहुंच कर गुरु चरणों में नतमस्तक हुई।

इस आयोजन में महात्मा ज्योतिवा फुले, अमृत धारा प्रकट दिवस व डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मदिवस दिवस को हर्षोल्लास से मनाया गया। इसकी अध्यक्षता ऑल इंडिया आदि धर्म मिशन चेयरमैन बीबी कमलेश कौर ने की। कार्यक्रम में जहां ऑल इंडिया आदि धर्म मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत सतविंद्र हीरा भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

इस कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को अमृतधारा प्रकट व डॉ. भीमराव अंबेडकर का 133वां जन्मदिन मनाया गया। इसमें पंजाब के मिशनरी गायक राज ददराल, बलविंद्र, बिट्टू रानी अरमान, मनदीप मालवा व कीर्तन जत्थों में बाबा बलराज भवानीपुर वाले ने संगत को नाम से जोड़ा।

### अश्लील इशारे करने पर मामला दर्ज

**बंगाणा।** थानाकलां झारखड़ में एक विवाहित महिला ने युवक पर उसे अश्लील इशारे करने का आरोप जड़ा है। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जब घर में अकेली थी तो गांव का युवक अनिरुद्ध अपनी बाइक लेकर उनके घर के सामने खड़ा होकर घूरने लगा और मुझे गंदे-गंदे इशारे भी किए। वह घर के भीतर चली गई। उधर, पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### डेरा अमलेहड़ में नवरात्र पर हो रही विशेष पूजा

**गोंदपुर बनेहड़ा।** नवरात्र होने के कारण डेरा रूद्रानंद आश्रम अच्युतानंद अमलेहड़ में श्रद्धालुओं की काफी चहल-पहल है। नवरात्र के दौरान डेरा में मां दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना की जा रही है तथा सुबह और शाम मां दुर्गा की विशेष आरती भी की जा रही है

## जलग्रां टब्बा सहकारी सभा की कमान यशपाल को

**अनंत ज्ञान, ऊना**

द टब्बा कृषि सेवा सहकारी समिति जलग्रां टब्बा की प्रबंधक कमेटी के 5 वर्षीय चुनाव समिति परिसर में संपन्न हुए। यह जानकारी देते हुए सभा के नवनिर्वाचित प्रधान यशपाल सिंह रायजादा ने बताया कि कुल 7 वार्डों में से समिति के पांच वार्डों में सर्वम्मति से कमेटी सदस्य चुने गए।

वार्ड एक से बालकृष्ण, वार्ड दो से सुनील कुमार, वार्ड 5 से यशपाल सिंह रायजादा, वार्ड 6 से सुरेंद्र कुमार और वार्ड 7 से रामपाल चयनित हुए। दो वार्डों में चुनाव हुए, जिसमें वार्ड नंबर 3 से सचिन रायजादा ने राजेश कुमार हैप्पी को 20 मतों के अंतर से पराजित किया और वार्ड नंबर 4 में गुरु चंदन ने सुरजीत कुमार को 47 वोट के अंतर से पराजित किया। चुनाव अधिकारी महेश कुमार, ब्लॉक इंस्पेक्टर सहायक रजिस्ट्रार ऊना पीठासीन अधिकारी अंकित बाली, सचिव जिला सहकार संघ ऋषभ शर्मा, सचिव वारसड़ा सोसायटी राजेश कुमार, सचिव बड़ेहर सतीश कुमार, रजिस्ट्रेशन अधिकारी राजीव कुमार सचिव टब्बा समिति की देखरेख में चुनाव संपन्न हुए।



नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्य अपने समर्थकों के साथ।

कमेटी सदस्यों के चुनाव के उपरांत प्रबंधक कमेटी की नई कार्यकारिणी का चुनाव कार्यकारी अध्यक्ष रामपाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें यशपाल सिंह रायजादा प्रधान पद पर लगातार दूसरी बार सर्वसम्मति से चुना गया। उपप्रधान पद पर सचिन रायजादा तथा गुरु चंदन जबकि रामपाल और सुरेंद्र कुमार कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। सूबेदार गुरदयाल सिंह द्वारा नई कार्यकारिणी को पद गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

शपथ ग्रहण समारोह में जलग्रां टब्बा पंचायत की प्रधान सुदेश कुमारी, उपप्रधान रछपाल सिंह, पंच पवन कुमार, उमंग ठाकुर, पूर्व पंचायत प्रधान अवतार सिंह काकू, पूर्व समिति प्रधान कैप्टन सुरजीत सिंह, पूर्व सदस्य कैप्टन भीम सिंह, कृष्ण मंदिर कमेटी प्रधान सूबेदार ध्यान सिंह, नायब सूबेदार शमशेर सिंह, हवलदार बलदेव सिंह, पूर्व सभा सचिव जोगिंद्र सिंह, ठाकुर महेश सिंह, राजेंद्र सिंह, चैन सिंह, परमजीत, संजीव कुमार, समीर, शिवकुमार वर्मा, प्रिंस कुमार, डॉ. मनीष सिंह राणा, जंग बहादुर, अश्विनी शर्मा, संतोष सिंह सुखा, सेल्समैन दिनेश कुमार व हरिओम सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### ट्रेन के नीचे आने से युवक की मौत

**ऊना।** कोटला खुर्द गांव में पच्चीस वर्षीय युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। रेलवे पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। युवक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया है। सोमवार को वंदे भारत ट्रेन अभी ऊना से अंदौरा के लिए निकली थी कि दो किलोमीटर दूर ट्रेन के नीचे आने से युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान अरुणिश अटवाल पुत्र मंगल सिंह कोटला खुर्द निवासी के तौर पर हुई है।

### भद्रकाली में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**गोंदपुर बनेहड़ा।** नवरात्र के दौरान अब काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता भद्रकाली के दरबार में माथा टेका। स्थानीय श्रद्धालुओं के अलावा पंजाब से भी यहां पर काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जिस कारण माता भद्रकाली का मंदिर मां की जयकारों से गूंज रहा है।

# मेले में ग्राहक बेशुमार, दुकानदारों का ठप हुआ कारोबार

## घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव के समापन के 6 दिन बाद भी बाहरी व्यापारियों ने नहीं हटाई दुकानें, स्थानीय दुकानदारों में रोष

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव का समापन हुए 6 दिन से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन इस उत्सव में बाहरी व्यापारियों द्वारा लगाई गई अस्थायी दुकानें अभी तक नहीं हटाई गई हैं, जिससे स्थानीय दुकानदारों में भारी रोष है।

इससे जहां स्थानीय दुकानदारों के कारोबार पर असर पड़ रहा है वहीं गांधी चौक से लेकर तहसील परिसर तक जाने वाली इस सड़क पर पूरा दिन जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आम लोगों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

बताते चले कि हर वर्ष घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव 5 से 9 अप्रैल तक आयोजित किया जाता है, जिसमें बाहरी व्यापारी आकर अपनी अस्थायी दुकानें लगाते हैं, लेकिन अक्सर देखा गया है कि ये दुकानदार मेला खत्म होने के बाद भी कई दिनों तक अपनी दुकानें नहीं हटात, जिस कारण हर बार स्थानीय दुकानदारों को नुकसान उठाना पड़ता है। इस बार भी 6 दिन बीत जाने के बावजूद इन दुकानदारों ने अपनी दुकानें मेला स्थल से नहीं हटाई हैं। हालांकि मेला शुरू होने से पहले स्थानीय व्यापार मंडल द्वारा उपमंडलीय अधिकारी को एक ज्ञापन देकर मांग की गई थी कि मेला खत्म होने के बाद तीन से चार दिनों के अंदर में अस्थायी दुकानें हटाई जाएं, ताकि स्थानीय दुकानदारों के कारोबार पर इसका कोई असर न हो, लेकिन इस संबंध में प्रशासन ने भी कोई कार्रवाई नहीं की है।



घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव में लगी दुकानों में खरीददारी को उमड़ी लोगों की भीड़।

व्यापार मंडल पदाधिकारियों का कहना है कि स्थानीय दुकानदार पहले ही ग्रामीण क्षेत्रों में फेरी लगाकर घर-घर सामान बेचने वालों के कारण नुकसान झेल रहे हैं और अब मेले में लगी इन अस्थायी दुकानों से परेशान हैं।

### ...तो व्यापार मंडल खुद कार्रवाई करने उतरेगा

इस बारे व्यापार मंडल, घुमारवीं प्रधान हेमराज संख्यान का कहना है कि व्यापार मंडल द्वारा प्रशासन को मेला शुरू होने से पहले ही अवगत करवा दिया था कि मेला खत्म होने के तीन-चार दिन बाद अस्थायी दुकानों को हटाया जाए, लेकिन अभी तक दुकाने नहीं हटाई गई हैं, जिससे स्थानीय दुकानदारों के कारोबार पर असर पड़ रहा है। उनका कहना है कि अगर सोमवार तक दुकानें नहीं हटाई गई तो व्यापार मंडल खुद कार्रवाई करने उतरेगी, जिसकी सारी जिम्मेदार स्थानीय प्रशासन की होगा।

मेला प्रशासन ने अस्थायी दुकानदारों को 15 अप्रैल तक अपनी दुकानें लगाने की अनुमति दी है, इसके बाद भी अगर इन अस्थायी दुकानदारों द्वारा अपनी दुकाने नहीं हटाई गई तो प्रशासन अपनी कार्रवाई करेगा। - **दीनानाथ, तहसीलदार, घुमारवीं**

# श्री नयना देवी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, सैकड़ों भक्त नतमस्तक

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में सोमवार को सातवें नवरात्र को काफी संख्या में श्रद्धालु दरबार में पहुंचे और माता जी का शुभ आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान दून विधानसभा के विधायक मुख्य संसदीय सचिव रामकुमार चौधरी ने मां का आशीर्वाद लिया। राम कुमार ने कह कि वह माता जी के दरबार में आशीर्वाद लेने आए हैं कि कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत हो और कांग्रेस की सरकार प्रदेश में अपना कार्यकाल पूरा करे। पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली और अन्य प्रदेशों से माता के दरबार में भी श्रद्धालुओं का जमाबड़ा लगा है।

मंदिर अधिकारी विपिन ठाकुर स्वयं मंदिर में तैनात रहे और सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे, क्योंकि गत रात से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दरबार में उमड़ना शुरू हो गई थी। हालांकि पिछले दो दिनों से माता जी के दरबार में मौसम भी काफी सुहावना है, ठंडी तेज हवाएं चल रही हैं, लेकिन श्रद्धालुओं का उत्साह बरकरार है।



श्री नयना देवी के दरबार में मां का आशीर्वाद प्राप्त करने कतार में लगे श्रद्धालु।

विपिन ठाकुर ने बताया कि माता के दरबार में मंदिर न्यास और जिला प्रशासन के द्वारा श्रद्धालुओंकी सुविधा हेतु पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं और उन्हें लाइनों में ही माता जी के दर्शनों के लिए भेजा जा रहा है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। माता जी का दरबार सिर्फ रात के समय 2 घंटे के लिए बंद किया जाता है। रात 12:00 बजे से लेकर 2:00 बजे तक माताजी का दरबार बंद होता है।

### मंदिर में छोटे बच्चों का मुंडन करवाने पहुंच रहे श्रद्धालु

**नवरात्र** के दौरान मंदिर में छोटे बच्चों के मुंडन संस्कार करने की पुरानी परंपरा है। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में बच्चों के मुंडन संस्कार करवाने पहुंच रहे हैं और बाल माता काली माता के चरणों में अर्पित करते हैं, ताकि माता की कृपा उनके बच्चों पर बनी रही। पुजारी सचिन का कहना है कि यह प्राचीन परंपरा है नवरात्रों में इसका विशेष महत्व रहता है।

# अपनी हार सामने देख भाजपा कलाकारों को दे रही टिकट : बंबर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कांग्रेस पार्टी के राज्य महासचिव एवं पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने भाजपा के प्रमुख नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की इस बात को हास्यास्पद बताया है कि कांग्रेस पार्टी को चुनाव लड़ने के लिए कथित प्रत्याशी नहीं मिल रहे है, जबकि सच्चाई यह है कि प्रदेश की सभी चारों सीटों पर 1-2 नहीं बल्कि 10-10 ने चुनाव लड़ने की गंभीरता दिखाई थी। वास्तविकता यह है कि कांग्रेस पार्टी फूंक-फूंक कर कदम रख रही है और देश को तानाशाही से बचाने व संविधान को बदलने से रोकने के लिए बड़े सोच-समझ कर सशक्त उम्मीदवार मैदान में उतार रही है।

जयराम ठाकुर के सोलन में दिये गए वक्तव्य के उत्तर देते हुए बंबर ठाकुर ने कहा कि यदि भाजपा पूर्व मुख्यमंत्री को सत्ता का मोह नहीं है, तो ऐसी क्या आफत आ गई थी कि उनकी कुर्सी जाने के 3 माह के भीतर ही कांग्रेस की सुक्खू सरकार पर आधारहीन हमले करना शुरू कर दिए। अपने राजनीतिक उदेश्यों की पूर्ति के लिए व अपनी हार सामने पाकर बुरी तरह से घबराए हुए भाजपा नेता तानाशाही से सत्ता पर दोबारा कब्जा करने के प्रयास में सिद्धांतों व नैतिक मूल्यों की बलि देने में जरा भी संकोच नहीं कर रहे हैं।



पत्रकारों को संबोधित करते कांग्रेस पार्टी के राज्य महासचिव बंबर ठाकुर, साथ हैं अन्य।

ठाकुर ने कहा की कंगना रनौत का यह आरोप भी आश्चर्यजनक है कि कंगना को चुनाव मैदान में पाकर प्रतिभा सिंह चुनावी मैदान से भाग निकली हैं, जबकि प्रतिभा ने तो पहले ही सार्वनजिक तौर पर स्पष्ट कर दिया था कि इस बार वह चुनाव नहीं लड़ेंगी, किन्तु उन्होंने कंगना को चुनाव मैदान में पाकर ही अपने पुत्र विक्रमादित्य को उसके विरुद्ध चुनाव मैदान में उतारा है कि कंगना पहले उसके बेटे के विरुद्ध चुनाव लड़ कर अपना शौक पूरा कर ले।

बंबर ठाकुर का कहना था कि वास्तविकता तो यह है कि चुनाव लड़ने को तो भाजपा को प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं। इसलिए ढूंढते-ढूंढते मुंबई तक पहुंच रही है और अपने बड़े-बड़े स्थापित नेताओं को पीछे धकेल कर फिल्मों व टीवी के कलाकारों कंगना रनौत, गोबिंदा और कभी किसी अवतार का पार्ट करने वाले अरुण गोविल को टिकट देकर खानापूर्ति कर रहे है।

### सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत, 2 घायल

**बिलासपुर।** जिले के देलग के पास एक कार के हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो घायल हैं। जानकारी के अनुसार सोमवार को कार (नं. एचपी 23बी 8217) में सवार होकर चार लोग गेहड़वीं से मारकंड जा रहे थे कि देलग के पास कार अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे की करीब 50 मीटर नीचे की ओर गिर गई। जिसमें चारों लोगों को चोटें आई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर एक महिला और पुरुष की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सुभाष चंद (57) पुत्र धनी राम व रंजना देवी (55) पत्नी सुभाष चंद गांव जज्जर डाकघर गेहड़वीं ग्राम पंचायत बैरी मियां के रूप में हुई है। घायलों में अंकुश व अंकिता शामिल हैं। थाना बरमाणा में पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन आरंभ कर दी है।

### बॉस्केटबाल के ट्रायल 21 को

**बिलासपुर।** 26 से 28 अप्रैल के मध्य साई विजन पब्लिक स्कूल भरेड़ी हमीरपुर में होने वाली अंडर-19 पुरुष व महिला वर्ग की राज्य स्तरीय बॉस्केट बॉल प्रतियोगिता के लिए जिला बिलासपुर बॉस्केट बॉल टीम के ट्रायल 21 अप्रैल को बास्केट बाल खेल स्टेडियम बॉयज स्कूल बिलासपुर में सुबह 9 बजे होंगे। संघ के प्रधान डॉ. प्रवीण ने बताया कि 01 जनवरी 2006 के बाद जन्मे पुरुष और महिला खिलाड़ी इसमें भाग ले सकते हैं। सभी खिलाड़ियों को अपना जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो के साथ अपने माता-पिता का आधार कार्ड लाना भी आवश्यक है।

**कार्यक्रम** 133वीं जयंती पर याद किए संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर

# मोदी सरकार ने हर वर्ग के लिए किया काम : धूमल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा सदर मंडल अनुसूचित जाति मोर्चा का सम्मेलन रविवार को देलग कंदरौर में आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल और मुख्य वक्ता राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार शामिल हुए।

प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि कांग्रेस ने अनुसूचित जाति वर्ग को हमेशा केवल अपने वोट बैंक के रूप में प्रयोग किया है। इस वर्ग के उत्थान का काम सही मायनों में भाजपा सरकार के समय ही हुआ है। 1998 में उनकी सरकार के समय अनुसूचित जाति वर्ग के मेधावी बच्चों के लिए जहां अंबेडकर छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई थी। वहीं एससी कंपोनेंट का बजट 11 से बढ़ाकर 25 फीसदी किया गया था। इसी तरह इस वर्ग के लोगों की सुविधा के मद्देनजर प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में अंबेडकर भवन बनाने के लिए 10.10 लाख रुपए दिए गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश चहुंमुखी विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। मोदी सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए काम किया है। डॉ. सिकंदर ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमेशा समाज के हितों के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने लोगों को समानता जैसे कई अधिकार दिए। विश्व में सबसे अधिक शिक्षित होने का रिकॉर्ड आज भी उनके नाम है। कांग्रेस ने तो उन्हें भी नजर अंदाज किया। प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने जनविरोधी फैसले लेकर लोगों को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।



देलग कंदरौर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद भाजपा नेता।

उन्होंने कहा कि शांता कुमार को पानी और प्रेम कुमार धूमल को सड़कों वाले मुख्यमंत्री के रूप में याद किया जाता है, लेकिन सुखविंद्र सुक्खू को जनता दुक्खू सीएम के नाम से याद रखेगी। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे चुनावी बेला में कांग्रेस के झांसे में आने से बचें। अनुराग ठाकुर को देश में सबसे बड़ी जीत दिलाने के लिए उन्होंने कार्यकर्ताओं से ईमानदारी से मेहनत करने का आह्वान किया। वहीं, त्रिलोक जमवाल ने कहा कि डॉ. अंबेडकर को मान-सम्मान देने का काम सही मायनों में मोदी सरकार के समय ही हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके जन्म व शिक्षा आदि से संबंधित विभिन्न स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया। कार्यक्रम के दौरान सदर विधानसभा क्षेत्र से अनुसूचित जाति वर्ग के लगभग 80 लोग भाजपा में शामिल हुए। प्रो प्रेम कुमार धूमल, डॉ सिकंदर कुमार और त्रिलोक जमवाल ने हार और पार्टी के पटके पहनाकर उनका भाजपा में स्वागत किया।

कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान, सदर मंडल अध्यक्ष हंसराज ठाकुर, महासचिव ज्योति धीमान व अशोक शर्मा, जिला परिषद अध्यक्ष विमला, सदर बीडीसी अध्यक्ष सीता धीमान, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष बेलीराम टैगोर, प्रदेश प्रवक्ता दिनेश, सदर मंडल अध्यक्ष रोशन लाल व महासचिव अर्जुन मौजूद रहे।

जब आप काम करते हैं, तो काम करें जैसे कि सब कुछ आप पर निर्भर करता है। जब आप प्रार्थना करें तो ऐसे प्रार्थना करें जैसे कि सब कुछ ईश्वर पर निर्भर है। –जेआरडी. टाटा

अनंत ज्ञान

## संपादकीय

# मालदीव में अब संसदीय चुनाव में भारत का जिक्र

भारत का एक ऐसा पड़ोसी मुल्क भी है, जहां हमारे देश का जिक्र अक्सर होता रहता है। यह पड़ोसी है समंदर में बसा टापुओं का देश मालदीव। पिछले साल जब वहां राष्ट्रपति चुनाव हुए थे तो यह चुनाव ही भारत को केंद्र में रखकर लड़े गए थे। इस देश के वर्तमान राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू इंडिया आउट का नारा देकर सत्तासीन हुए थे। राष्ट्रपति चुनाव के बाद अब वहां संसदीय चुनाव होने जा रहे हैं, जिनमें भी भारत का ही जिक्र हो रहा है। मालदीव में 21 अप्रैल को संसदीय चुनाव होने हैं। एक चुनावी कैंपेन में मुइज्जू ने एक बार फिर भारत को मुद्दा बनाया और भारतीय सैनिकों का जिक्र किया। चुनावी बैठक के दौरान मुइज्जू ने बताया कि मालदीव से 9 अप्रैल को भारतीय सैनिकों का दूसरा बैच भी निकल चुका है। यह बैच वहां डोर्नियर विमान का संचालन करता था।

अब सवाल यह है कि राष्ट्रपति मुइज्जू चुनावों में भारत का जिक्र क्यों कर रहे हैं। इसका कारण उनकी इंडिया आउट मुहिम है। वह इसी मुहिम के दम पर राष्ट्रपति बने हैं और उनको लगता है कि वह जितना इंडिया के खिलाफ बोलेंगे, उनकी पार्टी को उतना ही फायदा मिलेगा। यह वही मुहिम है, जिसके तहत वहां से भारतीय सैनिकों को निकाला जा रहा है। मुइज्जू ने मालदीव से भारतीय सैनिक के पहले समूह की वापसी के लिए 10 मार्च की समय सीमा तय की थी। इसके तहत 25 भारतीय सैनिकों के पहले समूह ने 11 मार्च को ही मालदीव छोड़ दिया था। मालदीव में करीब 88 भारतीय सैनिक हैं। ये दो हेलिकॉप्टर और एक एयरक्राफ्ट का ऑपरेशन संभालते हैं। आमतौर पर इनका इस्तेमाल रेस्क्यू या सरकारी कामों में किया जाता है। मालदीव में इंडियन हेलिकॉप्टर और एयरक्राफ्ट मानवीय सहायता और मेडिकल इमरजेंसी में वहां के लोगों की मदद करते रहे हैं। इन ऑपरेशन को संभालने के लिए ही अब टेक्निकल स्टाफ भेजा गया है। भारत ने मालदीव को 2010 और 2013 में ये हेलिकॉप्टर दिए थे। इसके बाद साल 2020 में एक छोटा विमान तोहफे के तौर पर दिया था, लेकिन इस पर वहां काफी बवाल हुआ था। उस समय मुइज्जू के नेतृत्व में विपक्ष ने तत्कालीन राष्ट्रपति सोलिह पर इंडिया फर्स्ट नीति अपनाने का आरोप लगाया था। इसके ठीक तीन साल बाद 2023 को वहां राष्ट्रपति चुनाव हुए, जिसमें मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी चुनाव जीत गई। मुइज्जू ने 15 नवंबर को राष्ट्रपति पद की शपथ ली और उसी दिन से भारत-मालदीव विवाद भी बढ़ गया।

मुइज्जू ने चुनाव प्रचार के दौरान शुरू की अपनी इंडिया आउट मुहिम पर काम करना शुरू कर दिया और भारत को अपने सैनिक वापस बुलाने के लिए कह दिया। यह विवाद तब और ज्यादा बढ़ गया, जब इस साल 4 जनवरी को भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लक्षद्वीप दौरे का एक वीडियो शेयर किया था। इसमें प्रधानमंत्री ने लक्षद्वीप की खूबसूरती का जिक्र किया था। इसके बाद सोशल मीडिया पर लोग कहने लगे कि लाखों रुपए खर्च कर मालदीव जाने से बेहतर है कि लक्षद्वीप जाएं। इस पर मालदीव सरकार के 3 मंत्रियों ने पीएम मोदी और भारत के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां की थीं। विवाद बढ़ने पर हालांकि इन तीनों को सस्पेंड कर दिया गया था, लेकिन इस विवाद का मालदीव को काफी नुकसान हुआ और वहां जाने वाले भारतीय पर्यटकों में इस साल की पहली तिमाही में करीब 34 फीसदी गिरावट दर्ज की गई। मुइज्जू सरकार भारतीय पर्यटकों की कमी से चिंतित तो है, परंतु वह अपनी भारत विरोधी मुहिम को छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। उसे लगता है कि अगर वे भारतीय सैनिकों का मुद्दा उछालेगी तो उसे राष्ट्रपति चुनाव की तरह संसदीय चुनाव में भी इसका फायदा होगा। यही वजह है कि राष्ट्रपति मुइज्जू अपनी चुनावी रैलियों में भारतीय सैनिकों के मालदीव से जाने के मुद्दे को जानबूझकर हवा दे रहे हैं, ताकि लोग संसदीय चुनाव में भी उन्हीं की पार्टी को विजयी बनाएं।

# सियासी संग्राम; राजनीतिक पतनशीलता की इंतहा!

विगत दो महीने से हिमाचल में कांग्रेस और भाजपा के मध्य 6 बागी विधायकों के साथ 3 निर्दलीय विधायकों को लेकर सियासी जंग छिड़ी हुई है। कांग्रेस के पूर्व बागी विधायकों का भाजपा के राज्यसभा उम्मीदवार हर्ष महाजन को क्रॉस वोटिंग के जरिए विजयी बनाना, फिर उनका भाजपा में शामिल होकर खुद को भगवे रंग में रंग लेना, अपनी विधायकी की कुर्बानी के बदले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का टिकट हासिल कर लेना आदि कई घटनाएं हैं, जिन्होंने हिमाचल के मतदाता की आत्मा को झकझोर सा दिया है।

इसके राजनीति में शुचिता, शालीनता, नैतिकता आदि मूल्यों को आत्मसात करने वाले मतदाता की भावनाएं आहत हुई हैं। वह स्वयं को ठगा सा महसूस कर रहा है। 'आया राम गया राम' या पलटू राम की घटनाएं जब बिहार या दूसरे प्रांतों में होती हैं, तो वहां का वोटर उन्हें सामान्य सी बात मानकर चंद रोज में विस्मृत कर देता है। हिमाचल के जनमानस का बौद्धिक स्तर या भरोसा इसलिए अलग है, क्योंकि यहां 70 लाख की जनसंख्या में जागरूकता, शिक्षा अथवा गलत व सही में फर्क करने की तमीज बरकरार है।

हिमाचल के बागी विधायकों की अपनी पूर्व पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व से असंतोष की वजहें निश्चित रूप से 'जैनुअन' रही होंगी? वे घुटन महसूस कर रहे होंगे? उनके विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्य ठप पड़े होंगे। बहुत से कारण हैं असंतोष के, लेकिन वे सब नेपथ्य की कालीन में दफन होकर रह गए हैं। कुर्सी की दौड़, सत्ता में बने रहने, जनसेवा की बजाय व्यक्तिगत स्वार्थ का मुद्दा बलवान हो चुका है। मुख्यमंत्री संभवतः 'वैलेसंस ऑफ पावर' की गेम को नहीं समझ पाए। बेहतर होता अगर वे सरकार के गठन के बाद राजेंद्र राणा और सुधीर शर्मा को कैबिनेट में शामिल कर लेते, तब असंतोष की जड़ें शायद गहरी न होतीं, लेकिन सियासी अनुभवहीनता, विरोधी धड़े के प्रति कड़वाहट का फायदा असंतुष्ट उठा ले गए। लोग सरकार से इसलिए भी खफा हैं कि एक गत डेढ़ साल में विकास का एक भी बड़ा काम लीक से हटकर नहीं हुआ है।



लेखक : राजेंद्र राजन
स्वतंत्र टिप्पणीकार

सड़कों की दुर्दशा यथावत बनी हुई है।

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य अपने पिता वीरभद्र सिंह की रिज पर प्रतिमा न लगाने की पीड़ा से ग्रस्त रहे, लेकिन बाढ़ के बाद सड़कों की दुर्दशा को दुरुस्त करने के ठोस प्रयास कहीं नहीं दिखे। प्रदेश की सभी प्रमुख टूटी सड़कों और उनमें बेशुमार गड्ढों से लोग परेशान हैं। पेपर लीक के मामले बढ़े हैं। बेरोजगार क्षुब्ध हैं। तबादलों का उद्योग फल-फूल रहा है। बिचौलिए सरकारी कर्मियों की ट्रांसफरों से मालामाल हो रहे हैं? भाजपा 'ऑपरेशन लोटस' को हिमाचल में जमीन पर उतारने में भले ही कामयाब न रही हो, लेकिन उसकी गेम प्लान सही दिशा में चल रही है। लोकसभा चुनाव के बाद अगर सभी 6 बागी विधायक भाजपा की टिकट पर चुनाव जीत जाते हैं, तो सुक्खू सरकार के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा सकते हैं। अभी कांग्रेस के पास 34 विधायक हैं। जीत के बाद निर्दलीयों के समर्थन से भाजपा भी 34 के आंकड़े पर पहुंच जाएगी। ऐसे में विधानसभा में अगर विश्वास मत हासिल करने के लिए वोटिंग होती है, तो कांग्रेस सत्ता से बाहर हो सकती है। कांग्रेस को चाहिए कि वह भाजपा की झोली में लुढ़कने वाले 6 बागी नेताओं के मुकाबले बेहद मजबूत, जनाधार वाले उम्मीदवार चुनाव में उतारे।

यह बात भी हिमाचल के अनपढ़ मतदाता तक के दिलो-दिमाग में बैठ चुकी है कि हिमाचल की राज्यसभा सीट को भाजपा की झोली में डलवाने के वास्ते अगर 6 बागी कांग्रेस विधायकों ने अपनी सीटें कुर्बान कीं तो वे जाहिर तौर पर भाजपा के पक्ष में मुफ्त में 'समाज सेवा' तो नहीं कर रहे थे। करोड़ों के लेन-देन के आरोप अगर उन पर लगाए जा रहे हैं, तो इसमें कुछ तो सच्चाई होगी ही, नहीं भी हो तो हिमाचल के लोगों में शक तो बैठ ही चुका है। 6 हलकों के कांग्रेसी वोटर तो बागियों से खफा हैं हीं, भाजपा के लाखों कार्यकर्ता भी क्षुब्ध हैं। जो नेता और कार्यकर्ता भाजपा के विराट वृक्ष को ताउम्र सींचते आ रहे हैं, वे दल बदलू, बाहरी व अरोपित कांग्रेसी नेताओं को भला क्यों वोट दें? ऐसे में लोकसभा के साथ-साथ 6 हलकों के नतीजे भी चौकाने वाले हो सकते हैं। अगर जनता ने ठान लिया तो वह इनका बहिष्कार कर सकती है। इन्हें शायद हराकर ही उनका कलेजा ठंडा हो? बकौल शांता कुमार 'मैं हैरान परेशान हूं। हम किस रसातल तक पहुंच चुके हैं। एक वह दौर था, जब राजनीति में देश सेवा सर्वोपरि थी। आज वह दौर है जब कुर्सी ही राजनीति का पहला और अंतिम लक्ष्य है।''

पूर्व 6 बागी विधायकों को लेकर उनके हलकों के मतदाताओं में जबरदस्त रोष व्याप्त है। इसके स्पष्ट संकेत उन घटनाओं से मिल रहे हैं, जिनमें इन पलटू नेताओं के खिलाफ जनाक्रोष देखा जा रहा है। इन पर कहीं पर हमले हो रहे हैं, तो कहीं इनके पुतले जलाए जा रहे हैं। यह मतदाता के प्रति उनकी बेवफाई, बेईमानी और बेहयायी का ज्वलंत उदाहरण है। यह सही है कि भाजपा के बड़े नेता इन्हें चुनाव में विजयी बनाने के लिए खून-पसीना बहा रहे हैं। अनुराग ठाकुर की हमीरपुर संसदीय सीट के 17 विधानसभा हलकों से 2022 के विधानसभा चुनाव में केवल 5 सीटों में से एक भी विधायक भाजपा से नहीं था। ऐसे में भाजपा हाईकमान का अनुराग ठाकुर पर दबाव बना हुआ है। भाजपा के मुकाबले कांग्रेस की रणनीति कमजोर लगती है। उसके पास जीत दर्ज करने वाले जो अनुभवी, व्यापक जनाधार वाले विधायक थे, वे भगवा रंग में सराबोर हो चुके हैं, लेकिन दोनों पार्टियों में विरोधाभास की स्थिति है। मतदाताओं में भारी रोष व्याप्त है। बागी विधायक अब भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्रियों जयराम ठाकुर और प्रेम कुमार धूमल के साथ फूलों से लदी गर्दनों के साथ मीडिया में दिखाई दे रहे हैं। जिन नेताओं से उनकी कट्टर दुश्मनी थी, उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। राजनीति तेरे रंग हजार।

पहले शायद गांधी, नेहरू, पटेल, शास्त्री, इंदिरा गांधी, सोनिया, राहुल उनके रोल मॉडल थे। वे उनके गीत गुनगुनाते हुए थकते नहीं थे, लेकिन भाजपा को गले लगाने के बाद अब उनके नेता नरेंद्र मोदी, नड्डा, शाह, दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी बाजपेयी हो गए हैं? रातों-रात उनका हृदय परिवर्तन हो गया है? यह कितनी हास्यस्पद, शर्मनाक स्थिति है कि सांप्रदायिकता का विरोध करने वाली कांग्रेस पार्टी के विधायक अब उस पार्टी के गीत गा रहे हैं, जिसने सांप्रदायिकता के जहर से देश को झोंके रखा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# चार सौ पार के नारे के इर्द-गिर्द सिमटा चुनावी विमर्श

इस देश में लोकतंत्र का महापर्व आम चुनाव चल रहा है। मतदाताओं को लुभा कर उन्हें अपने पाले में लाने के लिए सभी राजनीतिक दल पूरी ताकत के साथ जुटे हुए हैं, लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव पिछले चुनावों के मुकाबले कई मायनों में अलग है। देश की सामरिक, आर्थिक, औद्योगिक और सांस्कृतिक प्रगति के साथ कूटनीतिक सफलता से उत्साहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब से अबकी बार 400 पार का नारा दिया है, पूरा चुनावी विमर्श इसी के इर्द-गिर्द सिमट कर रह गया है।

केंद्र की सत्ताधारी भाजपा और उसके समर्थक दलों के नेता यह साबित करने का प्रयास कर रहे हैं कि इस बार उन्हें 400 से ज्यादा सीटों पर विजय मिलने जा रही है और विपक्षी पूरी ताकत से दावा कर रहे हैं 400 पार का नारा भाजपा का ख्याली पुलाव भर है, जो कभी पूरा नहीं होगा। इस सबके बीच लोकसभा चुनाव 2024 के बाद देश की सत्ता कौन संभालेगा, इसको लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष में किसी प्रकार का मतभेद दिखाई नहीं दे रहा है।



लेखक : विकास सक्सेना
स्वतंत्र टिप्पणीकार

आमतौर पर चुनावों के दौरान मतदाताओं के रुख को भांप कर संभावित नतीजों का अनुमान लगाने वाले विश्लेषकों के लिए सबसे आकर्षित करने वाला तथ्य सत्ता विरोधी रुझान होता है, लेकिन लोकसभा चुनाव 2019 के बाद अब 2024 में भी यह तथ्य अप्रासंगिक-सा दिखाई दे रहा है।

इसके अलावा चुनावों में राजनेताओं का भ्रष्टाचार हमेशा एक बड़ा मुद्दा होता था। प्रख्यात समाजसेवी अण्णा हजारे, बाबा रामदेव और दूसरे गैर राजनीतिक संगठनों के आंदोलनों की वजह से लोकसभा चुनाव 2014 का पूरा विमर्श कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार के दौरान हुए घोटालों के चारों ओर सिमट कर रह गया गया था। इसके पांच साल बाद जब 2019 में लोकसभा चुनाव हुए तो सत्ताधारी दल के नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार का कोई गंभीर मामला उठाने में विपक्ष पूरी तरह नाकाम रहा। चुनावी नतीजे भाजपा के पक्ष में आए, उसकी सीटें 282 ये बढ़ कर 303 हो गईं और राजग 350 पार हो गया। इसके बाद राहुल गांधी ने कांग्रेस के अध्यक्ष पद से त्याग पत्र दे दिया।

इस बार के चुनाव में भी भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा है, लेकिन निशाने पर सत्ताधारी भाजपा और उसके सहयोगी दलों के नेता नहीं, बल्कि विपक्षी नेता हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता

### महापरिनिर्वाण दिवस



मनीष कुमार (जयसिंहपुर)

*__भीमराव__ अंबेडकर है नाम जिनका*
*भारत में हिला दिया तिनका-तिनका*
*जातियों में बंटे थे अपने ही लोग*
*उन्होंने भगाया दूर ये रोग*
*ठाना था उन्होंने कर्म अपना*
*बदला था उन्होंने धर्म अपना*
*हिंदू छोड़कर बने बौद्ध*
*इस पर नहीं किया गया कोई शोध*
*बांधा था सिर पर कफन उन्होंने*
*अस्पृश्यता को किया दफन उन्होंने*
*आज किया जा रहा स्मरण आपको*
*इसलिए मनीष कर रहा नमन आपको।*

# लोकसभा चुनाव में मर्यादा लांघते नेताओं के बयान

देश में लोकसभा चुनाव प्रचार में राजनीतिक दलों में बयानों की आंधी सी चल रही हैं, ऐसे में सभी राजनीतिक दल अपने आपको आम जनता का हितैषी सिद्ध करने का प्रचार कर रहे हैं। इन बयानों में कहीं-कहीं राजनीति की मर्यादा का भी उल्लंघन होता दिख रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान सभी दल अपने-अपने हिसाब से ढोल पीटकर जनता को अपने पाले में लाने की कवायद कर रहे हैं। राजनीतिक दलों के बयान सुनने में अप्रमाणिक से लगते हैं। अभी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर जो बयान दिया है, वह उनकी राजनीतिक मजबूरी हो सकती है, लेकिन यह भी सही है कि इस बार के चुनाव में विपक्ष, सत्ता पक्ष पर किसी प्रकार का ठोस आरोप नहीं लगा पा रहा है। जहां तक चुनावी चंदे के भ्रष्टाचार की बात है तो इस खेल में सभी दल शामिल हैं।



लेखक : सुरेश हिंदुस्तानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

कहने का तात्पर्य है राजनीति में जो सुना जाता है, वह होता नहीं है। परदे पर कुछ और दिखाने का प्रयास करते हैं, वास्तविकता कुछ और होती है। कौन नहीं जानता कि विपक्ष के कई नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जमानत पर हैं, ऐसे में बयान देने से पहले नेताओं को अपने गिरेबां में झांक कर भी देख लेना चाहिए। वर्तमान में एक और बात महत्वपूर्ण यह भी है कि राजनीतिक दल धरातल पर बाहुबल और धनबल के सहारे चुनाव जीतने का प्रयत्न करते हैं, जबकि यह सब इतनी सावधानी से किया जाता है कि दिखाई नहीं देता, लेकिन आम जनता को यह मालूम है कि वास्तविकता क्या है।

सारे चुनाव की छिपी हुई हकीकत यही है कि चुनाव में पैसा पानी की तरह प्रवाहित किया जाता है? जो लोग पैसे की भाषा नहीं समझते, उन्हें समझाने के दूसरे तरीके अपनाए जाते हैं, यानी बाहुबल का सहारा लिया जाता है।

हालांकि इस सत्य को राजनेता इतनी सफाई से करते हैं कि कोई भी संस्था इसे सिद्ध नहीं कर सकती? वर्तमान में एक नई प्रकार की राजनीति का उदय हुआ है, उसके अंतर्गत अपने दल की कार्यप्रणाली का या कहा जाए कारगुजारियों का बखान कम, दूसरे दलों की छीछालेदर करना ज्यादा ही देखने में आ रहा है। इस प्रकार का खेल कांग्रेस सहित विपक्षी दल की ओर से कुछ ज्यादा ही चल रहा है। कारण साफ है कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल भ्रष्टाचार के बारे में ज्यादा बोल नहीं सकती, क्योंकि कांग्रेस की सरकार में मंत्रियों और कांग्रेसी नेताओं ने जिस प्रकार से भ्रष्टाचार के कारनामे किए, उससे देश को करोड़ों का नुकसान हुआ। आज देश पर जो आर्थिक बोझ आया है, उसके पीछे के कारणों में यह भ्रष्टाचार एक है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सांस्कृतिक व प्राकृतिक धरोहर हिमाचल प्रदेश

अप्रैल 1948 एक ऐसा दिन, जिस दिन हिमाचल प्रदेश को एकीकृत व स्थापित करके देश के 18वें राज्य के रूप में अस्तित्व में आने का गौरव प्राप्त है। 1948 से लेकर आज दिन तक हिमाचल प्रदेश अपने प्राकृतिक स्वरूप, ऊंचे-नीचे पहाड़ों के समरूप विकास की एक नई गाथा लिखते हुए 76 वर्ष का हो गया। इन 76 सालों में हिमाचल प्रदेश ने पूरे विश्व में अपनी धरोहरों व यहां के सांस्कृतिक जीवन व प्राकृतिक सौंदर्य के लिए एक अलग पहचान कायम कर ली है। आज हिमाचल ऐसे शीर्ष स्थान पर बुलंद है कि यह किसी पहचान का मोहताज नहीं है।

अप्रैल 1948 में इस क्षेत्र की 27,000 वर्ग किलोमीटर में फैली लगभग 30 रियासतों को मिलाकर इस राज्य को केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया था। 1954 में जब 'ग' श्रेणी की रियासत बिलासपुर को इसमें मिलाया गया, तो इसका क्षेत्रफल बढ़कर 28,241 वर्ग किलोमीटर हो गया। सन 1966 में इसमें पंजाब के पहाड़ी क्षेत्रों को मिलाकर इसका पुनर्गठन किया गया तो इसका क्षेत्रफल बढ़कर 55,673 वर्ग किलोमीटर हो गया। आज हिमाचल प्रदेश को न केवल पहाड़ी क्षेत्रों के विकास का आदर्श माना जाता है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवाओं में इस प्रदेश ने उल्लेखनीय विकास किया है। हिमाचल निर्माता प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री यशवंत सिंह परमार के अनथक अदगम्य प्रयासों से लेकर आज तक का हिमाचल का सफर प्रत्येक क्षेत्र में शानदार व दमदार रहा है। देखा जाए तो हिमाचल प्रदेश में बिजली-पानी, सड़क, स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में चहुंमुखी विकास हुआ है, लेकिन हिमाचल प्रदेश में आज भी कुछेक क्षेत्र ऐसे हैं, जहां पर विकास की डोर नाममात्र है। राष्ट्र सेवा के क्षेत्र में वीर जवानों का नाम अछूता नहीं है। हिमाचल रणबांकुरों ने अपने सौर्य का प्रमाण बखूबी दिया है। कहा जाता है कि किसी भी समाज का स्वस्थ विकास उसकी अपनी सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण पर निर्भर करता है।



लेखक : ठाकुर दीक्षित धलारिया
संधोल, मंडी

हिमाचल अपनी संस्कृति को संजोने में एक आदर्श शीर्ष स्थान पर कायम है। कहा जाता है कि तेजी से बदलते वक्त व सामाजिक परिवर्तन के समरूप समाज भी तेजी से अपने स्वरूप में परिवर्तन लाता है, लेकिन इस परिवर्तन को स्वीकार कर जब मानव समाज अपनी संस्कृति को भले ही विकसित रूप में अपनाए रहता है, वहीं से यह संस्कृति एक धरोहर का रूप धारण करती है।

हिमाचली संस्कृति को संरक्षित करने में सबसे अधिक प्रयास हिमाचली बुजुर्गों के होते हैं। वे सांस्कृतिक संरक्षण में अपनी एक विशेष भूमिका अभिनीत करते हैं। इस वजह से आज जहां आधुनिकीकरण की चाहत के पीछे कई राज्यों की संस्कृति तबाह हो गई, वहीं भारतीय संस्कृति के पटल पर हिमाचल खासकर अपनी पुरातन लोक संस्कृति के लिए जाना-पहचाना जाता है। हमारे लोक नृत्य, लोक नाट्य, लोक संगीत, लोक कलाएं, लोक परंपराएं आज भी हमारे दैनिक दिनचर्या का हिस्सा हैं।

हिमाचल की संस्कृति एक सामूहिक भाव की संस्कृति है, जहां सभी मिलजुलकर अपनी सांस्कृतिक रीति-रिवाजों का निर्वहन करते हैं। यहां कोई भी उत्सव हो, यहां की संस्कृति का मेल उसमें देखने को जरूर मिलेगा, चाहे वह विवाह हो, जन्मदिवस हो या स्थानीय भाषाओं में 'जात्रा' या 'जग' ही क्यों न हो। 'हिमाचली धाम' पूरे भारत के उत्तर क्षेत्र में पसंद की जाती है।

हिमाचल की बात जब-जब यहां की संस्कृति के लिए की जाती है, तो हमेशा सर्वप्रथम देव संस्कृति का ही व्याख्यान किया जाता है। देवभूमि होने की वजह से हिमाचल के घर-घर में देवताओं का वास माना जाता है, यानी की गांव या कुछ गांवों के समूहों का अपना एक 'देवता' होता है, जिसकी पूजा हर त्योहार व उत्सवों में सबसे पहले सभी लोग मिल-जुलकर करते हैं तथा मेलों व त्योहारों में देवताओं की झांकियां भी प्रस्तुत की जाती हैं, जो कि यहां की 'देव संस्कृति' का एक अभिन्न हिस्सा हैं। हिमाचल के लोग लोक कलाओं व हस्तकलाओं में भी निपुण माने जाते हैं, यहां अनेक रूपों में हिमाचली कला संरक्षित है। हस्तकलाओं में निपुणता की बात हो और 'हिमाचली टोपी', 'किन्नौरी शॉल' व 'चंबा का रुमाल' की बात न हो, तो हिमाचली संस्कृति का अध्ययन अधूरा सा प्रतीत होता है।

हिमाचल की संस्कृति आने वाली पीढ़ियों के लिए एक वरदान सिद्ध होगी। इस बात को भी नकारा नहीं जा सकता कि हमारे मूल्य और परंपराओं के साथ ही हमारी संस्कृति में भी विकृतियां आई हैं, जिसके परिणाम स्वरूप हमारे मूल्यों के साथ परंपराएं भी खंडित हुई हैं। हिमाचल की संस्कृति समाज की एक अनोखी धरोहर है जिसे संरक्षित कर इसे आधुनिक रूप में विकसित करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य व जिम्मेदारी है। इस कार्य में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका युवाओं ने अभिनित करनी है। हिमाचली संस्कृति के संरक्षण के लिए सारे समाज को एकजुट होकर आधुनिकता के साथ संस्कृति से संस्कारित होना होगा, तभी सही मायने में यह समाज का सार्वभौमिक आधुनिकीकरण माना जाएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल प्रदेश ने 76 सालों में लिखी विकास के पथ की नई इबारत

पहाड़ की खूबसूरती भी पहाड़ होती है, पहाड़ की समस्या भी पहाड़ होती है। पहाड़ की चिंता भी पहाड़ होती है और पहाड़ जैसी समस्याओं से निपटने के लिए जज्बा भी पहाड़ ही होता है। यह जज्बा हिमाचल प्रदेश के कण-कण में समाया हुआ है। हिमाचल प्रदेश ने 76 साल का सफर पूरा कर लिया है। छोटे और सधे हुए कदमों से सफर शुरू करने वाले हिमाचल के पांव विकास के शिखर पर अंगद की तरह जम रहे हैं।

देश की आजादी के 8 महीने बाद 15 अप्रैल 1948 को यह सुंदर पहाड़ी प्रदेश 30 छोटी-बड़ी रियासतों के विलय के साथ केंद्र शासित चीफ कमिश्नर प्रोविंस के रूप में अस्तित्व में आया। हिमाचल प्रदेश को अलग राज्य के रूप में स्थापित करने का श्रेय तत्कालीन नेतृत्व के साथ प्रजामंडल आंदोलन के नायकों और आंदोलनकारियों को जाता है। हिमाचल प्रदेश के गौरवमई इतिहास में धामी गोली कांड और सुकेत सत्याग्रह आंदोलन का भी विशेष स्थान है।

**परमार को याद कर रहा हिमाचल :** हिमाचल दिवस के मौके पर प्रदेश की जनता हिमाचल निर्माता और पहले मुख्यमंत्री यशवंत सिंह परमार के साथ उन महानुभावों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर रही है, जिन्होंने इस पहाड़ी राज्य को बनाने में अथक प्रयास किए। देशभर में हिमाचल प्रदेश की पहचान देवभूमि और वीरभूमि के रूप में है। देवभूमि निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रही है और हिमाचल केवल पहाड़ी राज्यों में अव्वल है, बल्कि बड़े राज्यों के लिए भी एक उदाहरण है।



लेखक : जय सिंह ठाकुर
दाड़लाघाट, सोलन

**1971 में पूर्ण राज्य बना हिमाचल :** साल 1971 में हिमाचल प्रदेश पूर्ण राज्य बना। इसके बाद से इस छोटे राज्य ने विकास में कई बड़े राज्यों को भी मात देने का काम किया है। बात चाहे प्रति व्यक्ति आय की हो या बिजली उत्पादन की, हिमाचल हर क्षेत्र में आगे है। इसके अलावा फल उत्पादन, हर घर नल, सामाजिक न्याय के तहत सामाजिक सुरक्षा पेंशन और हिमाचल प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाएं विकास को गतिमान बनाए हुए हैं।

**43 हजार किलोमीटर से अधिक सड़क :** शुरुआत में हिमाचल में सड़कों की लंबाई सिर्फ 250 किलोमीटर थी। आज हिमाचल प्रदेश की सड़कों की लंबाई 43 हजार किलोमीटर से अधिक हो गई है। इस साल भी हिमाचल प्रदेश सरकार ने 1 हजार 060 किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण करने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा प्रदेश सरकार 70 नए पुलों का भी निर्माण करेगी। हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी राज्य है और ऐसे में यहां आ रहे विस्तार और हवाई विस्तार की संभावनाएं कम हैं, लिहाजा विकास का सारा दारोमदार सड़कों पर ही रहता है, बावजूद इसके हिमाचल प्रदेश में हवाई सेवाओं और रेल लाइन को आगे बढ़ाने पर भी तेजी से काम चल रहा है।

**प्रति व्यक्ति आय 2 लाख 86 हजार 201 रुपए :** हिमाचल प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय मौजूदा वक्त में दो लाख 86 हजार से अधिक है, जो कि बीते वर्ष की तुलना में 9 प्रतिशत अधिक है। यह आंकड़ा गौरवान्वित करने वाला है, क्योंकि हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने के बाद साल 1971 में राज्य की प्रति व्यक्ति आय सिर्फ 651 रुपए थी। साल 2011-12 में यह एक लाख रुपए सालाना से भी कम थी, ऐसे में हिमाचल प्रदेश लगातार विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है।

**125.38 लाख यूनिट बिजली का हो रहा उत्पादन :** राज्य विद्युत परिषद व केंद्रीय प्रोजेक्टों के शेयर को मिला 125.38 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन हो रहा है। एसएलडीसी के पास बैंकिंग व राज्य विद्युत परिषद के प्रोजेक्टों के उत्पादन को मिला कुल 378.13 लाख यूनिट बिजली उपलब्ध है। हिमाचल में सालाना दो से तीन करोड़ पेटी सेब का उत्पादन होता है। हिमाचल का सेब देश में ही नहीं, बल्कि विदेश में भी बिकता है।

**प्रदेश में कैंसर का इलाज मुफ्त :** हिमाचल प्रदेश देश का पहला ओडीएफ स्टेट यानी खुले में शौच मुक्त राज्य भी है। छोटे से पहाड़ी प्रदेश में 3 हजार से ज्यादा स्वास्थ्य संस्थान है। हिमाचल में कैंसर का इलाज मुफ्त किया जाता है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा पेपरलैस है। यहां साक्षरता दर करीब 87 फीसदी है। हिमाचल में स्कूलों की संख्या 10 हजार 758 कॉलेजों की संख्या 166 है। विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। पहाड़ों में तो हिमाचल अव्वल है ही, लेकिन साथ ही अन्य देशों को भी अपने विकास से टक्कर दे रहा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**देश** में इस समय आईपीएल चल रहा है और चल रहा है वह कारोबार, जो निरंतर युवाओं को कर्जे की दुनिया में धकेल रहा है। क्रिकेटर के करोड़ों पक्के हैं, चाहे वे उन्हें खेलकर मिलें या लोगों को खिलाकर। कंपनी भी करोड़ों कमा लेगी, टीमों के मालिक भी कमा लेंगे, लेकिन बर्बाद होंगे हमारे देश के युवा, बर्बाद होंगे इस देश के बच्चे, बर्बाद होंगे इकॉनमी से कमजोर लोग। अब सवाल यह उठता है कि आखिर ऑनलाइन गेमिंग को लेकर सरकार क्यों नहीं कुछ कर रही है?, आखिर कोर्ट क्या कर रही है?, इस समय देश में सैकड़ों ऑनलाइन बैटिंग करवाने वाले ऐप की बाढ़ सी आई हुई है और देश में एकाएक कर्जदार और मानसिक रोगियों की संख्या बढ़ रही है। दिल्ली पुलिस के उत्तर जिले के पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी एक व्यक्ति को साइबर क्राइम के मामले में गिरफ्तार करते हैं, तो उसकी कहानी पूरे पुलिस महकमे को हिला देती है। दरअसल, वह व्यक्ति दिल्ली बर्खास्त कांस्टेबल होता है जिसे ड्रीम 11 की आदत पड़ती है, उसका सारा वेतन और सारी बचत खत्म हो जाती है। कर्जा चुका पाने में असमर्थ होने पर अपराध की दुनिया में कदम रख देता है और पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों को ठगना चालू कर देता है। **–अभिषेक**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# ग्राम पंचायत बगढार में हैंडपंप बने शोपीस

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

विकास खंड भटियात के अंतर्गत ग्राम पंचायत बगढार में जल शक्ति विभाग द्वारा लगाए गए हैंडपंप इन दोनों बंद पड़े हैं, जिस कारण स्थानीय ग्राम वासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। काबिले गौर है कि पिछले काफी समय से गांव बगढार में लगाए गए हैंडपंप मात्र शोपीस के इलावा कुछ भी नहीं है।

इस बारे में ग्राम पंचायत प्रधान व्यास देव ने बताया कि हैंडपंप बारे में कई बार स्थानीय प्रशासन एवं संबंधित अधिकारी को लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत करवाया गया किंतु आज तक इस समस्या का निवारण नहीं हो पाया है, जिसके कारण स्थानीय ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।


बंद पड़ा हुआ हैंप पंप ।

### विभाग जल्द ठीक करें वरना होगा घेराव

स्थानीय ग्रामीण राजू, नीतू, कमला, अनीता, नीलू, अमर, विमल, अमित सहित इत्यादि लोगों ने जल शक्ति विभाग एवं प्रशासन को चेताया है कि जल्द ही बंद पड़े हैंड पंपों की सुध नहीं ली गई तो वह जल शक्ति विभाग कार्यालय का घेराव करेंगे। (अनंत ज्ञान)

# रेई-घटोर सड़क पर ढाई माह से वाहनों की आवाजाही बंद

## रास्ता बंद होने से लोगों को चीजें पीठ पर उठाकर पहुंचानी पड़ रही घर, विभाग ने नहीं ली सड़क की सुध

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग उपमंडल गरोला के अधीन उरेई से घटोर सड़क पिछले ढाई महीने से सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बंद है, जिस कारण यहां के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रास्ता बंद होने के कारण लोगों को हर दिन जरूरी चीजें पीठ पर उठाकर पहुंचानी पड़ रही है।

जानकारी के अनुसार करीब ढाई महीने भी जाने के बाद भी विभाग अभी तक इस सड़क की सुध नहीं ले पाया है।

हालांकि विभाग के पास लोगों ने कई बार इसको ठीक करने की गुहार भी लगाई है। स्थानीय निवासी परश राम, अजय कुमार, मंगतराम, सुरेश कुमार, सुशील कुमार, मनीष कुमार, रणजीत सिंह आदि ने कहा की रास्ता बंद होने के कारण उन्हें कहां पर अभी तक डिपो में सस्ता राशन भी मुहैया नहीं हो पाया है।

### बारिश के कारण कई जगहों से सड़क हुई खराब

इस सड़क का निर्माण पिछले कई सालों से प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना जैसी बड़ी परियोजना के तहत हो रहा है, लेकिन पिछले दिनों हुई भारी बारिश के कारण कई जगह इस सड़क का नामोनिशान मिट गया है।

हालांकि विभाग बार-बार यहां पर जेसीबी मशीन भेजकर सड़क बहाल करने की बात करता रहा है, लेकिन अभी तक विभाग इस सड़क को बहाल नहीं कर पाया है। सड़क खराब होने के चलते यहां पर सबसे ज्यादा दिक्कत मरीज बुजुर्गों वह गर्भवती महिलाओं के लिए हो रही है।

### लोगों की मांग, जल्द बहाल हो मार्ग

लोगों ने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क को बाहर किया जाए ताकि लोगों को आने-जाने में किसी भी प्रकार का सामना न करना पड़े। इसके साथ मरीजों को भी परेशानी न पेश आए।

### समस्या का होगा समाधान : भाल चंद

इस विषय पर सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग गरोला भाल चंद ने कहा कि मामला उनके ध्यान में आ गया है जल्दी यहां पर मशीन को भेज दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सुहावना मौसम पर्यटकों को कर रहा आकर्षित



**डलहौजी।** प्रसिद्ध पर्यटन नगरी डलहौजी हुए इसके आसपास के क्षेत्र में इन दोनों मौसम बहुत ही सुहावना हो गया है। सुबह शाम हल्की-हल्की ठंड में लोगों को गर्म कपड़े पहनने को मजबूर कर दिया है तो वहीं दिन में हल्की गर्मी का भी एहसास हो रहा है। ऐसे मौसम में भारी राज्यों से पर्यटन को भी बढ़ावा मिल रहा है जिससे डलहौजी नगर भारी सैलानियों से गुलजार हो रहा है, जिससे स्थानीय व्यापारियों कारोबारी के चेहरे खिले हुए हैं। स्थानीय होटल ने पर्यटकों को लुभाने के लिए अलग-अलग तरह के पैकेज जारी कर दिए हैं तो वहीं होटल भी नई दुल्हनों की तरह सजा दिए गए हैं। जिससे डलहौजी पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। तो वहीं चंबा, खजियार,जोत, कालाटॉप, पंचपुला रॉकगार्डन, वोटिंग पॉइंट पर्यटकों से धीरे-धीरे गुलजार हो रहे हैं। अप्रैल-मई का सुहावना मौसम बाहरी पर्यटकों को अपनी और आकर्षित करता ही है।

### लूणापुल में सार्वजनिक शौचालय न होने से लोग परेशान

चंबा । लूणापुल में सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण यहां पर हर रोज यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें भरमौर के लूणा पुल में हर रोज सैकड़ों यात्री एक जगह से दूसरी जगह आते जाते हैं, लेकिन यहां पर सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण लोगों को शौचालय के लिए दर-दर भड़कना पड़ता है। स्वच्छता अभियान की पोल भी यहां पर खुलकर सामने आ रही है। यहां पर सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण खासकर महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने यहां कई बार प्रशासन व सरकार से सार्वजनिक शौचालय खोलने की मांग की है लेकिन अभी तक यह मांग पूरी नहीं हो पाई है। लिहाजा शौचालय न होने के कारण लोगों को मजबूरन खुले में शौच करने पर विवश होना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी पांजाराम, सनी कुमार, महंदो राम, पूर्ण चंद, इंद्रजीत, संजय कुमार, संजीव कुमार, माधो राम सहित दर्जन लोगों का कहना है कि यहां पर शौचालय न होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द यहां पर सार्वजनिक शौचालय खोला जाए ताकि लोगों को खासकर महिलाओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

# भरमौर में टेस्ट न होने से मरीज परेशान

## लोगों ने टेस्ट न होने पर जताई नाराजगी

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

सिविल हॉस्पिटल भरमौर में क्रस्ना लैब में मरीजों के टेस्ट न होने को लेकर यहां के स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने यहां पर तैनात एक प्राइवेट लैब पर टेस्ट न होने पर नराजगी जताई है।

जानकारी के अनुसार सोमवार को सिविल हॉस्पिटल भरमौर में एक मरीज का छुट्टी के बहाने क्रस्ना लैब में टेस्ट नहीं हो पाया। टेस्ट न होने के कारण अस्पताल में पहुंचे मरीज का इलाज भी नहीं हो पाया। हालांकि यहां पर तैनात डॉक्टर ने मरीज का चेकअप कर उसके लिए आवश्यक दवाइयां भी दे दी है। मरीज के रिश्तेदार ने कहा है कि और जगह तो अस्पताल में बनाई गई लैब जिसका टेंडर सरकार के साथ हुआ है 24 घंटे खुली रहती है, लेकिन हैरानी की बात है कि भरमौर में ही ये सुविधा नहीं मिल रही है।

मौके पर पहुंचे मरीज के पिता गुलशन नंदा ने कहा कि सोमवार को उनके बेटे की अचानक तबियत बिगड़ गई, वह सरकारी अस्पताल चेकअप करवाने के लिए गए। इस बाबत वहां पर तैनात चिकित्सक ने उनकी शारीरिक जांच को लिखा। जब उसे जांच करवाने के लिए लैब में गए तो वहां पर तैनात लोगों ने कहा कि यहां पर छुट्टी के दिन शारीरिक जांच लैब में नहीं होती है।



जबकि विभागीय सूत्रों की मानें तो छुट्टी वाले दिन भी यह लैब खुली रहती है, लेकिन यहां पर हो रही मनमानी के कारण मरीजों की शारीरिक टेस्ट न होने के कारण बैरंग वापस लौट रहे हैं।

### मरीज को अगले दिन कहा गया था टेस्ट के लिए : शुभम



**बीएमओ** भरमौर शुभम भंडारी ने कहा क उनके अस्पताल में लगभग सभी टेस्ट हो जाते हैं। यहां पर तैनात हर डॉक्टर हर मरीज को लगभग सभी टेस्ट करवाने की भरसक कोशिश करते हैं, लेकिन छुट्टी का दिन होने के कारण मरीज का टैस्ट नहीं हो पाया। उन्होंने कहा है कि जो मामला क्रस्ना लैब का बताया जा रहा है उसमें मात्र एक ही टेस्ट होता है, छुट्टी के दिन यह लैब बंद रही और इनका सरकार के साथ से कांट्रेक्ट हुआ है, लेकिन जिस मरीज के बारे में बात की जा रही है उसका अस्पताल में प्रॉपर चेकअप कर उसका उपचार भी किया गया था और दवाइयां भी लिखी गई थी। मरीज शारीरिक रूप से कमजोर लग रहा था और उसके शरीर में दर्द थी इसके लिए उसके टेस्ट लिखे गए थे और उसे अगले दिन टेस्ट करवाने के लिए भी कहा गया था। उन्होंने कहा है सिविल हॉस्पिटल भरमौर में डॉक्टरों की कमी है फिर भी यहां पर हर डॉक्टर अपनी बेहतरीन सेवाएं दे रहे हैं।

## तीन पंचायतों की आबादी आज भी स्वास्थ्य सुविधा से कोसों दूर

**आजम डार, तीसा**

चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली तीन पंचायतों के लोग आज भी स्वास्थ्य सुविधा से वंचित हैं। जिस कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है स्वास्थ्य सुविधा के लिए लोगों को दर दर की ठोकरें खानी पड़ रही है, लोग काफी परेशान हो चुके हैं जिन्हें चंबा के तहत आने वाली ग्राम पंचायत कोहाल चोली सपरोठ तीन पंचायत की हजारों की आबादी है, यहां के लोगों को आज भी स्वास्थ्य की सुविधा नहीं मिल पा रही है जिस कारण लोग काफी परेशान हो चुके हैं, हालांकि लोग कई दफा मंत्रियों और सरकार के दरवाजे खटखटा चुके है, परंतु अभी तक लोगों की समस्या का समाधान नहीं हुआ है जिस कारण लोगों को बेहतर स्वास्थ्य की सुविधा लेने के लिए 50 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय चंबा का रुख करना पड़ता है जिस कारण की गरीब जनता को काफी दिक्कतें पेश आती है ऐसे में एक दफा फिर यहां की स्थानीय जनता हिमाचल प्रदेश सरकार से बेहतर स्वास्थ्य की सुविधा देने की मांग कर रही है।

### लोगों की समस्या का होगा समाधान : यशवंत

चुराह कांग्रेस प्रत्याशी यशवंत खन्ना का कहना है कि मामला इनके ध्यान में आया है जल्द ही इन तीन पंचायत के लोगों की समस्या का समाधान किया जाएगा। उनका कहना है की कांग्रेस पार्टी हमेशा से स्वास्थ्य शिक्षा को मजबूती से उठाती है जल्द इन लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा।

# भरमौर के दो दिवसीय दौरे पर खजियार पहुंची कंगना रनौत

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



भाजपा की मंडी भरमौर सांसद उम्मीदवार एवं बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत दो दिवसीय दौरे को लेकर देर शाम पर्यटन नगरी खजियार पहुंच गई है। वह सोमवार को धर्मशाला से खजियार पहुंची। इसके बाद वह सड़क मार्ग से होते हुए मंगलवार को भरमौर में अपने चुनावी अभियान का आगाज करेंगी।

खजियार में रात्रि ठहराव के बाद कंगना रनौत मंगलवार को मैहला से अपने चुनावी अभियान का आगाज करेंगी। इसके बाद कंगना रनौत धरवाला, दुनाल, गैहरा, लूना, खड़ामुख होते हुए रात्रि ठहराव भरमौर में करेगी। इस मौके पर उनके साथ भरमौर भाजपा विधायक डॉक्टर जनक राज वह मंडल भाजपा और दूसरे फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। प्रशासन और पुलिस की ओर से भी उनके भरमौर दौरे को लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है।

बुधवार को कंगना रनौत अपने चुनावी अभियान का आगाज जनजातिय क्षेत्र की अंतिम पंचायत कुगति से करेगी। मंगलवार को वह सुबह 9.00 बजे कुगति में लोगों को संबोधित करने के बाद भरमौर के पूलन पंचायत में भी एक जनसभा को संबोधित कर वोट मांगेगी।

कंगना रौऔ होली तहसील के गरोला व होली में छोटी-छोटी नसभाओं के जरिए अपने लिए वोट मांगेगी।

हालांकि उनके भरमौर दौरे को लेकर यहां के स्थानीय लोगों व युवाओं में उतना उत्साह नहीं देखा जा रहा है। मंडी पार्लियामेंट सीट से कांग्रेस की ओर से विक्रमादित्य सिंह को मैदान में उतारने के बाद यह मुकाबला बहुत ही रोचक हो गया है। भाजपा का असंतुष्ट धड़ा इस दौरे को लेकर किस तरह से रिएक्ट करता है इस पर भी लोगों ने पैनी नजर बनाई हुई है। वहीं कंगना के इस दौरे के बाद कांग्रेस पार्टी भी अपने उम्मीदवार के लिए नए सिरे से रणनीति बनाएगा।

### भरमौर में स्व. वीरभद्र सिंह की थी अच्छी पकड़

जानकारों की मानें तो भरमौर में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. राजा वीरभद्र सिंह की बहुत अच्छी पकड़ रही है। अधिकतर बार यहां से कांग्रेस के उम्मीदवार व राज परिवार को ही लोगों ने चुनाव में बढ़त दी है। कांग्रेस संगठन जहां एक और उनके दौरे को लेकर नजर रखे हुए हैं तो वहीं दूसरी ओर भरमौर भाजपा मंडल इस दौरे को सफल करवाने की कोशिश कर रहा है।

## देव श्री सत बाड़ा भनवाड़ और श्री मंढोड़ देव कंदार के बीच विवाद मामला

# प्रशासन व देव कमेटियों के बीच बैठक के बाद सुलझा विवाद

**उमेश भारद्वाज, मंडी**

राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला में बीते कल सुकेत मंच पर बैठने को लेकर देव श्री सत बाड़ा भनवाड़ और श्री मंढोड़ देव कंदार के बीच उपजा विवाद सुलझा लिया गया है। इसके उपरांत श्री मंढोड़ देव कंदार सोमवार को एक बार फिर राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला में शिरकत करने मेला स्थल पर पहुंच गए हैं। मामले को लेकर एसडीएम सुंदरनगर ने देव श्री सत बाड़ा नालनी, देव श्री मांहुनाग जयदेवी, देव मांहुनाग स्यांजी,देव श्री सत बाड़ा भनवाड़ और श्री मंढोड़ देव कंदार की देव कमेटियों के साथ बैठक की गई।

इस बैठक में डीएसपी सुंदरनगर, तहसीलदार सुंदरनगर व निहरी, एसएचओ सुंदरनगर और सुकेत सर्व देवता कमेटी के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि बीते कल रविवार को सुकेत मंच पर विराजे देवताओं में स्थान को लेकर जमकर तू-तू, मैं-मैं हुई थी। देव श्री सत बाड़ा भनवाड़ और श्री मंढोड़ देव कंदार के देवलूओं के बीच देवताओं के बैठने वाले स्थान को लेकर लगभग दो घंटे गहमागहमी चलती रही।

इसके उपरांत अंत में देव श्री सत बाड़ा भनवाड़ के देवलूओं ने देव खेल के माध्यम से मामले को सुलझाने का प्रयास किया और अंत में श्री मंढोड़ देव कंदार देवलुओं सहित मेला स्थल को छोड़कर नगौन खड्ड में स्थित पीपल के थड़े पर विराजमान हो गए थे। वहीं अब मामला सुलझा लिया गया है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

> देव श्री सत बाड़ा भनवाड़ और श्री मंढोड़ देव कंदार के देवलूओं के बीच देवताओं के बैठने को लेकर शुरू हुए विवाद को सुलझा लिया गया है। श्री मंढोड़ देव कंदार वापिस सुकेत देवता मंच पर अपने स्थान पर विराजमान हो गए हैं।
>
> -अंकित शर्मा, तहसीलदार एवं सुकेत देवता मेला अधिकारी सुंदरनगर।


मंच पर विराजमान देवता।

# बस में नशीला जूस पिलाकर युवक से लूटे 30 हजार

**चंबा, अनंत ज्ञान**

जिला चंबा के तेलका क्षेत्र के एक युवक को अज्ञात व्यक्ति ने नशीला पदार्थ मिला जूस पिलाकर 30,000 रुपए कैश व मोबाइल लूटने का मामला सामने आया है।

इस बारे चंबा में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अज्ञात लोगों द्वारा लूट का शिकार हुआ तेलका का पींकू मनाली से चंबा आ रहा था। इस दौरान मंडी में जब वह बस में बैठा तो उसके साथ एक अज्ञात व्यक्ति आकर उसकी सीट के साथ बैठ गया।

कुछ समय के बाद उसने पीकू के साथ बातचीत शुरू कर दी तथा पहचान बनाने की कोशिश की तथा उसे पीने के लिए जूस दिया। पींकू ने जैसे ही जूस पिया तो उसके बाद उसे चंबा मेडिकल कॉलेज में होश आया। मेडिकल कॉलेज में पींकू की तबीयत में सुधार होने पर उसे छुट्टी दे दी गई है।

### अनजान व्यक्ति से किसी तरह की खाने-पीने की चीजें न लें : एसपी

वहीं एसपी ने यात्रियों को सचेत करते हुए कहा कि बस या ट्रेन में यात्रा के दौरान या प्लेटफार्म पर किसी अनजान व्यक्ति से किसी भी तरह की खाने-पीने की चीजें न लें।

अगर यात्रा के दौरान या फिर स्टेशन पर किसी भी तरह की मुसीबत आने पर हैल्पलाइन नंबर टोल फ्री 100 पर शिकायत करें। इस पर शिकायत करते ही यात्रा के दौरान ही समस्या का समाधान हो जाएगा।

अपील की है कि लोग सुरक्षित यात्रा करते समय हर हमेशा सजग रहें। कई बार योजनाबद्ध तरीके से अपराधियों द्वारा नशे का स्प्रे या रूमाल झाड़कर यात्रियों को बेहोश कर दिया जाता है, इससे बचें। गाड़ियों में संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर इसकी सूचना दें।

### एचआरटीसी प्रबंधन की सूचना पर पहुंची पुलिस

इससे पूर्व चंबा बस स्टैंड में जब एचआरटीसी बस से पूरी सवारियां उतर गईं तो पींकू बेहोशी की हालत में था। पहले तो परिचालक को लगा कि वह सोया हुआ है लेकिन काफी समय तक जब आंखें नहीं खोलीं तो एचआरटीसी प्रबंधन की सूचना पर चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची। होश में आने पर पींकू ने दिए बयान में बताया कि वह मनाली में होटल में कार्य करता है। बीते शनिवार रात को बस में ही चंबा वापस आ रहा था, इस दौरान उसके साथ यह हादसा हुआ। उसके पास बैग में 30,000 रुपए कैश व मोबाइल था, जो चोरी हो गया है। सिटी चौकी चम्बा पुलिस ने पींकू के बयान दर्ज करके जांच शुरू कर दी है, लेकिन पींकू को इस बात की जानकारी नहीं है कि उसे बस में बेहोश करने वाला व्यक्ति कौन से स्टेशन पर उतरा है। ऐसे में पुलिस को अभी आरंभिक जानकारी नहीं मिली है। एसपी अभिषेक यादव ने बताया कि इस बारे युवक के बयान के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### सूडोकु 0034 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0033 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

16 अप्रैल, 2024, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि** अष्टमीः (1:26) : **नक्षत्र :** पुष्य (05:16), **पक्ष :** शुक्ल, **योगः** धृति (11:15) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:55-12:46), **राहुकाल** (03:34 -5:11)।

### विशेष दिन

- 16 अप्रैल 2024 : चैत्र दुर्गाष्टमी आज।
- 17 अप्रैल 2024 : श्री रामनवमी कल।

**मेष :** लंबित कार्य आज भी अधूरे रहेंगे। आर्थिक वृद्धि के प्रयास निष्फल होंगे। व्यावसायिक कार्य सफल नहीं हो पाएंगे। फिजूल की बातों से दूर रहें।

**वृषभः** संतान के कार्यो से दुखी रहेंगे। व्यापार, नौकरी में स्थिति मध्यम रहेगी। बाधाओं से मन परेशान रहेगा। परिश्रम का महत्व समझें।

**मिथुनः** आजीविका के नए स्त्रोत स्थापित होंगे। प्रतिष्ठित व्यक्ति से मेल-जोल बढ़ेगा। कला की तरफ रुझान होगा। व्यापार में नए अनुबंध होंगे।

**कर्क :** विवाह योग्य जातकों को समय अनुकूल है। संतान की चिंता रहेगी। शत्रु पक्ष आपकी छवि बिगाड़ने की कोशिश करेंगे। व्यापार की समस्याओं से परेशान होंगे।

**सिंह :** शत्रु पक्ष आपकी छवि बिगाड़ने की कोशिश करेंगे। व्यापार से मन परेशान रहेगा। आज हनुमानजी को गुड़ का नेवैद्य लगाए।

**कन्या :** क्रोध पर नियंत्रण रखें। अनावश्यक वाद-विवाद टालें। आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है। व्यर्थ के दिखावे एवं आडंबरों से दूर रहें।

**तुलाः** दिन की शुरुआत नए संकल्पों के साथ होगी। व्यावसायिक सफलता से हर्ष होगा। आपके द्वारा लिए गए निर्णय सही होंगे।

**वृश्चिकः** संतान की उन्नति खुशी को बढ़ाएगी। सोचे हुए काम बनेंगे। बौद्धिक चिंतन से आशंकाएं दूर होंगी। व्यापार अच्छा चलेगा। दूसरों की देखा-देखी न करें।

**धनु :** माता-पिता के साथ समय बिताएंगे। व्यापार, काम-धंधे की स्थिति संतोषजनक रहेगी। किसी चिंता से मुक्ति मिलेगी।

**मकरः** बोलने से पहले सोचें। झूठ से बचें। सुख के साधनों को क्रय करने के योग बनेंगे। पिछले कार्यों में विशेष सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** व्यवहार में चिड़चिड़ापन रहेगा। स्वभाव में परिवर्तन लाना जरूरी है। घर में क्लेश बढ़ेंगे। पेट से संबंधित रोग से पीड़ित रहेंगे।

**मीनः** परिजनों से सहयोग मिलेगा। परिवार में सुख-शांति रहेगी। संतान की ओर से अनुकूल परिणाम आएंगे। व्यापार अच्छा चलेगा।

# चंबा-कूंर रूट पर बस सेवा बंद, लोगों में रोष

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा-छतराड़ी-कूंर एचआरटीसी की बस सेवा एक बार फिर बंद हो जाने के कारण महिलाओं व वरिष्ठ नागरिकों के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी बस सुविधा मुहैया न होने के कारण महिलाओं व वरिष्ठ नागरिकों को मजबूरी में अधिक किराया देकर निजी बस में सफर करना पड़ रहा है।

गौरतलब है पिछले कई महीनो से यह बस सेवा बंद चली हुई है। हालांकि सितंबर महीने में हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम के निदेशक सुरजीत भरमौरी ने इस बस सेवा को पुन: शुरू करवाया था लेकिन सवारियां नहीं होने का हवाला देकर निगम ने इस बस सेवा को फिर बंद कर दिया है। लिहाजा सरकारी बस सेवा बंद होने के कारण लाभार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बस सेवा को शुरू करने के लिए कई बार पंचायत प्रतिनिधियों ने डीसी व निगम प्रबंधन के सामने प्रस्ताव भेजे हैं लेकिन सावरियां कम होने का हवाला देकर इस बस सेवा को अकसर कुछ दिनों बाद बंद कर दिया जाता रहा है।

स्थानीय लोगों ने इस बस सेवा की टाइमिंग को बदलने की मांग की है और विभाग से गुजारिश की है कि इस बस सेवा को पुराने बस रूट चामुंडा-छतराड़ी चलाया जाए। लिहाजा इस सेवा के शुरू हो जाने के बाद लोगों को सीधे गांव से कांगड़ा के लिए बस सेवा मिल जाएगी।

# बदलते मौसम में खानपान का रखें ध्यान : आशुतोष

**अनंत ज्ञान, मंडी**

बदलते मौसम को लेकर खान पान का विशेष ध्यान रखें और तली हुई चीजों का कम से कम इस्तेमाल करें। यह बात वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी मंडी डॉ. आशुतोष भारद्वाज ने कही। उन्होंने कहा कि डिब्बा बंद वस्तुओं को सोच समझ कर खरीदें और घर का बना हुआ खाना ही खाएं।

गर्मियों के मौसम में शरीर में पानी की कमी हो जाती है। इस दौरान नींबू पानी व सामान्य पानी का अधिक से अधिक सेवन करने के साथ फ्रिज के पानी का इस्तेमाल नाममात्र ही करें।

डॉ. आशुतोष भारद्वाज ने कहा कि बदलते मौसम में खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इसके साथ खास तौर बच्चों व बुजुर्गों का भी अधिक ध्यान रखनें की जरूरत ताकी बलदते मौसम में वह बिमारी की चपेट में न आए।

## समस्या | पार्किंग की सुविधा न होने से पेश आ रही दिक्कतें

# तेलका में ट्रैफिक जाम से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

डलहौजी के तेलका में पार्किंग सुविधा ना होने से ट्रैफिक जाम की समस्या सिरदर्द साबित होने लगी है। इस समस्या के चलते जहां लोगों को पैदल आवाजाही में दिक्कतों पेश आ रही हैं वहीं दुकानदारों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे में कस्बे के लोगों ने जल्द तेलका में पार्किंग स्थल चिन्हित कर समस्या का स्थायी हल मांगा है।

इस दौरान संजय कुमार, राकेश कुमार, हनीफ मुहम्मद, प्रवीन कुमार, राजेंद्र कुमार, पवन कुमार, रमेश कुमार, कर्म सिंह, कमलेश कुमार, मनोज कुमार व तिलक राज का कहना है कि उपतहसील मुख्यालय तेलका आठ पंचायतों का मुख्य केंद्र हैं।


जाम की फाइल फोटो।

तेलका में सरकारी काम के अलावा रोजमर्रा के सामान की खरीददारी हेतु लोग यहां पहुंचते हैं। मगर तेलका में पार्किंग सुविधान होने से लोगों को बाजार से दूर या फिर बाजार में सडक् किनारे ही गाड़ियां खड़ी करनी पड़ती हैं।

### पार्किंग के लिए वाहन चालक भी परेशान

**स्थानीय** दुकानदारों व वाहन चालकों को भी गाड़ियां इधर-उधर खड़ी करनी पड़ती हैं। यदि किसी कारणवश गाड़ी बाजार में लानी पड़े तो पास लेने की दिक्कत पैदा हो जाती है। इससे जाम की समस्या आम होने लगी है। उन्होंनें साथ ही बताया कि तेलका क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन गाड़ियों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। इससे समस्या दिन- प्रतिदिन विकराल रूप धारण करती जा रही है। ऐसे में अगर जल्द तेलका में पार्किंग स्थल चिन्हित करके समस्या का हल न किया गया तो यहां कभी भी कोई हादसा पेश आ सकता है।

## बैसाखी पर दो दिवसीय छिंज मेला संपन्न

**मंडी।** हर साल बैसाखी के मौके पर आयोजित होने वाला दो दिवसीय छिंज मेला संपन्न हो गया। बैसाखी के मौके पर शीतला माता मंदिर पुरानी मंडी से जलेब निकालकर भीऊली में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मेले का विधिवत हो शुभारंभ नगर निगम के आयुक्त एचएस राणा ने किया। इस मौके पर भीमा काली मंदिर कमेटी के प्रधान पुष्पराज शर्मा व अन्यों ने स्वागत सत्कार किया। मेले के दुसरे दिन छिंज का आयोजन किया गया। उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में की पहलवानों ने कड़ी जोर आजमाइश की व कुश्ती प्रेमियों से वाहवाही बटोरी। समाचार लिखे जाने तक मुकाबले जारी थे।

# यातायात नियमों की अवहेलना पड़ सकती है भारी

## एक माह से अधिक समय में नियमों की अवहेलना करने के मामले में काटे 717 चालान, वसूला दो लाख 46 हजार 400 जुर्माना

**कमलेश वर्मा, केलांग**

लाहौल-स्पीति जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों में लगातार देश-विदेश के सैलानियों की संख्या में इजाफा हो रहा है।

ऐसे में यहां पहुंचने वाले कई पर्यटक जहां यातायात नियमों की अवहेलना कर रहे हैं। वहीं, सड़कों पर वाहनों से स्टंट करके अपनी जान भी जोखिम में डाल रहे हैं। साथ ही ओवरस्पीड, शराब पीकर वाहन चलाना, बिना आरसी सहित कई तरह से यातायात नियमों की अवहेलना कर रहे हैं। ऐसे वाहन चालकों पर लाहौल-स्पीति जिले में एंट्री भारी पड़ सकती है। जिला पुलिस की टीम एसपी मयंक चौधरी के नेतृत्व में बेहतरीन कार्य कर रही है और नियमों की अवहेलना करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। यातायात नियमों की अवहेलना करने के कई मामले सामने आए हैं, जिन पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की है। जिला पुलिस ने यातायात नियमों की अवहेलना करके वाहनों के माध्यम से स्टंटबाजी भी यहां पर कुछ वाहन चालक करते हैं। ऐसा ही एक और ताजा मामला फिर से सामने आया है, जिसमें पुलिस टीम ने सड़क पर वाहन में स्टंटबाजी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 2500 का चालान काटा है। लाहौल घाटी के सिस्सू के समीप एक वाहन चालक सड़क पर स्टंटबाजी कर रहा था, जबकि दो अन्य युवा उस वाहन के स्टंट की वीडियो बना रहे थे। स्टंटबाजी की यह वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने की जानकारी मिलते ही जिला पुलिस ने तुरंत संज्ञान लेते हुए चालक का चालान काटा है। इसी वीडियो के आधार पर पुलिस ने चालक की पहचान की और मोटर वाहन अधिनियम के तहत 2500 रुपए का चालान काटा।


स्टंटबाजी करते पर्यटक।

लाहौल-स्पीति पुलिस के अनुसार यदि कोई वाहन चालक लगातार यातायात नियमों की अवहेलना करता है या इस तरह से सड़कों पर स्टंटबाजी करता है, तो उसका चालान काटने के साथ ही वाहन को बाउंड भी किया जाएगा। सनद रहे कि जिला पुलिस द्वारा लापरवाही से गाड़ी चलाने एवं यातायात नियमों की उल्लंघना करने पर कानूनी कार्रवाई लगातार अमल में लाई जा रही है और लाहौल में जगह-जगह पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। जिला पुलिस के अनुसार सड़कों पर खतरनाक स्टंट करना जोखिम भरा साबित हो सकता है। सड़कों पर सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने में आपका सहयोग महत्वपूर्ण है। वहीं, जिला पुलिस की ओर से जिले में आ रहे मोटर साइकिल चालकों पर भी यातायात नियमों की अवहेलना करने पर शिकंजा कसा जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### ओवर स्पीड के 42, डेंजरस ड्राइविंग के 10 चालान काटे

एक मार्च से लेकर 13 अप्रैल तक जिला लाहौल-स्पीति पुलिस ने विभिन्न यातायात नियमों की अवहेलना करने पर जिनमें ओवर स्पीड के 42, डेंजरस ड्राइविंग के 10, बिना आरसी के 24, यातायात नियमों की अवहेलना जैसे स्टंटबाजी सहित अन्य के 64 सहित कुल 717 चालान काटे गए, जबकि इन सभी मामलों में अभी तक दो लाख 46 हजार 400 रुपए जुर्माना वसूला गया है।



स्थानीय व बाहरी राज्यों के वाहन चालकों से बार-बार अपील की जा रही है कि यातायात नियमों का सख्ती से पालना करें और पुलिस का सहयोग करें। सड़कों पर स्टंटबाजी से बचें और दूसरों को भी जागरूक करें। जिला पुलिस सदैव आपकी सेवा एवं सुरक्षा में तत्पर है।
**मयंक चौधरी, एसपी जिला लाहौल- स्पीति।**

### बाहरी राज्यों के चालक वाहनों पर झंडे लगाकर घाटी में कर रहे प्रवेश

बाहरी राज्यों से कुछ वाहन चालक मोटर साइकिल या अन्य वाहनों पर विभिन्न झंडे लगाकर भी घाटी में प्रवेश कर रहे हैं। इस तरह वाहनों में झंडे लगाने जहां यातायात नियमों का उल्लंघना करना है वहीं, स्वयं भी मोटरसाइकिल चालकों व अन्य वाहन चालकों के अलावा दूसरों को भी झंडों से यातायात के दौरान जोखिम हो सकता है, जो जानलेवा साबित हो सकता है। लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की ओर से ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है और उनके चालान काटे जा रहे हैं। हालांकि जिला पुलिस का कहना है कि पुलिस का उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष एवं धर्म विशेष की भावनाओ को ठेस पहुंचाना नहीं है। जिला पुलिस की ओर से स्थानीय व बाहरी राज्यों के वाहन चालकों से लगातार यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने की अपील की जा रही है। वाबजूद इसके कुछ वाहन चालक यातायात नियमों की अवहेलना करने से नहीं मान रहे हैं।

# शिव-पार्वती के विवाहित रूप में महिलाओं ने किया लोकनृत्य


झीरू मेला पर्व में देवी-देवताओं का मिलन।

**अनंत ज्ञान, आनी**

आउटर सिराज के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बागा सराहन में बैसाख माह के शुभारंभ और हिंदू नव वर्ष की नई रीत का सबसे बड़ा ऐतिहासिक झीरू मेला पर्व पुरानी रीति रिवाज के साथ संपन्न हो गया है।

इस मेले में देवता बूढ़ा सरौहणी, मां ब्रह्मचूड़ी और झलैर फाटी के देवता 'रियासी नाग' ने अपने दिव्य रथ में सुसज्जित होकर देव वाद्ययंत्रों की थाप पर कारकून व देवलुओं संग शिरकत की। मेला कमेटी के सचिव अशोक ने बताया कि इस मेले में देवता की भव्य जलेब यात्रा निकाली गई और पड़ेई का पेड़ दोनों मंदिरों में लगाया गया। मेला मैदान में यहां की ग्रामीण महिलाओं 'जाई जंति' ने कुल्लवी वेशभूषा में धूप जलाकर सूखे मेवे से तीनों देवताओं को प्रसाद अर्पित किए। शिव-पार्वती के विवाहित रूप में यहां की महिलाओं ने लोक नृत्य किया और अढ़ाई फेरे नृत्य के बाद भव्य नाटी की रस्म निभाई।

# प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण देव मंडी लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी

**केलांग।** प्रदेश कांग्रेस ने भविष्य में युवा नेताओं को तरासने की कवायद तेज कर दी है। इस कड़ी में कांग्रेस युवा नेता एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण देव बौद्ध को बड़ी जिम्मेदारी दी है। पार्टी ने कर्ण देव बौद्ध को मंडी लोकसभा सीट का प्रभारी बनाया है।

**कहा-लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों को विजय बनाना लक्ष्य**

पार्टी ने उनकी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए लगातार उनका संगठन में प्रमोशन किया है। भारतीय राष्ट्रीय अनुसंधान युवा कांग्रेस में उन्हें बतौर मंडी का प्रभारी नियुक्त किया है। इस अवसर पर युवा कांग्रेस नेता कर्ण देव बौद्ध ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका वह पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। उनका पहला लक्ष्य लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों को विजय बनाना है। वर्तमान में केंद्र की मोदी सरकार से लोग बुरी तरह से तंग हैं। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है और यह सरकार आने वाले समय में दोबारा फिर से रिपीट होगी। कर्ण देव बौद्ध लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र से टिकट के भी प्रबल दावेदार हैं।

# अरे विक्रमादित्य जी! आप तो बेवफा निकले : गोविंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि मंडी लोस क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत को मुद्दों पर बात करने की नसीहत दे रहे हैं, लेकिन खुद तो उन्होंने जनता से वफादारी नहीं निभाई।

सोमवार को ढालपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने पहले छह विधायकों को उकसाने का काम किया और उनसे मिलने भी पहुंचे, लेकिन बाद में खुद वफादारी नहीं निभाई। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि अरे विक्रमादित्य जी! आप तो बेवफा निकले। विक्रमादित्य सिर्फ मीडिया और सोशल मीडिया के ही नेता हैं, जबकि धरातल पर उन्हें किसी बात की जानकारी नहीं होती है। वे राज परिवार में पैदा हुए और उन्होंने बचपन से लेकर आज तक सिर्फ सत्ता का सुख ही भोगा है। ऐसे में गरीब व्यक्ति की क्या परेशानी होती है, इससे उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। गोविंद ने कहा कि ऐसा क्या हो गया कि शिमला ग्रामीण को छोड़कर विक्रमादित्य सिंह को मंडी का चुनाव लड़ना पड़ रहा है। अगर कांग्रेस को एक ही परिवार के व्यक्ति को टिकट देना था, तो यहां से सिटिंग सांसद प्रतिभा सिंह को ही चुनावी मैदान में उतारती। इससे पता चलता है कि कांग्रेस पार्टी अब प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के परिवार की राजनीति को खत्म करने में जुटी हुई है। वहीं, उन्होंने विक्रमादित्य सिंह पर तंज कसते हुए कहा कि रामपुर की सड़कों में अभी तक 52 सीटर बसें नहीं चलती हैं। उनके अपने विस क्षेत्र में कोई विकास के नाम पर कुछ नहीं हुआ है और अब वह मंडी लोकसभा से टिकट लेकर भाजपा प्रत्याशी को मुद्दों पर बात करने की नसीहत दे रहे हैं। हिमाचल में लोकसभा चुनाव के समय भाजपा के समक्ष भी कई चुनौतियां हैं, लेकिन भाजपा इन सभी चुनौतियों से निपटना जानती है और मंडी संसदीय क्षेत्र से भी भाजपा के प्रत्याशी को ही जीत मिलेगी। इस मौके पर इस अवसर पर उनके साथ प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित सूद, दानवेंद्र सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल, भाजपा नेता नरोत्तम, महिला मोर्चा की अध्यक्ष विमला ठाकुर उपस्थित रहीं।


प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंत्री गोविंद ठाकुर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए।

### मोदी के नेतृत्व में आर्थिक दृष्टि से देश पांचवें पायदान पर

गोविंद ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज आर्थिक दृष्टि से देश पांचवें पायदान पर है। भाजपा ने अपना घोषणा पत्र संकल्प पत्र के रूप में जारी किया है। इस संकल्प पत्र में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। हम एक साथ देश व प्रदेश में दो सरकारें बनाने वाले हैं। चार जून को जहां देश में नरेंद्र मोदी की सरकार बनेगी, वहीं प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी।

# कार्यकर्ताओं से विक्रमादित्य को जिताने का किया आहवान

**मनाली।** मनाली विधानसभा कांग्रेस कमेटी की बैठक अंबेडकर भवन में अध्यक्ष हरी चंद शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विधायक भुवनेश्वर गौड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में कार्यकर्ताओं द्वारा सर्वेसमिति से विक्रमादित्य को मंडी संसदीय क्षेत्र का प्रत्याशी बनाए जाने पर कांग्रेस हाई कमान का धन्यवाद किया। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए रणनीति तैयार की। ब्लॉक अध्यक्ष हरिशचंद शर्मा ने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ता सक्रिय रूप से कार्य करेंगे और इस विधानसभा क्षेत्र से भारी मतों से प्रत्याशी को विजय बनाएंगे। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कार्यकर्ताओं से अपने प्रत्याशी को जिताने का आहवान किया। बैठक में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया व प्रत्याशी को जिताने के लिए अपने-अपने विचार व सुझाव रखे। इस बैठक में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस सचिव देवेंद्र नेगी, निहाल सिंह ठाकुर, जिला परिषद सदस्य अरुणा ठाकुर, वीर सिंह ठाकुर के साथ-साथ जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के साथ सभी फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

**बूथ स्तर पर कार्यकर्ता सक्रिय रूप से कार्य करेंगे : हरिशचंद शर्मा**

# कछुआ गति से चल रहा आनी में सब्जी मंडी का कार्य

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

कुल्लू के उपमंडल मुख्यालय आनी के किरण बाजार में सब्जी मंडी का निर्माण कार्य कछुआ गति से चल रहा है।

एक साल से ज्यादा समय से निर्माणाधीन सब्जी मंडी में अभी तक केवल सुरक्षा दीवार का ही निर्माण हो पाया है, जबकि वह भी अधूरा है। क्योंकि करीब 20 मीटर भाग में सुरक्षा दीवार अभी भी नहीं लगाई गई है, जबकि बिना सुरक्षा दीवार के गत बरसात में इसके साथ से गुजरने वाली खड्ड में बाढ़ आने पर इसका पानी अंदर घुस गया था, लेकिन हैरानी इस बात की है कि करोड़ों की लागत से सब्जी मंडी का निर्माण कार्य करवा रही एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति ने बीती बरसात से सबक नहीं लिया और सुरक्षा दीवार का एक छोटा सा भाग खुला छोड़ दिया, जो इस बरसात में निर्माणाधीन सब्जी मंडी को नुकसान पहुंचा सकता है। (अनंत ज्ञान)

### निर्माण कार्य बाकी

आनी के किरण बाजार में करोड़ों रुपए से ज्यादा की लागत से बनने वाली इस सब्जी मंडी में नीलामी मंच, दुकानें और ऑफिस, किसान भवन, सामुदायिक भवन, कैंटीन आदि का भी प्रावधान रहेगा, जिसका निर्माण कार्य शुरू होना अभी बाकी है।



### गत वर्ष कांग्रेस के निशाने पर रहा था भाजपा का फैसला

बता दें कि आनी में पूर्व भाजपा सरकार के दौरान आनी से संबंध रखने वाले एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के चेयरमैन रहते हुए अमर ठाकुर ने आनी के किरण बाजार में सब्जी मंडी खुलवाने का निर्णय लिया था, लेकिन ठेकेदार द्वारा कछुआ गति से सुरक्षा दीवार के निर्माण के कारण गत वर्ष जब नदी का रुख अंदर मुड़ा, तो कांग्रेस के महासचिव सतपाल ठाकुर ने भाजपा के इस निर्णय का जमकर विरोध किया था, लेकिन अफसोस कि एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति ने इससे भी सबक नहीं लिया।

### आनी के साथ मंडी की कई पंचायतों को होगा लाभ

आनी व आसपास का क्षेत्र बागवानी और कृषि पर निर्भर है। सेब आनी व आसपास के क्षेत्रों की नकदी फसल है। ऐसे में आनी में सब्जी मंडी के निर्माण से क्षेत्र के हजारों बागवानों को अपनी साल भर की कमाई को प्रदेश की विभिन्न सब्जी मंडियों तक पहुंचाने की सिरदर्द से छुटकारा मिल सकता है और उनका उत्पाद घरद्वार आसानी से बिक सकता है, लेकिन जिस रफ्तार से इसका निर्माण कार्य चल रहा है ऐसे में अभी क्षेत्र के बागवानों और किसानों को सालों और इंतजार करना पड़ सकता है।

### बागवान 12 महीने कर सकेंगे व्यापार

इस सब्जी मंडी में फलों के अलावा सब्जियों का व्यापार साल के 12 महीनों जारी रहेगा, ताकि आनी क्षेत्र के अलावा साथ लगते मंडी और शिमला जिले के किसानों और बागवानों को अपने कृषि एवं बागवानी उत्पादों को बेचने के लिए यहां-वहां न भटकना पड़े, लेकिन सब्जी मंडी के निर्माण में बरती जा रही ढील से क्षेत्र की जनता खासी नाराज है।

सुरक्षा दीवार के बचे हुए काम का फिर से टेंडर लगना है, जो आदर्श आचार संहिता के बाद लगेगा, जबकि सुरक्षा दीवार पूरी होने के बाद साइट डेवलपमेंट का काम होगा।
**शगुन सूद, सचिव , एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति।**

## जिलेभर के मंदिरों में नवरात्र की धूम, सैकड़ों भक्तों ने भरी हाजिरी

# शीतला मंदिर में हुआ हवन-पाठ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के विभिन्न मंदिरों में इन दिनों नवरात्र की खूब धूम है। कहीं जहां नवरात्र के उपलक्ष्य पर जागरण का आयोजन हो रहा है।

वहीं, कहीं पर हवन सहित भजन-कीर्तन की धूम है। इसी कड़ी में सोमवार को माता मंदिर सरवरी में सप्तम नवरात्र के दौरान हर वर्ष की भांति इस बार भी हवन पाठ का आयोजन किया गया। प्रात: काल की आरती के उपरांत माता का पाठ शुरू हुआ। तत्पश्चात हवन किया गया व कन्या पूजन के उपरांत दर्जनों भक्तों ने पूर्णाहुति डाली। मंदिर के पुजारी व प्रमुख मदन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्र का सातवां दिन मां कालरात्रि को समर्पित होता है। मां के इस रूप को बहुत भयंकर माना जाता है। शत्रु और विरोधियों को नियंत्रित करने के लिए मां कालरात्रि की उपासना अत्यंत शुभ होती है। इनकी उपासना से भय, दुर्घटना तथा रोगों का नाश होता है तथा ये भक्तों का हमेशा कल्याण करती हैं, इसलिए इन्हें शुभंकरी भी कहते हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान सभी के कल्याण की कामना की गई।


शीतला माता मंदिर में हवन के दौरान आरती करते पुजारी व अन्य।

# मोहन के भजनों पर झूमे भक्त

**अनंत ज्ञान, आनी**

चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर आनी व चवासी क्षेत्र की प्रसिद्ध देवी मां बाड़ी दुर्गा के मंदिर में हरिपुर क्षेत्र के भक्त परिवहन निगम के चालक शेर सिंह ठाकुर तथा उनके सहयोगी भक्तों के सहयोग से एक विशाल भगवती जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें एसडीएम आनी नरेश वर्मा, तुमन पंचायत के उपप्रधान चमन खाची, कारदार किशन वर्मा, गुर मस्त राम, भढारी सुंदर खाची, पुजारी मनजीत शर्मा, नरेंद्र शर्मा, उपप्रधान राज कुमार तथा बबलेश विशेष रूप से मौजूद रहे। इस जागरण में आनी व चवासी क्षेत्र के सैकड़ों भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

भजन संध्या में हिमाचल की प्रसिद्ध लोक गायिका नीरु चांदनी, लोक गायक मोहन गुलेरिया तथा श्याम भारद्वाज ने अपने मधुर भजनों की प्रस्तुति से संध्या में खूब धमाल मचाया। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन एंकर ललित शर्मा ने किया। जागरण की शुरुआत गायक श्याम भारद्वाज ने अपने चर्चित भजनों से की, जिन्हें सुन भक्त निहाल हो उठे। वहीं, अगली प्रस्तुति में करसोग क्षेत्र के मशहूर लोक गायक मोहन गुलेरिया ने गणेश स्तुति से अपने कार्यक्रम का आगाज किया।


आनी व चवासी क्षेत्र की देवी मां बाड़ी दुर्गा के मंदिर में भजन-कीर्तन करते भक्तजन।

## विक्रमादित्य को मैदान में उतारने से कार्यकर्ताओं में जोश : अनिल ठाकुर

**केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति कांग्रेस कमेटी के महासचिव अनिल ठाकुर ने कहा कि मंडी लोकसभा क्षेत्र से लोकप्रिय नेता पूर्व मुख्यमंत्री स्व. राजा वीरभद्र सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह को चुनाव मैदान में उतारने से कार्यकर्ताओं में जोश भर गया है। वह व्यक्तित्व के धनी थे उन्हें हिमाचल प्रदेश का बच्चा जानता था उन्होंने हमेशा नि:स्वार्थ सेवा भाव हिमाचल प्रदेश की सेवा की है। कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह जनाधार वाले नेता है। उनके चुनाव मैदान में उतरने से भाजपा में खलबली मच गई है।

**शूटिंग** कोकसर पंचायत में बर्फ के बीच फिल्माए गए फिल्म के ट्रैकिंग सीन

# शूटिंग कर लौटी फिल्म 'मिस्टर एक्स' की यूनिट

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

लाहौल की खूबसूरत वादियों में शूटिंग करने के लिए आई साऊथ फिल्म इंडस्ट्री की फिल्म यूनिट वापस लौट गए हैं। सोमवार को प्रिंस पिक्चर के बैनर तले बन रही तमिल फिल्म मिस्टर एक्स की पूरी यूनिट लाहौल के कोकसर पंचायत में शूटिंग कर सुबह वापस लौट गए। यूनिट ने 12 से लेकर 14 तक शूटिंग के कई दृश्यों को फिल्माया।

तमिल फिल्म मिस्टर एक्स के मुख्य कलाकार अभिनेता आर्या और गौतम कार्तिक हैं और फिल्म के निर्देशक मनु आनंद हैं। फिल्म के स्टंट कोरियोग्राफर है स्टंट सिल्वा, जो कि फिल्म में हैरतंगेज स्टंट को निर्देशक के साथ मिल कर फिल्मा रहे। लाहौल-स्पीति के शूटिंग को-ऑर्डिनेटर सेम शाशनी ने जानकारी देते हुए बताया कि तमिल फ़िल्म मिस्टर एक्स की यूनिट फिल्म के एक महत्वपूर्ण दृश्य के फिल्मांकन के लिए लाहौल आए थे और इस दौरान यूनिट ने फिल्म के दृश्य के लिए जिसमें बर्फ में ट्रैकिंग के दृश्य को फिल्माया जाना था, उसे कोकसर पंचायत के खूबसूरत स्थानों पर दो दिनों में पूरा किया। इस दौरान लाहौल के युवाओं को भी शूटिंग का हिस्सा बनने का मौका दिया गया। सेम ने बताया कि फिल्म के निर्देशक एवं कलाकारों को लाहौल की खूबसूरत वादियों ने बहुत प्रभावित किया। अभी घाटी में बहुत से फिल्म यूनिट जिनमें बॉलीवुड, साऊथ फिल्म इंडस्ट्री ओर वेब सीरीज शामिल हैं। शूटिंग के लिए लाहौल-स्पीति आने वाले हैं और फिल्मों की शूटिंग से लाहौल-स्पीति की लोकप्रियता भी बढ़ने वाली है। (अनंत ज्ञान)


तमिल फिल्म मिस्टर एक्स की पूरी यूनिट और कलाकार।

### लाहौल-स्पीति बन रहा फिल्म निर्माताओं की पसंद

लाहौल-स्पीति में कुछ सालों से जिस तरह से फिल्मों की शूटिंग में इजाफा हुआ है, वह लाहौल-स्पीति के अनछुए इलाकों को लोकप्रिय बना कर पर्यटकों को घाटी में आने के लिए आकर्षित कर रहा है और इससे लाहौल-स्पीति पर्यटन के क्षेत्र में ओर भी तेजी से बढ़ने लगा है, साथ ही यहां की आर्थिकी को भी मजबूती प्रदान कर रहा है।



यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जन।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते।।

भावार्थ : श्रेष्ठ पुरुष जैसा आचरण करते हैं, सामान्य पुरुष भी वैसा ही आचरण करने लगते हैं। श्रेष्ठ पुरुष जिस कर्म को करता है, उसी को आदर्श मानकर लोग उसका अनुसरण करते हैं।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 16 अप्रैल 2024

चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी 17 अप्रैल को

# ज्ञान गंगा और त्याग की कथा है 'रामायण'

**मित्रों,** एक रात की बात हैं, राजमाता कौशल्या जी को सोते ही अपने महल की छत पर किसी के चलने की आहट सुनाई दी, नींद खुल गई, पूछा कौन हैं?
मालूम पड़ा श्रुतकीर्ति जी, सबसे छोटी बहू (शत्रुघ्न की पत्नी) हैं।

माता कौशल्या जी ने उन्हें नीचे बुलाया, श्रुतकीर्ति जी आई, चरणों में प्रणाम कर खड़ी हो गईं। माता कौशल्या जी ने पूछा, श्रुतकीर्ति इतनी रात को अकेली छत पर क्या कर रही हो बेटी? क्या नींद नहीं आ रही? शत्रुघ्न कहां है? रानी श्रुतकीर्ति की आंखें भर आईं, बोलीं, मां उन्हें तो देखे हुए तेरह वर्ष हो गए। कौशल्या जी का ह्रदय कांप कर झटपटा गया, तुरंत आवाज लगाई, सेवक दौड़े आए, आधी रात ही पालकी तैयार हुई, आज शत्रुघ्न जी की खोज होगी, मां चली।

आपको मालूम है शत्रुघ्न जी कहां मिले? अयोध्या जी के जिस दरवाजे के बाहर भरत जी नंदिग्राम में तपस्वी होकर रहते हैं, उसी दरवाजे के भीतर एक पत्थर की शिला है, उसी शिला पर, अपनी बांह का तकिया बनाकर लेटे मिले। मां सिराहने बैठ गईं, बालों में हाथ फिराया तो शत्रुघ्न जी ने आंखें खोलीं, मां! उठे, चरणों में गिरे, मां! आपने क्यों कष्ट किया? मुझे बुलवा लिया होता।

मां ने कहा, शत्रुघ्न! यहां क्यों? शत्रुघ्न जी की रुलाई फूट पड़ी, बोले, मां! भैया राम जी पिताजी की आज्ञा से वन चले गए, भैया लक्ष्मण जी उनके पीछे चले गए, भैया भरत जी भी नंदिग्राम में हैं, क्या ये महल, ये रथ, ये राजसी वस्त्र, विधाता ने मेरे ही लिए बनाए हैं? माता कौशल्या जी निरुत्तर रह गईं। देखो क्या है ये रामकथा। यह भोग की नहीं, त्याग की कथा है। यहां त्याग की ही प्रतियोगिता चल रही है और सभी प्रथम हैं, कोई पीछे नहीं रहा, चारों भाइयों का प्रेम और त्याग एक-दूसरे के प्रति अद्भुत अभिनव और अलौकिक है।



मित्रो, जिस मनुष्य में नैतिकता, ईमानदारी, दया, प्रेम, करुणा, त्याग, समर्पण की भावना हो उस मनुष्य में राम ही बसते हैं। कभी समय मिले तो अपने वेद, पुराण, गीता, रामायण को पढ़ने और समझने का प्रयास किजिएगा। जीवन को एक अलग नजरिए से देखने और जीने का सऊर मिलेगा -पंडित लेखराज शर्मा, जोगिंद्रनगर।

रामायण जीवन जीने की सबसे उत्तम शिक्षा देती है। भगवान श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास हुआ तो उनकी पत्नी सीता मां ने भी पत्नी धर्म निभाते हुए सहर्ष वनवास स्वीकार कर लिया था।

परंतु बचपन से ही बड़े भाई की सेवा में रहने वाले लक्ष्मण जी कैसे राम जी से दूर हो जाते, माता सुमित्रा से तो उन्होंने आज्ञा ले ली थी, वन जाने की, परंतु जब पत्नी उर्मिला के कक्ष की ओर बढ़ रहे थे तो सोच रहे थे कि मां ने तो आज्ञा दे दी, परंतु उर्मिला को कैसे समझाऊंगा? क्या बोलूंगा उनसे? यही सोच विचार करके लक्ष्मण जी जैसे ही अपने कक्ष में पहुंचे तो देखा कि उर्मिला जी आरती का थाल लेकर खड़ी थीं और बोलीं, आप मेरी चिंता छोड़ प्रभु श्रीराम की सेवा में वन को जाओ, मैं आपको नहीं रोकूंगीं।

मेरे कारण आपकी सेवा में कोई बाधा न आए, इसलिए साथ जाने की जिद्द भी नहीं करूंगी। लक्ष्मण जी को जो कहने में संकोच हो रहा था, परंतु उनके कुछ कहने से पहले ही उर्मिला जी ने उन्हें संकोच से बाहर निकाल दिया। वास्तव में यही पत्नी का धर्म है, पति संकोच में पड़े, उससे पहले ही पत्नी उसके मन की बात जानकर उसे संकोच से बाहर कर दे। लक्ष्मण जी चले गए, परंतु 14 वर्ष तक उर्मिला ने एक तपस्विनी की भांति कठोर तप किया।

## हनुमान ने अयोध्या में सुनाया लक्ष्मण मूर्छित का वृतांत

वन में प्रभु श्रीराम, माता सीता की सेवा में लक्ष्मण जी कभी सोये नहीं, परंतु उर्मिला ने भी अपने महलों के द्वार कभी बंद नहीं किए और सारी रात जाग जागकर उस दीपक की लौ को बुझने नहीं दिया। मेघनाथ से युद्ध करते हुए जब लक्ष्मण जी को शक्ति लग जाती है और हनुमान जी उनके लिए संजीवनी का पर्वत लेकर लौट रहे होते हैं, तो बीच में जब हनुमान जी अयोध्या के ऊपर से गुजर रहे थे तो भरत जी उन्हें राक्षस समझकर बाण मारते हैं और हनुमान जी गिर जाते हैं। तब हनुमान जी सारा वृतात सुनाते हैं कि माता सीताजी को रावण हर ले गया, लक्ष्मण जी युद्ध में मूर्छित हो गए हैं।

यह सुनते ही कौशल्या जी कहती हैं कि राम को कहना कि लक्ष्मण के बिना अयोध्या में पैर भी मत रखना, राम वन में ही रहे। माता सुमित्रा कहती हैं कि राम से कहना कि कोई बात नहीं, अभी शत्रुघ्न है। मैं उसे भेज दूंगी, मेरे दोनों पुत्र राम सेवा के लिए ही तो जन्मे हैं। माताओं का प्रेम देखकर हनुमान जी की आंखों से अश्रुधारा बह रही थी, परंतु जब उन्होंने उर्मिला जी को देखा तो सोचने लगे कि यह क्यों एकदम शांत और प्रसन्न खड़ी हैं? क्या इन्हें अपने पति के प्राणों की कोई चिंता नहीं?

हनुमान जी पूछते हैं देवी! आपकी प्रसन्नता का कारण क्या है? आपके पति के प्राण संकट में हैं, सूर्य उदित होते ही सूर्य कुल का दीपक बुझ जाएगा, उर्मिला जी का उत्तर सुनकर तीनों लोकों का कोई भी प्राणी उनकी वंदना किए बिना नहीं रह पाएगा। उर्मिला बोलीं, जिनके साथ श्री राम हैं तो मेरा दीपक संकट में नहीं है, वो बुझ ही नहीं सकता। रही सूर्योदय की बात तो आप चाहें तो कुछ दिन अयोध्या में विश्राम कर लीजिए, क्योंकि आपके वहां पहुंचे बिना सूर्य उदित हो ही नहीं सकता।

# औषधि स्नान से प्रसन्न होंगे क्रूर ग्रह, देंगे 'सौम्य फल'



**जिन** जातकों को रोग लगातार कष्ट दे रहा हो या एक रोग के बाद दूसरा रोग लग जाता है, वह नवरात्र में अरिष्ट निवारण के लिए औषधि स्नान करें और रोग से मुक्ति पाएं। किंतु ध्यान रहे, स्नान से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि कौन सा ग्रह महादशा या अंतर्दशा में है और किस ग्रह की शांति के लिए स्नान करना अनिवार्य है।

**सूर्य ग्रह :** कुंडली में यदि सूर्य की वजह से कोई रोग लगातार बढ़ रहा हो, तो निम्न उपाय करें-
मन:शिला, इलायची, देवदारू, केशर, खस, रक्तपुष्प, लाल चंदन, कनेर पुष्प व गंगाजल को रात्रि को 12 बजे एक पात्र में भिगो दें। तत्पश्चात सुबह नहाने के पानी में डाल कर निम्न मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से अपने सिर पर गिराएं
सर्व मंगल मांग्ल्य शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते।।
(या) देवी मंत्र-कौमार्टयैं नम:

**चंद्र ग्रह :** पंचगव्य, गऊ का दूध, गोबर गजमद, शंख सीप, गंगाजल, रवेत चंदन, स्फटिक व गोमूत्र को रात्रि 12 बजे एक पात्र में भिगो दें। तत्पश्चात सुबह नहाने के पानी में डाल कर निम्न मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से अपने सिर पर गिराएं।
सर्व मंगल मांग्ल्य शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते।।
(या) देवी मंत्र-त्रिमूर्त्यै नम:

**मंगल ग्रह :** बिल्व छाल, लाल पुष्प, हींग गोदनी, जटामासी, मौलसिरी, सिगरफ, मालकंगनी व गंगाजल को रात्रि को 12 बजे एक पात्र में भिगो दें तत्पश्चात सुबह नहाने के पानी में डाल कर निम्न मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से अपने सिर पर गिराएं।
सर्व मंगल मांग्ल्य शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते।।
(या) देवी मंत्र-कल्याण्यै नम:

**बुध ग्रह :** गोबर, अक्षत, मोती, शहद, सुवर्ण, जायफल, पिपरामूल, नागकेशर व गंगाजल को रात्रि को 12 बजे एक पात्र में भिगो दें तत्पश्चात सुबह नहाने के पानी में डाल कर निम्न मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से अपने सिर पर गिराएं।
सर्व मंगल मांग्ल्य शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते।।
(या) देवी मंत्रा:रोहिण्यैं नम:

**गुरु ग्रह ।** चमेलीपुष्प, पुष्प, श्वेतसरसों, शहद, गुलर, दमयंती, मुलट्ठी, नवीनपत्ते, गंगाजल व तुलसी को रात्रि 12 बजे एक पात्र में भिगो दें सुबह नहाने के पानी में डाल कर निम्न मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से अपने सिर पर गिराएं।
सर्व मंगल मांग्ल्य शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते।।
(या) देवी मंत्र-कालिकायै नम:

**शुक्र ग्रह ।** पिपरामूल, जायफल, केशर, मूली बीज, मनन्शिल, इलायची, श्वेतचंदन, गंगाजल व रवेतकमल को रात्रि को 12 बजे एक पात्र में भिगो दें तत्पश्चात सुबह नहाने के पानी में डाल कर निम्न मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से अपने सिर पर गिराएं।
सर्व मंगल मांग्ल्य शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते।।
(या) देवी मंत्र-चण्डिकार्य नम।


**शनि ग्रह :** काले तिल, सूरमा, लोबान, सौंफ, खस, खिल्ला, शतकुसुम व गांदमिश्रित को रात्रि 12 बजे एक पात्र में भिगो दें तत्पश्चात सुबह नहाने के पानी में डाल कर निम्न मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से अपने सिर पर गिराएं।
सर्व मंगल मांग्ल्य शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते।।
(या) देवी मंत्र-शम्भव्यै नम:

**राहु ग्रह :** लोबान, तारपीन, मोथा, गजदंत, कस्तूरी, बिल्वपत्र, गंगाजल, लालचंदन को रात्रि 12 बजे एक पात्र में भिगोएं। सुबह नहाने के पानी में मिलाएं। निम्न मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से सिर पर गिराए।
सर्व मंगल मांग्ल्य शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते।।
(या) देवी मंत्र-दुर्गायै नम:

**केतु ग्रह :** लोबान, तारपीन, तिलपत्र, गजदंत, छागमूत्र, लाल चंदन, गंगाजल व कस्तुरी को 12 बजे एक पात्र में भिगो दें तत्पश्चात सुबह नहाने के पानी में डाल कर निम्न मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से अपने सिर पर गिराएं।
सर्व मंगल मांग्ल्य शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते।।
(या) देवी मंत्र-सुभद्रायै नम:

-अनिल शर्मा, मंडी नौबाही।

# भाग्य व रूप दोनों अलग-अलग पहलू



**अक्सर** देखने में आता है कि विवाहित जोड़ों में विसंगतियां होती है, फिर भी उनका वैवाहिक जीवन सफल होता है। ऐसा ही प्रस्तुत कुंडली वाले जातक के साथ हुआ। जातक का जन्म साधारण परिवाम में हुआ। इसका पालन पोषण संस्कारों के अनुरूप हुआ। इस जातक का व्यक्तित्व सौम्य एवं सजीला है। कोई भी रूपवती कन्या इसके साथ विवाह कर अपने भाग्य पर इतरा सकती थी। जातक के परिवार में रिश्ते बड़े ही तय करते थे। उस समय पश्चिमी सभ्यता का समाज में परिवेश नहीं था। जातक की पसंद न पसंद पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता था। इस जातक का विवाह तय कर दिया। जातक कल्पनालोक में खो गया। उसका विवाह शक्ल सूरत से अत्यंत करूप कन्या से कर दिया। उसका दिल उस कन्या को स्वीकार नहीं कर पाया। फिर भी वह उसके साथ ही रह रहा है।

आइए इस जातक के जन्मांड़ग का अवलोकन करे। मीन लग्न की कुंडली में लग्नेश गुरु, सुख स्थान से शुक्र के साथ है। इसलिए जातक का सुंदर होना स्वाभाविक है। पंचम राहु शुभ ग्रहों के मध्य शुभ कर्तरी योग में स्थित है। फलस्वरूप जातक डॉक्टर बना। गुरु की महादशा 1983 से 1999 तक उसने जीवन के हर सुख का भोग किया और भूमि, भवन, वाहन का सुख प्राप्त किया। ससुराल से पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता मिली। अगर कुंडली के सप्तमेश पर नजर डालें तो पाते हैं कि बुध अस्त है। सप्तम भाव पर शुभ ग्रह की दृष्टि नहीं है। बुध सप्तमेश सूर्य एवं शनि के मध्य पीड़ित है। इसलिए जातक को रूपवती स्त्री नहीं मिली। जातक को संतान सुख की प्राप्ति हुई। दोनों बेटे मेधावी है। पति-पत्नी में सामंजस्य है।

भाग्य और रूप दोनों अलग-अलग पहलू हैं। ईश्वर किसी को अत्यंत रूपवान बनाते हैं तो जरूरी नहीं उसका भाग्य प्रबल हो। वही किसी को कुरूप बनाते हैं यह जरूरी नहीं कि वह भाग्यहीन हो, बल्कि उसे भाग्यशाली बना कर ईश्वर उसके जीवन को खुशियों से भर देते हैं। शायद इसी सामंजस्य और तालमेल से भगवान हर प्राणी को प्रसन्न रखते हैं। -विभूति शर्मा, भडियाड़ा

# दुर्गा अष्टमी को की जाती है अस्त्र-शस्त्र की पूजा

**बॉबी गोस्वामी, अनंत ज्ञान**

**दुर्गा** अष्टमी व्रत देवी शक्ति (देवी दुर्गा) को समर्पित एक महत्वपूर्ण हिंदू अनुष्ठान है। मासिक दुर्गा अष्टमी एक मासिक कार्यक्रम है जो हिंदू कैलेंडर के अनुसार हर महीने के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि (8वें दिन) को मनाया जाता है।

सभी दुर्गा अष्टमी दिनों में से, आश्विन माह की शुक्ल पक्ष अष्टमी सबसे लोकप्रिय है। इसे महा अष्टमी या केवल दुर्गाष्टमी कहा जाता है। दुर्गा अष्टमी 9 दिनों तक चलने वाले नवरात्रि उत्सव के आखिरी 5 दिनों के दौरान आती है। हिंदू कैलेंडर के चैत्र महीने के दौरान अगली मासिक दुर्गा अष्टमी 16 अप्रैल को है। इस दिन देवी दुर्गा के हथियारों की पूजा की जाती है और इस उत्सव को 'अस्त्र पूजा' के रूप में जाना जाता है। हथियारों और मार्शल आर्ट के अन्य रूपों के प्रदर्शन के कारण इस दिन को लोकप्रिय रूप से 'विराष्टमी' भी कहा जाता है। हिंदू भक्त देवी दुर्गा की पूजा करते हैं और उनका दिव्य आशीर्वाद पाने के लिए सख्त उपवास रखते हैं।

आंध्र प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में, दुर्गा अष्टमी को 'बथुकम्मा पांडुगा' के रूप में मनाया जाता है। दुर्गा अष्टमी व्रत हिंदू धर्म के अनुयायियों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है।

# पाप-संताप से मुक्त करे कामदा एकादशी व्रत



कामदा एकादशी व्रत (19 अप्रैल)

**समस्त** कामनाओं की पूर्ति करने वाला कामदा एकादशी व्रत चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को किया जाता है। इस बार यह व्रत 19 अप्रैल को मनाया जाएगा। कामदा एकादशी का व्रत को करने से पापों का नाश होता है और प्रभु कृपा बनी रहती है। व्रती को दशमी तिथि से ही भूमि पर शयन करते हुए सात्विकता एवं शुद्धता का आचरण अपनाना चाहिए। एकादशी के दिन प्रात: उठकर अपने नित्य क्रिया के बाद भगवान श्री विष्णु की पूजा और कथा करनी चाहिए।

पौराणिक कथा के अनुसार पुंडरीक राजा की भोगिनीपुर की नगरी में अनेक अप्सरा, गंधर्व आदि वास करते थे। उसी जगह ललिता और ललित नाम के स्त्री-पुरुष अत्यंत वैभवशाली घर में निवास करते थे। उन दोनों का एक-दूसरे से बहुत अधिक प्रेम था। एक समय राजा पुंडरीक गंधर्व सहित सभा में शोभायमान थे। उस जगह ललित भी गाना गा रहा था। उसकी प्रियतमा ललिता उस जगह पर नहीं थी, इससे ललित उसको याद करने लगा। ध्यान हटने से उसके गाने की लय टूट गई। यह देख कर राजा को क्रोध आ गया और राजा पुंडरीक ने उसे श्राप दे दिया। मेरे सामने गाते हुए भी तू अपनी स्त्री का स्मरण कर रहा है, जा तू अभी से राक्षस हो जा। राजा पुंडरीक के श्राप से वह ललित उसी समय राक्षस हो गया, उसका मुख भयानक हो गया। अपने प्रियतम का यह हाल देख ललिता बहुत दुखी हुई और अपने पति के उद्धार करने के लिए वह विंध्याचल पर्वत पर एक ऋषि के आश्रम में जाकर विनती करने लगी।

उसकी करुणा भरे विलाप से व्यथित हो ऋषि उसे कहते हैं कि हे कन्या शीघ्र ही चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी आने वाली है। उस एकादशी के व्रत का पालन करने से तुम्हारे पति को इस श्राप से मुक्ति मिलेगी। मुनि की यह बात सुनकर ललिता ने आनंदपूर्वक उसका पालन किया और द्वादशी के दिन ब्राह्मणों के सामने अपने व्रत का फल अपने पति को दे दिया। एकादशी का फल प्राप्त होते ही उसका पति राक्षस योनि से छूट गया और अपने पुराने रूप में वापस आ गया। इस प्रकार इस व्रत को करने से व्यक्ति के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं तथा कामनाओं की सिद्धि होती है।

# मनुष्य के प्राण हैं श्रीराम

**चैत्र** शुक्ल पक्ष की नवमी 17 अप्रैल को मनाई जाएगी। रामनवमी के दिन चैत्र नवरात्र पर्व संपन्न हो जाता है। इस दिन भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था तब से लेकर हर कल्प में मनुष्य इस पर्व को बहुत श्रद्धा भक्ति के साथ मनाता है। रामनवमी का पूजन शुद्ध और सात्विक रूप से भक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है। श्रीराम भारतीय समाज के प्राण हैं, इनका नाम संपूर्ण पापों का नाश करने वाला और मोक्ष प्रदान करने वाला है।

**श्रीराम जन्म की कथा**

त्रेतायुग में रावण के अत्याचारों को समाप्त करने तथा धर्म की पुन: स्थापना के लिए भगवान विष्णु ने मृत्युलोक में श्रीराम के रूप में अवतार लिया था। श्रीराम चंद्र का जन्म चैत्र शुक्ल की नवमी के दिन राजा दशरथ के घर में हुआ था। उनके जन्म के उपरांत प्रजा और संपूर्ण ब्रह्मांड की हर वस्तु खिल उठी। श्रीराम ने कई राक्षसों का संहार कर अंत में रावण का संहार किया। लंबे समय तक प्रजा कर पुत्रवत पालन करने के उपरांत श्रीराम अपने धाम को वापस लौट आए। श्रीराम ने अपने जीवनकाल में पग-पग पर मर्यादा का उदाहरण पेश किया। इनकी मधुर वाणी तीनों लोगों को मोहित कर देती थी।

# जीवन को प्रेम से भरता है अनंग त्रयोदशी व्रत

अनंग त्रयोदशी (21 अप्रैल)

**चैत्र** शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी 21 अप्रैल को अनंग त्रयोदशी का त्योहार मनाया जाएगा। इस दिन अनंग देव और भगवान शिव की पूजा की जाती है। चैत्र माह में अनंग त्रयोदशी को बहुत ही शुभ योग बनता है। जो कोई मनुष्य अनंग त्रयोदशी का व्रत करता है उसके वैवाहिक जीवन में प्रेम बढ़ता है और संतान और सौभाग्य का आशीर्वाद मिलता है। अनंग देव की पूजा करने से सभी भौतिक सुखों की प्राप्ति होती है। इस व्रत को स्त्री, पुरुष दोनों ही कर सकते हैं। जिन लोगों के जीवन में प्रेम नहीं है उनके लिए यह व्रत बहुत शुभ माना जाता है।

यह तिथि भगवान शंकर की प्रिय तिथि है। भगवान शिव ने इस दिन को वरदान स्वरूप अनंग देव के नाम से चिन्हित कर इसे और भी महत्वपूर्ण बना दिया है। इस व्रत को करने से व्रती और उसके जीवन साथी की उम्र लंबी होती है। साथ ही इससे व्यक्ति के जीवन में प्रेम भी बढ़ता है। अनंग देव का दूसरा नाम कामदेव भी है। अनंग का अर्थ शरीर के अंगों से रहित होता है।

भगवान शिव ने कामदेव के शरीर के सभी अंगों को भस्म कर दिया था, फलस्वरूप रति ने भगवान शिव से प्रार्थना की। उन्होंने रति से सहानुभूति जताई और एक बार फिर कामदेव को जीवनदान दे दिया।

## अनंग त्रयोदशी व्रत कथा



इंद्र सभी देवताओं के साथ ब्रह्माजी के पास गए और तारकासुर के खिलाफ लड़ने और अपने राज्य को पुन: प्राप्त करने के लिए उनकी मदद मांगी। भगवान ब्रह्मा जी देवताओं से कहते हैं कि केवल भगवान शिव का पुत्र ही तारकासुर को मार सकता है। इसके लिए भगवान शिव को समाधि से उठाना होगा। कामदेव ने शिवजी को उनकी ध्यान अवस्था से जगाने का निर्णय लिया। कामदेव ने पुष्प त्रिशूल की सहायता से भगवान शिव का ध्यान भंग कर दिया। इससे भगवान शिव क्रोधित हो जाते हैं और अपनी तीसरा नेत्र खोल कामदेव को भस्म कर देते हैं। परिणामस्वरूप कामदेव को अपना शरीर खोना पड़ता है।

देवताओं के विनय पर भगवान शिव ने कामदेव को फिर से जीवन देने का आशीर्वाद दिया और कहा कि जब भगवान विष्णु श्रीकृष्ण के रूप में जन्म लेंगे, तो कामदेव श्रीकृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न के रूप में जन्म लेंगे। भगवान शिव ने वरदान दिया कि जो कोई भी अनंग त्रयोदशी व्रत का पालन करेगा, उसे सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद मिलेगा। इनके वैवाहिक जीवन में भी सुख, शांति और धन की प्राप्ति होगी। व्रत रखने से भक्त को संतान की प्राप्ति भी होगी।

# देव ऋषि नारद के शाप से भगवान विष्णु को लेना पड़ा था श्रीराम अवतार



डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

**पुराणों** के अनुसार जहां सृष्टि की रचना की बात होती है तो देव ब्रह्मा जी का नाम सबसे ऊपर ही आता है, फिर देखभाल के लिए भगवान विष्णु व संहार के लिए देव शिव का नाम बताया जाता है। ऐसा भी शस्त्रों में बताया जाता है कि जब-जब अत्याचार बढ़ने लगते हैं, अधर्म में वृद्धि होने लगती है और धर्म का नाश होने लगता है तो तब-तब भगवान विष्णु धरती पर अवतरित होते हैं और इस समस्त क्रम को अवतारवाद के अंतर्गत ही रखते हैं।

हिंदू मान्यताओं के अनुसार अब तक भगवान विष्णु के 23 अवतार हो चुके हैं और 24वां जो कि कलिक अवतार हैं, अभी होना है। त्रेता युग में जिस समय लंका के राजा रावण के अत्याचार चर्म सीमा पर थे, तो उस समय भगवान विष्णु 7वें अवतार (मर्यादा पुरषोत्तम राम) के रूप में अवतरित हुए थे और देवी लक्ष्मी मां सीता के रूप में आईं थीं। जैसा कि हम जानते ही हैं कि हमारी पौराणिक कथाएं कहीं न कहीं किसी शाप या वरदान से जरूर जुड़ी रहती हैं। यहां भी भगवान विष्णु को देव ऋषि नारद के शाप के फलस्वरूप ही इस अवतार में अवतरित होना पड़ा था। देव नारद ने भला क्यों कर भगवान विष्णु का शाप दिया था, इसकी भी अपनी अलग कथा बताई जाती है।



देव ऋषि नारद जो कि देव लोक के समाचार एक-दूसरे देवता तक पहुंचने के लिए अपनी विशेष पहचान रखते थे। एक बार किसी बात पर उनकी कामदेव से तूं-तूं, मैं-मैं हो गई और देव ऋषि नारद ने कामदेव को बुरी तरह से पछाड़ दिया। इसके पश्चात देव ऋषि नारद अपनी वाह-वाही में लग गए।

इसी संबंध में उन्होंने भगवान विष्णु से भी अपनी प्रशंसा में बहुत कुछ कह डाला जो कि भगवान विष्णु को ठीक नहीं लगा। भगवान विष्णु ने देव ऋषि नारद के अभिमान को तोड़ने के लिए माया रच डाली।

उसी माया के अनुसार देव ऋषि नारद जब देव लोक से लोट रहे थे तो उन्हें रास्ते में एक सुंदर राजकुमारी दिखाई दी। नारद जी उसे देख कर चकित हो गए और उससे विवाह करने की सोचने लगे। किसी भी तरह नारद जी उस राजकुमारी से अति शीघ्र विवाह करना चाहते थे। इसलिए वह भगवान विष्णु जी के पास पहुंच कर उस राजकुमारी को लेकर फरियाद करने लगे कि हे प्रभु मेरा रूप ऐसा बना दो कि राजकुमारी मेरे ही गले में वर माला डाले। इस पर भगवान विष्णु ने केवल इतना ही कहा, जो तुम्हारे लिए उचित होगा, मैं वही कर दूंगा। इसके पश्चात पूरी आशा के साथ नारद जी राजकुमारी के स्वयर में पहुंच गए, जहां उनकी शक्ल देख कर सभी हंसने लगे, क्योंकि भगवान विष्णु ने उसके अहंकार और घमंड को तोड़ने के लिए उसकी शक्ल बंदर की तरह बना दी थी। जब राजकुमारी ने विवाह की जयमाला को भगवान विष्णु के गले में डाल दी तो ऋषि नारद चकित रह गया और दूसरों को हंसते देख कर उसने जब पात्र में रखे पानी में अपनी शक्ल देखी तो आगबबूला हो भगवान विष्णु को शाप देते हुए कहने लगे कि जाओ अब तुम्हें भी बंदरों का साथ मिलेगा और जैसे मैं राजकुमारी के लिए तरस गया हूं, तुम्हें भी अपनी पत्नी का वियोग देखना पड़ेगा।

इस प्रकार ऋषि नारद के शाप को इस अवतार का कारण कहा जा सकता है। भगवान विष्णु मर्यादा पुरषोत्तम राम के रूप में सरयू नदी के समीप अयोध्या में राजा दशरथ के यहां चैत्र कृष्ण पक्ष की नवमीं तिथि को पैदा हुए थे।

## टोटके

- अगर पर्याप्त धर्नाजन के पश्चात भी धन संचय नहीं हो रहा हो, तो काले कुत्ते को प्रत्येक शनिवार कड़वे तेल (सरसों के तेल) से चुपड़ी रोटी खिलाएं।
- यदि कमाई का कोई जरिया न हो, तो एक गिलास कच्चे दूध में चीनी डाल कर जामुन वृक्ष की जड़ में चढ़ाएं। यह क्रिया धनतेरस से शुरू करें और 40 दिन लगातार करें।
- घर में झगड़े, कलह आदि होते हों, तो महीने में एक बार दस किलो आटा व पांच किलो सरसों का तेल अनाथ आश्रम, साधु आश्रम, वृद्धाश्रम, अंधालय को दान दें। वातावरण अनुकूल होगा और कलह खत्म होगी।

## स्वप्न संसार

- यदि पुरुष स्वप्न में देखे कि उसके साथ दुर्घटना घट गई है तो उसे शीघ्र ही बीमारी जकड़ लेती है।
- यदि कोई स्वप्न में यात्रा के लिए वाहन द्वारा जाने की तैयारी में है तो उसे यात्रा छोड़ देनी चाहिए, क्योंकि यात्रा में उसकी मृत्यु हो सकती है।
- यदि कोई पुरुष स्वप्न में चींटियों को मारे तो व्यापार का नाश होता है।
- जो पुरुष अपनी नाव को तूफान में फंसते देखता है तो आने वाला समय दुर्भाग्य की सूचना देता है।

# मां कालरात्रि की उपासना को शूलिनी के दरबार पहुंचे श्रद्धालु


माता शूलिनी का दरबार।

## बाला सुंदरी मंदिर में 50 हजार ने किए दर्शन

**नाहन।** उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल महामाया श्री बाला सुंदरी मंदिर में नवरात्र के दिन 50 हजार श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता को 11 लाख 39 हजार 900 रुपए नकद अर्पित किए। साथ ही चांदी 2,725 ग्राम, सोना छह ग्राम 350 मिलीग्राम भेंट किया। इन नवरात्र में अब तक दो लाख से अधिक श्रद्धालु माता के दर्शन कर चुके हैं। छह दिन में श्रद्धालुओं की ओर से करीब 62 लाख की राशि नकदी के रूप में माता को भेंट की है। वहीं मंदिर न्यास तथा अन्य भक्तों ने मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की उचित व्यवस्था की है। जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए भंडारे आयोजित किए जा रहे हैं।




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

नवरात्र की सप्तमी तिथि पर महाशक्ति मां दुर्गा का सातवां स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा की जाती है, मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना करने के लिए सुबह चार बजे से ही श्रद्धालु शूलिनी मंदिर पहुंचे और मां की उपासना कर उन्हें प्रसाद अर्पित किया तत्पश्चात मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का भी आयोजन हुआ।

मंदिर के पुजारी का कहना है कि मां कालरात्रि काल का नाश करने वाली हैं, इसी वजह से इन्हें कालरात्रि कहा जाता है। नवरात्र के सातवें दिन यानी 15 अप्रैल को मां कालरात्रि की पूजा करने से हमारे मन का हर प्रकार का भय नष्ट होता है। जीवन की हर समस्या को पलभर में हल करने की शक्ति प्राप्त होती है। शत्रुओं का नाश करने वाली मां कालरात्रि अपने भक्तों को हर परिस्थिति में विजय दिलाती है। श्रद्धालु यहां आकर माता के भिन्न-भिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना करते हैं। गर्भग्रह के जीर्णोधार के बाद तो मंदिर और भी ज्यादा आकर्षक और मनमोहक बन चुका है, श्रद्धालु दूर-दूर से माता के दर्शन के लिए शूलिनी दर पहुंच रहे हैं।

### हिमाचल निर्माता के पौत्र आनंद परमार व विधायक सोलंकी ने फहराया झंडा

# कांग्रेस ने मनाया हिमाचल दिवस

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश का 76वां गठन दिवस मनाया। हिमाचल दिवस के मौके पर कांग्रेस भवन सहित यशवंत चौक पर हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया।

हिमाचल निर्माता के पौत्र एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनंद परमार व स्थानीय विधायक अजय सोलंकी ने जहां कांग्रेस भवन पर ध्वजारोहण किया। तो वहीं तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के द्वारा डॉक्टर परमार की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। इस मौके पर विधायक अजय सोलंकी ने प्रदेश व जिलावासियों को पहाड़ी राज्य के गठन की शुभकामनाएं देते हुए हिमाचल निर्माता के बताए हुए आदर्श मार्ग पर चलने का भी आह्वान किया।


नाहन में हिमाचल दिवस पर डॉ. परमार को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी।

सोलंकी ने कहा कि आज छोटा सा पहाड़ी प्रदेश देश के अग्रणी प्रदेशों में अपना विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि न केवल इस पहाड़ी राज्य ने विकास के मामले में बल्कि पहाड़ी संस्कृति और यहां की परंपराओं को भी विश्व में अपनी विशेष पहचान दिलाई है। सोलंकी ने कहा कि आम जनता के साथ-साथ आज की युवा पीढ़ी को यह भी जानना चाहिए कि डॉ. परमार दूरदर्शित आगे चलते ही हमें पहाड़ी राज्य का दर्जा मिला था। इस मौके पर जिला कांग्रेस प्रवक्ता सलीम अहमद, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष उपमा धीमान, जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष राकेश गर्ग, रोड सेफ्टी क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र तोमर आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### युवा विकास क्लब ने मनाई डॉ. अंबेडकर की जयंती



**नाहन।** युवा विकास क्लब श्री वाल्मीकि नगर, नाहन द्वारा हर साल की भांति इस बार भी बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर क्लब के सभी सदस्यों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, उनके चरणों में पुष्प अर्पित किए और लड्डू वितरित किए। इस मौके पर क्लब के वक्ताओं ने बाबा साहेब द्वारा दी गई शिक्षाओं पर प्रकाश डाला एवं संविधान के बारे में चर्चा की। कई सदस्यों ने बाबा साहेब के संघर्षमय जीवन के बारे में लोगों को जागरूक किया।

### जान से मारने की धमकी, शिकायत दर्ज

**दाड़लाघाट।** पुलिस थाना दाड़लाघाट में जान से मारने धमकी देने व गाली-गलौज करने को लेकर शिकायत दर्ज हुई है। पुलिस को दी शिकायत में रमीला देवी पत्नी चुन्नी लाल गांव चाखड़ ने कहा कि जब घर से थौड़ा ऊपर सड़क में दूध देकर घर आ रही थी, तो बाबू राम के लड़के ने इसका रास्ता रोककर पत्थर से मारपीट की, जिससे कि इसे शरीर में चौटे आई है। उसके बाद बाबू राम के लड़के ने गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने बताया कि जांच की जा रही है।


# भवन मालिकों पर लटकी जुर्माने की तलवार

## प्रॉपर्टी टैक्स का सर्वेक्षण करने पर 1000 भवन ऐसे, जहां कोई नहीं, हो सकती है कार्रवाई

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन ने प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारण करने के लिए भवनों के सर्वेक्षण का कार्य अपने स्तर पर पूरा कर लिया है पर एक हजार भवन ऐसे भी हैं, जहां सर्वेक्षण के समय मकान मालिक घर में मौजूद नहीं थे। उन्हें अब अपने स्तर पर भवनों का सर्वेक्षण करवाना होगा अन्यथा उन्हें उपनियम-2022 के तहत कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

सर्वेक्षण न करने पर भवन मालिक पर 10,000 का जुर्माना भी लगेगा। दरअसल नगर निगम को शहर में प्रॉपर्टी टैक्स के बिल आवंटन करने में दिक्कतें आ रही हैं। बताया जा रहा है कि फ्लैट और भवनों में काफी समय से लोग रह नहीं रहे हैं। इनसे संपर्क करना भी निगम को मुश्किल हो रहा है।




सर्वेक्षण टीम की चार से पांच बार इन फ्लैट और भवनों में जा चुकी हैं, लेकिन कोई व्यक्ति न मिलने पर वह लौट आती है। इस कारण अब निगम ने सख्त कार्रवाई करने के लिए कह दिया है। निगम की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार 16 अप्रैल से पहले छूटे हुए भवन मालिकों को संपत्ति कर का ब्यौरा देना होगा। इसी के साथ मूल्यांकन कार्य भी 16 अप्रैल से पूरा करना होगा। इसके बाद छूटे हुए भवनों और फ्लैट मालिकों के खिलाफ निगम की ओर से कार्रवाई शुरू की जाएगी। निगम के संपत्ति कर के उपनियम-2022 के अनुसार 10,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही कंजरवेंसी टैक्स की पांच गुना राशि भी छूटे भवन और फ्लैट मालिक को देनी होगी। (अनंत ज्ञान)

### एजी सैक कंपनी ने किया भवनों का मूल्यांकन

नगर निगम की ओर से बीते दिनों प्रॉपर्टी टैक्स लागू करने के लिए भवनों और फ्लैट का मूल्यांकन कार्य करवाया गया। यह कार्य 31 मार्च को पूरा हो गया है, लेकिन करीब एक हजार फ्लैट और भवन अभी भी छूट गए हैं, जिससे संपत्ति कर के बिल अभी नहीं बंट पा रहे हैं। यह कार्य एजी सैक कंपनी की ओर से किया गया है। अब संपत्ति कर का मूल्यांकन कार्य लगभग अंतिम चरण में है। इसके बाद निगम की ओर से बिल का आवंटन कर दिया जाएगा।

> शहर में प्रॉपर्टी टैक्स का सर्वेक्षण कार्य लगभग पूरा हो गया है। सर्वेक्षण कार्य के दौरान कुछ फ्लैट और भवनों के मालिक घर पर नहीं मिलने से संपत्ति कर का मूल्यांकन नहीं हो पाया। 16 अप्रैल तक इन भवन मालिकों को संपत्ति कर के लिए ब्यौरा निगम को देना होगा, ताकि सर्वेक्षण करवाया जा सके। इसके बाद नियम के तहत कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया जाएगा।
>
> **एकता काप्टा, आयुक्त, नगर निगम सोलन**

### बरोटीवाला में संदिग्ध अवस्था में मिला व्यक्ति का शव

**बीबीएन।** बरोटीवाला के कोटला मार्ग पर एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में मृत मिला। मृतक की पहचान तुलसी दास निवासी उत्तर प्रदेश से हुई, जो कि बरोटीवाला में ही एक निजी कंपनी में काम करता था। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में सड़क पर गिरा हुआ है, जब पुलिस पहुंची तो व्यक्ति बेसुध पड़ा था, जिसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया जहां मृत घोषित किया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों के हवाले किया। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। बद्दी पुलिस के एएसपी अशोक वर्मा ने मामले की पुष्टि की।



# सुल्तानपुरी को कांग्रेस प्रत्याशी बनाने से भाजपा की डगर आसान : मेलाराम

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा विनोद सुल्तानपुरी को शिमला संसदीय चुनाव क्षेत्र से टिकट दिए जाने से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप की डगर आसान हो गई है और इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा भारी बहुमत से जीत हासिल करेगी।



उन्होंने याद करवाया कि लगातार छह बार सांसद बनने के बाद विनोद सुल्तानपुरी के पिता स्वर्गीय कृष्ण दत्त सुल्तानपुरी ने शिमला संसदीय चुनाव क्षेत्र में विकास के नाम पर कुछ भी नहीं किया और हमेशा हिमाचल के तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के नाम पर ही वह वोट मांग कर हमेशा जीत हासिल करते रहे। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि लगभग 30 वर्षों तक सांसद बनने के बाद हिमाचल के लिए उनका योगदान नगण्य रहा। अपने 30 वर्षों के कार्यकाल के दौरान बार-बार जीत हासिल करने के उपरांत केडी सुल्तानपुरी ने सिरमौर, सोलन और शिमला जिले के ग्रामीणों को अपनी शक्ल भी नहीं दिखाई और हमेशा स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के नाम का सहारा लेकर ही वोट हासिल करते रहे। सिरमौर, सोलन और शिमला जिले की जनता कांग्रेस की परिवारवाद की नीति का घोर विरोध करते हुए भाजपा के पक्ष में वोट डालकर इस बार नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने में अपना योगदान देगी। कांग्रेस सरकार के 14 महीनों के कार्यकाल के दौरान विकास के नाम पर कुछ भी नहीं हुआ और अब कांग्रेसी नेताओं के पास जनता से वोट मांगने के लिए कोई भी ठोस मुद्दा नहीं है।

# विधायक सुखराम के जन्मदिन पर 60 लोगों ने किया रक्तदान


विधायक के जन्मदिन पर रक्तदान करते भाजयुमो कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

भारतीय जनता युवा मोर्चा पांवटा साहिब ने स्थानीय विधायक और पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी के 60वें जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाया।

शिविर में आईएमए देहरादून की टीम रक्त कलेक्ट करने पहुंची। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने रक्तदान किया। पांवटा मंडल अध्यक्ष रमेश तोमर और भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष चरणजीत चौधरी ने बताया कि विधायक सुखराम चौधरी के जन्मदिन पर युवा मोर्चा ने निर्णय लिया कि रक्तदान किया जाए और जरूरतमंदों की मदद की जाए, जिसमें 60 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान महादान माना जाता है। हम सब इस समाज में रहते हैं और एक-दूसरे की मदद करना खास तौर पर बीमार और लाचार व्यक्ति की मदद करना सौभाग्य की बात है। इस मौके पर चौधरी सुखराम भी मौजूद रहे और उन्होंने भी अपने जन्मदिन के मौके पर रक्तदान किया।

# अग्निवीर के लिए ऑनलाइन एडमिट कार्ड जारी

**सोलन।** अग्निवीर योजना के तहत सेना भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा के लिए आवेदित उम्मीदवारों के ऑनलाइन एडमिट कार्ड जारी हो गए हैं। यह जानकारी सेना भर्ती कार्यालय शिमला की भर्ती निदेशक कर्नल पुष्विंदर कौर ने दी। भर्ती निदेशक कर्नल पुष्विंदर कौर ने बताया की युवा www.joinindianarmy.nic.in वेबसाइट पर जाकर अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

सेना भर्ती कार्यालय शिमला में तीन जगहों पर यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। ऑनलाइन परीक्षा 22 से सात मई तक आयोजित होगी। एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में कोई भी परेशानी होने पर अभ्यर्थी भर्ती कार्यालय शिमला में संपर्क कर सकते हैं।

# वॉलीबाल में पुनरानु ने भाटा वाली पांवटा साहिब को हराया

**अनंत ज्ञान, सिरमौर**

जिला सिरमौर के दुर्गम क्षेत्र शिलाई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत क्षेत्रीय विकास समिति टिंबी में पहली बार हो रही खेलकूद प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज हुआ, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में मंत्री और स्थानीय विधायक हर्षवर्धन चौहान ने शिरकत की।

इस अवसर पर उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया, समिति के महासचिव कपिल शंकवाण ने जानकारी देते हुए बताया कि कबड्डी में सेमीफाइनल यंग ब्रदर मिल्ला और शकोली के बीच हुआ, जिसमें शकोली टीम विजेता बनी।

वहीं वॉलीबाल में सेमीफाइनल में हरिपुरधार और भाटा वाली पांवटा साहिब के बीच हुआ, जिसमें दोनों टीम ने एक एक सेट जीता और रोमांचक मुकाबले में भाटा वाली पांवटा साहिब विजेता बनी। वॉलीबाल का फाइनल भाटा वाली पांवटा साहिब और पनरानु के बीच हुआ, जिसमें पुनरानु ने दोनों सेट जितकर वॉलीबाल में विजेता बनी।


क्षेत्रीय विकास समिति टिंबी में आयोजित प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी ट्रॉफी के साथ।

# फसल कटाई के लिए नहीं मिल रहे मजदूर

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बीबीएन में गेहूं की कटाई का कार्य शुरू हो गया है। किसानों को गेहूं कटाई के लिए इस बार पहले से ज्यादा रकम चुकानी पड़ रही है क्योंकि मजदूर अधिक पैसा ले रहे हैं।

इस बार मजदूर 700 रुपए दिहाड़ी मांग रहे हैं। पिछले साल 500 रुपए में गेहूं की कटाई के लिए मजदूर मिल जाते थे, लेकिल इस बार 200 रुपए अधिक दिहाड़ी देने के बाद भी किसानों को मजदूर नहीं मिल रहे हैं। झुग्गियों में रहने वाले कामगारों से गेहूं की कटाई का काम लिया जा रहा है। बीबीएन में 11 हजार हेक्टेयर जमीन पर गेहूं की फसल लगाई गई है। नई तकनीकी आने के बाद किसान कंबाइन से फसल की कटाई करते थे, लेकिन इस बार बारिश के बाद आए तूफान से किसानों की पकी हुई फसल जमीन पर गिर गई, जिससे कंबाइन से फसल की कटाई नहीं हो पाई। किसानों को मजदूरों से कटाई करवानी पड़ रही है, लेकिन मजदूर पहले तो कटाई के लिए आते नहीं। अगर कोई तैयार भी हो जाता है, तो दिहाड़ी सात सौ रुपए प्रतिदिन के हिसाब से मांग करते हैं। कृषि विभाग के विषय बाद विशेषज्ञ डॉ. प्रेम ठाकुर ने बताया कि इस बार गेहूं जमीन पर गिरने से कटाई मंहगी हो गई है। कंबाइन से दो से अढ़ाई हजार रुपए प्रति एकड़ कटाई होती थी, लेकिन गिरने से कंबाइन से कटाई नहीं हो पा रही है। मजदूरों से कटाई करानी पड़ रही है। कृषि विभाग के मझौली फार्म पर 700 रुपए दिहाड़ीपर मजदूरों से कटाई करवाई जा रही है।



### सात से आठ हजार प्रति एकड़ ले रहे ठेका

किसान अमर चंद ठाकुर, सौढी राम, मुकेश कुमार, साध राम, बरूणा से विनोद ठाकुर ने बताया कि पिछले वर्ष एक एकड़ जमीन की कटाई और बांधने का ठेका छह हजार में जाता था, लेकिन इस बार कटाई करने वाले मजदूर सात से आठ हजार रुपए प्रति एकड़ की कटाई का ठेका ले रहे हैं।

# तीन माह में खनन माफिया के काटे 300 से अधिक चालान

**अनंत ज्ञान, नाहन**

प्रदेश की सीमावर्ती सिरमौर जिले में अवैध खनन रोकने के लिए पुलिस महकमा गंभीर है और विशेष रणनीति के तहत ऐसे इलाकों पर नजर रखी जा रही है, जहां अवैध खनन की गतिविधियां सामने आती हैं। अभी तक बीते तीन माह की बात करें, तो सिरमौर पुलिस ने 300 से अधिक खनन माफिया के चालान काटते हुए कई मामले भी दर्ज किए हैं। उत्तराखंड व हरियाणा की सीमा से सटा पांवटा साहिब व कालाअंब क्षेत्र ऐसा है, जहां अक्सर अवैध खनन की शिकायत आती है। पांवटा साहिब की करीब 30 किलोमीटर लंबी सीमाएं हरियाणा व उत्तराखंड से सटी हैं। यहां अक्सर अवैध खनन माफिया सक्रिय रहता है। मीडिया से रू-ब-रू हुए जिले के एसपी रमन कुमार मीणा ने बताया कि अवैध खनन को रोकने के लिए पुलिस महकमा पूरी तरह से तैयार है। लगातार छापेमारी कर अवैध खनन करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जा रही है। अभी तक इस वर्ष 300 से अधिक चालान काटे गए हैं, तो वहीं अवैध खनन के मामलों में कई मामले दर्ज भी किए जा चुके हैं। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भी सीमावर्ती इलाकों में पुलिस सतर्क है, जहां अवैध खनन करने वालों पर नजर रखी जा रही है, तो वहीं शरारती तत्व व नशा तस्करों पर भी पुलिस की पैनी नजर है।

# ड्रॉप्स ऑफ होप की लघु फिल्म 'जीवन' ने बताया रक्तदान का महत्व

**अनंत ज्ञान, नाहन**

आमजन को रक्तदान के लिए जागरूक करने के मकसद से बनाई गई ड्रॉप्स ऑफ होप की 14 मिनट की लघु फिल्म 'जीवन' जिला मुख्यालय नाहन में रिलीज हो गई।

इस सादे समारोह में विधायक अजय सोलंकी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने फिल्म का विमोचन किया और कलाकारों के इस प्रयास की सराहना करते हुए उनकी पीठ भी थपथपाई। बता दें कि यह लघु फिल्म मुंबई की एक सच्ची घटना पर आधारित है। बीते माह जिला सिरमौर के पच्छाद इलाके के सराहां में इस फिल्म की शूटिंग हुई।


लघु फिल्म जीवन के पोस्टर का विमोचन करते विधायक अजय सोलंकी।

फिल्म का निर्देशन राजीव सोढा ने किया है। फिल्म में फरजाना सैयद, मनीष, वैभव, नवीन ठाकुर और ऋषभ कलाकारों की भूमिका में है। फिल्म में ये दिखाया गया कि किसी भी व्यक्ति की जान खून की कमी से न जाए। अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। इसकी कीमत सिर्फ रोगी जान सकता है या फिर उसके परिजन, जिस पर ऐसी मुसीबत आन पड़ी हो। इस सोसायटी के सदस्य व्हाट्सऐप ग्रुप के माध्यम से रक्तदान जैसे महादान की सेवा करते आ रहे हैं, जो अबतक एक हजार यूनिट से ज्यादा रक्तदान कर चुके हैं।

**आयोजन** कसौली स्थित द लॉरेंस स्कूल सनावर ने धूमधाम से मनाया 177वां स्थापना दिवस

# केशव और अयाना को स्वर्ण पाठक का खिताब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

कसौली स्थित द लॉरेंस स्कूल सनावर ने 177वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। 1851 में निर्मित इसके प्रतिष्ठित चैपल में हुई।

'थैंक्स गिविंग' विशेष सभा में, हेडमास्टर हिम्मत सिंह ढिल्लों ने विशेष प्रार्थना पढ़ी और दो प्रकाशनों को प्रकाशित करने में सहायक तीन स्टाफ सदस्यों के सराहनीय प्रयासों को भी सम्मानित किया, जिसका शीर्षक था, 'सनावर हैंडबुक' और 'सनावर के परिचित पक्षी'। उन्होंने चरित्र की सत्यनिष्ठा के महत्व के बारे में भी बात की और 1847 में अपनी स्थापना के बाद से ही लॉरेंस स्कूल, सनावर समाज सेवा के साथ-साथ राष्ट्र-सेवा की शिक्षा प्रदान करता रहा है। 'सुरक्षा, संरक्षण और प्रगति ...' की भावना से प्रेरित, समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में स्कूल के 500 से अधिक छात्रों ने एक सौ चालीस एकड़ में फैले विद्यालय परिसर की सफाई और प्रकृति के पोषण के लिए श्रमदान किया। साथ ही इस बात का संज्ञान लेते हुए कि भावी दुनिया में ज्ञान-आधारित समाज ही सबल और सुखी समाज होगा। स्कूल ने रीड टू लीड अभियान भी शुरू किया है। इस अवसर पर दस चुनिंदे छात्रों को उत्कृष्ट पाठक होने के लिए द सनावर रीडिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया। केशव गोयल तथा अयाना सोइन को स्वर्ण पाठक होने का गौरव हासिल हुआ।


द लॉरेंस स्कूल सनावर के स्थापना दिवस पर अतिथि को सम्मानित करते हेडमास्टर।

### 177 साल लंबी गौरवशाली यात्रा पर दी प्रस्तुति

सोमवार को स्थापना दिवस मनाने के लिए छात्रों के नेतृत्व वाली एक विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने सनावर की 177 साल लंबी गौरवशाली यात्रा पर एक प्रस्तुति दी। स्कूल के गौरवशाली इतिहास पर एक अत्यंत रोचक तथा मनोरंजक क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें संपूर्ण सनावर स्कूल समुदाय ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# नए मतदाता चार मई तक कर सकते हैं आवेदन

**सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि एक अप्रैल, 2024 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा अपना नाम चार मई तक मतदाता सूची में दर्ज करवा सकते हैं। जिले में 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 9,230 नए मतदाता हैं, जिनमें 5,025 पुरुष तथा 4,205 महिला मतदाता शामिल हैं। नामांकन भरने की अंतिम तिथि तक पात्र व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकता है। छूटे हुए युवाओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने के लिए जिले में स्थित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
क्लासिफाइड
फिक्स साइज

| Size | Rate |
| --- | --- |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### बैंगनी रंग का होगा पेरिस ओलंपिक का एथलेटिक ट्रैक

**पेरिस।** एथलीट इस साल पेरिस ओलंपिक खेलों में जब नए रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेंगे तो दर्शकों को बैंगनी रंग का एथलेटिक ट्रैक देखने को मिलेगा। पारंपरिक ईंट जैसे लाल रंग से हटकर पहली बार ओलंपिक ट्रैक इस बार बैंगनी रंग का होगा। 'वल्केनाइज्ड रबर ट्रैक' (रासायनिक प्रक्रिया से तैयार होने वाला बेहतर कृत्रिम रबर) के टुकड़ों का उत्पादन उत्तरी इटली की एक फैक्टरी में किया गया है और कर्मचारी उन्हें ट्रैक स्पर्धाओं की मेजबानी करने वाले राष्ट्रीय स्टेडियम 'स्टेड डी फ्रांस' में बिछा रहे हैं।




### उबेर कप में आक्रामक प्रदर्शन करना चाहती हैं युवा शटलर तन्वी शर्मा



**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को अपनी प्रेरणास्रोत मानने वाली 15 साल की तन्वी शर्मा इस महीने चीन के चेंगडू में होने वाले थॉमस और उबेर कप में उनके जैसा आक्रामक प्रदर्शन करना चाहती हैं। तन्वी थॉमस और उबेर कप के लिए भारतीय महिला टीम की युवा सदस्य हैं। वह बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के दौरान टीम का हिस्सा थीं लेकिन खेली नहीं थीं।

### भारत के जेहान दारूवाल ने फार्मूला-ई में दो अंक बनाए

**मिसानो (इटली)।** भारत के जेहान दारूवाला ने पूर्ण रूप से इलेक्ट्रिक रेसिंग सीरीज फार्मूला-ई में अपने पहले सत्र में खराब शुरुआत के बाद पहले अंक जुटाए। फार्मूला-2 में चार सत्र बिताने के बाद फार्मूला-ई से जुड़ने वाले जेहान ने मासेराती एमएसजी रेसिंग की ओर से प्रतिस्पर्धा करते हुए मिसानो ई-प्री की दूसरी रेस में नौवें स्थान पर रहते हुए दो अंक हासिल किए। उन्होंने रेस की शुरुआत 21वें स्थान से की थी। फिया विश्व चैंपियनशिप का दर्जा रखने वाली इस सीरीज में इससे पहले जेहान की शुरुआत खराब रही थी।



**आईपीएल-2024**

### यह मैच जीतने पर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगा कोलकाता

# राजस्थान के सामने केकेआर की चुनौती

**एजेंसी, कोलकाता**

राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग में यहां जब दो बार के चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से भिड़ेगी तो उसके बल्लेबाजों के सामने ईडन गार्डन्स पर सुनील नारेन की गेंदबाजी का जवाब ढूंढने की चुनौती होगी।

अगले महीने 36 बरस के होने जा रहे नारेन ने 2012 और 2014 में पूर्व कप्तान गौतम गंभीर के नेतृत्व में केकेआर की दो खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वर्ष 2012 में नाइट राइडर्स का हिस्सा बनने के बाद से नारायण ने ईडन गार्डन्स पर अपनी गेंदबाजी से विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। मेंटर के रूप में टीम में गंभीर की वापसी के बाद नारेन ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को खिताब के दावेदारों में शामिल कर दिया है। तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच होने वाले इस मुकाबले में अगर केकेआर जीत दर्ज करता है तो 10 टीम की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगा।

रविवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ केकेआर की आठ विकेट की जीत में फिल सॉल्ट को नाबाद तूफानी अर्धशतक जड़ने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया, लेकिन वह नारेन थे जिनकी किफायती गेंदबाजी के सामने लखनऊ की टीम सात विकेट पर 161 रन ही बना सकी।

मौजूदा सत्र में 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले रॉयल्स के संजू सैमसन, रियान पराग और शिमरोन हेटमायर जैसे बल्लेबाजों को हालांकि नारेन की चुनौती का हल ढूंढना होगा। यह देखना होगा कि जोस बटलर इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं। वह पंजाब किंग्स के खिलाफ रॉयल्स के पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे।



**संभावित टीमें**

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), कोना भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारेन, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकिब हुसैन और मुजीब-उर-रहमान।

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, क्रुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, आवेश खान, रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नांद्रे बर्गर, तनुष कोटियन और केशव महाराज।

मौजूदा सत्र में नारेन बल्ले से भी काफी अच्छी फॉर्म में हैं और उन्होंने 183.51 के स्ट्राइक रेट से 33 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं।

आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी मिशेल स्टार्क ने भी सुपर जायंट्स के खिलाफ पिछले मैच में लय हासिल करते हुए 28 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे। इस मैच में मुख्य मुकाबला केकेआर की गेंदबाजी और रॉयल्स की बल्लेबाजी के बीच होगा। केकेआर की एकमात्र कमजोर कड़ी उसके कप्तान श्रेयस अय्यर हैं जो खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं और बड़ी पारियां खेलने में विफल रहे हैं।

लखनऊ के खिलाफ 162 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अय्यर 38 गेंद में 38 रन बनाकर नाबाद रहे थे, लेकिन उन्हें तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों के खिलाफ परेशानी हुई थी। मौजूदा सत्र में केकेआर की बल्लेबाजी शीर्ष क्रम में सॉल्ट और नारेन की आक्रामक बल्लेबाजी और डेथ ओवरों में आंद्रे रसेल के तूफानी तेवरों पर निर्भर रही है। टीम के भारतीय बल्लेबाज मौजूदा सत्र में अब तक प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। रिंकू सिंह को काफी मौके नहीं मिले हैं और वह चार पारियों में 63 रन ही बना पाए हैं। उप कप्तान नितीश राणा चोट के कारण नहीं खेल पा रहे।

### रोहित के टी-20 में 500 छक्के

**मुंबई ।** भारत और मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा टी-20 क्रिकेट में 500 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। रोहित ने रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की।



रोहित ने नाबाद 105 रन बनाए। उनकी पारी में 11 चौके और पांच छक्के शामिल थे। मैच में लगाए गए 5 छक्कों के साथ ही टी-20 क्रिकेट में रोहित के नाम 502 छक्के हो गए हैं। टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के वेस्ट इंडीज के दिग्गज क्रिस गेल (1,056 छक्के) के हैं, उनके बाद वेस्ट इंडीज के ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड (860 छक्के), आंद्रे रसेल (678 छक्के) और कॉलिन मुनरो (548 छक्के) हैं।

### गेंदबाजी में सुधार करे मुंबई : लारा

**मुंबई ।** वेस्टइंडीज के पूर्व महान खिलाड़ी ब्रायन लारा ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस की 20 रन की हार के बाद कहा कि मुंबई के गेंदबाजी आक्रमण में जसप्रीत बुमराह के अलावा अधिक दम नहीं है।



बुमराह (4 ओवर में 27 रन देकर कोई विकेट नहीं) को सुपर किंग्स के खिलाफ कोई सफलता नहीं मिली जो उनके द्वारा स्थापित शीर्ष मानकों को देखते हुए बेहद सामान्य प्रदर्शन है। मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या के पारी के अंतिम ओवर में महेंद्र सिंह धोनी ने भी लगातार तीन छक्के मारे और रविवार रात अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

लारा ने कहा, ''मुझे लगता है कि जब हम मुंबई इंडियंस को देखते हैं तो बहुत से लोग उन्हें प्रबल दावेदार के रूप में देखते हैं, सिर्फ इसलिए कि वे इतनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन उन्हें अपनी गेंदबाजी में भी सुधार करना होगा।

## आईपीएल में सबसे तेज 2,000 रन बनाने वाले भारतीय बने गायकवाड़

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के सलामी बल्लेबाज और कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने आईपीएल में 2,000 रन पूरे कर लिए हैं, ऐसा करने वाले वह अपनी फ्रैंचाइजी के केवल चौथे खिलाड़ी बन गए। इसके अलावा वह आईपीएल में सबसे तेज 2,000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बन गए हैं।



27 वर्षीय खिलाड़ी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ यह उपलब्धियां हासिल कीं। गायकवाड़ ने 40 गेंदों में 172.50 की स्ट्राइक रेट से 69 रन बनाए। गायकवाड़ ने 58 आईपीएल मैचों में 39.62 की औसत और 134.91 की स्ट्राइक रेट से 2,021 रन बनाए हैं।

वह सीएसके के लिए आईपीएल में फॉफ डु प्लेसिस (92 मैचों में 2,721 रन), एमएस धोनी (226 मैचों में 4,547 रन) और सुरेश रैना (176 मैचों में 4,687 रन) के बाद चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। वह केवल 57 पारियों में इस मुकाम तक पहुंचने वाले सबसे तेज भारतीय बल्लेबाज हैं। इस सूची में उनसे ऊपर क्रिस गेल (48 पारी) और शॉन मार्श (52 पारी) हैं।

### एलेकना ने चक्काफेंक में बनाया विश्व रिकॉर्ड

**रेमोना (अमेरिका)।** लिथुआनिया के माइकोलास एलेकना ने ओकलाहोमा थ्रो सीरीज प्रतियोगिता में चक्का फेंक में 1986 में बना विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। इक्कीस साल के माइकोलास ने चक्के को 243 फीट 11 इंच (74.35 मीटर) की दूरी तक फेंका और छह जून 1986 को बनाए जर्मनी के जुर्गेन शुल्ट के 243 फीट (74.08 मीटर) के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा।

माइकोलास के थ्रो को शुरू में 244 फीट एक इंच (74.41 मीटर) मापा गया था, लेकिन विश्व एथलेटिक्स के अनुसार बाद में इसे संशोधित किया गया। इस रिकॉर्ड की हालांकि अभी पुष्टि होना बाकी है।

## विदित गुजराती ने नाकामूरा को फिर हराया

**एजेंसी, टोरंटो**

**कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट**

**भारतीय** ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने पिछले मैच में शिकस्त के बाद जोरदार वापसी करते हुए कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में अमेरिका के दूसरे वरीय हिकारू नाकामूरा को हराया। डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा के बीच ऑल इंडियन मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि किसी अन्य बाजी का भी नतीजा नहीं निकला। रूस के इयान नेपोमनियाची ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के साथ अंक बांटे जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव ने अमेरिका के फाबियानो करूआना को बराबरी पर रोका।

साल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट में अब पांच दौर का खेला बाकी है। नेपोमनियाची और गुकेश संभावित नौ में से 5.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा पांच अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामूरा, गुजराती और करूआना 4.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। अलीरेजा 3.5 अंक के साथ सातवें जबकि अबासोव तीन अंक के साथ आठवें स्थान पर हैं।



महिला वर्ग में आर वैशाली की वापसी की उम्मीदों को झटका लगा जब उन्हें चीन की झोंगयी टैन के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। चीन की इस खिलाड़ी ने संभावित नौ में से छह अंक साथ एकल बढ़त बना ली है।

## पाकिस्तान में भीषण बारिश का कहर, 39 लोगों की मौत

**बलूचिस्तान।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में लगातार तीन दिनों से भीषण बारिश जारी है। इसके चलते गलियां तालाब बन चुकी हैं और कई जगह सड़कें बह गई हैं। यही नहीं हालात इतने भीषण हैं कि सरकार ने बलूचिस्तान में आपातकाल घोषित कर दिया है। इस बारिश के चलते देश के अलग-अलग अब तक 39 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 12 लोगों की मौत रविवार को ही खैबर पख्तूनख्वा में ही हो गई। इसके अलावा पंजाब में 4 और बलूचिस्तान में दो लोगों की मौत हो गई। बलूचिस्तान के मकरान में रविवार को भी भीषण बारिश हुई और कई जगहों पर बिजली भी गिरी। इन घटनाओं में दो और लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही बलूचिस्तान में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है।

### सर्राफा बाजार में मिला-जुला कारोबार चेन्नई में सोना 74,700 के पार

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। आज देश के कुछ सर्राफा बाजारों में सोने के भाव में तेजी आई है, वहीं कुछ सर्राफा बाजारों में सोने में गिरावट का रुख नजर आ रहा है।



आज के कारोबोर में मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद में सोने की कीमत में कमजोरी आई है, वहीं चेन्नई में सोना महंगा होकर 74,700 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर चला गया है। चांदी में भी आज गिरावट का रुख नजर आ रहा है। इस गिरावट के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 85,400 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,690 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,640 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई।

### एक लाख के इनामी नक्सली के साथ सात गिरफ्तार

**सुकमा।** जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर थाना किस्टाराम क्षेत्रांतर्गत कैंप पोटकपल्ली से कोबरा 208 वाहिनी एवं डीआरजी गोल्फ का संयुक्त बल नक्सल गस्त सर्चिंग हेतु ग्राम मेटागुड़ा, पालाचलमा व आसपास क्षेत्र की रवाना हुए थे। अभियान के दौरान ग्राम मेटागुड़ा के पास से दो नक्सलियों व दोरामुंगा के जंगल के पास से पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया। सभी नक्सलियों को सोमवार को न्यायालय में पेशकर रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### अजीत ने विपक्ष पर लगाया मोदी पर गलतफहमी फैलाने का आरोप

**मुंबई।** उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के बारे में विपक्ष गलतफहमी फैला रहा है। नेहरू से लेकर मोदी तक के प्रधानमंत्रित्व काल के दौरान संविधान में 106 बार संशोधन किया गया है। यह विपक्ष को भी पता है, लेकिन इसके बाद भी प्रधानमंत्री पर संविधान बदलने की साजिश करने का तथ्यहीन आरोप लगाया जा रहा है। अजीत पवार ने कोल्हापुर में प्रचार सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्ष की ओर से नई सरकार में संविधान बदलने का दुष्प्रचार किया जा रहा है। 2014 और 2019 में भी इन लोगों ने यही किया था, अब 2024 में भी वही कर रहे हैं, लेकिन इसका कोई असर आम जनता पर नहीं पड़ने वाला है।



## भारत की राजदूत देवयानी खोब्रागडे बनीं अप्सरा

**नई दिल्ली।** कंबोडिया में भारत की राजदूत देवयानी खोब्रागड़े की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं। तस्वीरों में वो 'खमेर अप्सरा' के रूप में दिख रही हैं। दरअसल, कंबोडिया में 'खमेर नव वर्ष' मनाया जा रहा है। उन्होंने पारंपरिक परिधान पहनकर फोटो शूट करवाया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किए। देवयानी खोब्रागडे ने 'खमेर अप्सरा' की वेशभूषा में कंबोडिया के लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं भी दीं। बता दें कि कंबोडिया में खमेर नव वर्ष तीन दिनों तक मनाया जाने वाला है। यह त्योहार पारंपरिक सौर नववर्ष पर आधारित है और 13 अप्रैल या 14 अप्रैल को मनाया जाता है। देवयानी खोब्रागड़े साल 1999 बैच की भारतीय सेवा अधिकारी हैं। वह अब तक बर्लिन, इस्लामाबाद, रोम और न्यूयॉर्क में सेवाएं दे चुकीं हैं।



### यमुनानगर में स्कूली बच्चों से भरा ऑटो पलटा एक की मौत, छह घायल

**यमुनानगर।** नारनौल हादसे में छह बच्चों की मौत के बाद भी स्कूल संचालक सबक लेने को तैयार नहीं है। यमुनानगर शहर के व्यस्त कमानी चौक पर सोमवार दोपहर स्कूली बच्चों से भरे ऑटो और बाइक की टक्कर से ऑटो पलट गया, जिसमें तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली हिमानी की मौत हो गई, जबकि अन्य छह बच्चों को मामूली चोटें आई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। वहीं बाइक चालक को भी हिरासत में ले लिया।

## पीएम मोदी ने विश्व में बढ़ाया भारत का गौरव : योगी आदित्यनाथ

**एजेंसी, नवादा**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नवादा में भाजपा उम्मीदवार विवेक ठाकुर के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व में महान देश के रूप में भारत का गौरव बढ़ाया है। देश में कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अप्रतिम विकास भी किया। इस कारण 400 सांसदों के साथ वे तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे।



सोमवार को नवादा जिले के अकबरपुर में विवेक ठाकुर के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 400 सांसदों के साथ तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने, इसके लिए जरूरी है कि विवेक ठाकुर को नवादा से भारी बहुमत के साथ विजय बनाएं। उन्होंने कहा कि नवादा सप्त ऋषियों की साधना भूमि, बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. कृष्णा सिंह की जन्मभूमि, लोकनायक जयप्रकाश नारायण की कर्मभूमि रही है। जिसके लिए यहां के लोग सच्चाई पर भरोसा कर विकसित भारत का सपना पूरा करने में विवेक को भारी बहुमत से जिताएंगे।

### गुजरात के कपल ने दान कर दी अपनी 200 करोड़ की संपत्ति

**गुजरात।** गुजरात के बिजनेसमैन भावेश भंडारी और उनकी पत्नी, जिन्होंने अपना बाकी जीवन जैन सन्यासी के रूप में बिताने का फैसला किया है, उन्होंने 200 करोड़ रुपए की अपनी संपूर्ण संपत्ति दान कर दी है। दान करने से पहले, उन्होंने एक भव्य जुलूस का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने कपड़े और पैसे बांटे। यह जुलूस हिम्मतनगर शहर में आयोजित किया गया था, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए थे। भंडारी दंपति को रथ की तरह सजाए गए एक बड़े ट्रक में बिठाया गया था, और वे रास्ते में लोगों पर कपड़े, सिक्के और नोट फेंक रहे थे। उन्होंने चार किलोमीटर लंबे जुलूस के दौरान अपना मोबाइल फोन और एयर कंडीशनर भी दान कर दिया। 22 अप्रैल को भंडारी दंपति अपने परिवार के साथ सभी संबंध तोड़ देंगे और पूरे भारत में नंगे पैर यात्रा पर निकलेंगे।



## सरकार ने चीनी निर्यात की अनुमति देने से किया इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सरकार ने अक्तूबर में समाप्त होने वाले मौजूदा 2023-24 सीजन में चीनी निर्यात की अनुमति देने की संभावना से सोमवार को इनकार कर दिया। वर्तमान में चीनी के निर्यात पर अनिश्चित समय तक के लिए प्रतिबंध लगा हुआ है। हालांकि, भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने सरकार से 2023-24 सीजन में 10 लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति देने का अनुरोध किया है। उसे सीजन के अंत तक पर्याप्त भंडार होने की उम्मीद है।



खाद्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''फिलहाल, सरकार चीनी निर्यात पर विचार नहीं कर रही है, हालांकि उद्योग ने इसका अनुरोध किया है।'' देश का चीनी उत्पादन चालू 2023-24 सीजन में मार्च तक तीन करोड़ टन को पार कर गया था। इस्मा ने 2023-24 सीजन के लिए शुद्ध चीनी उत्पादन अनुमान को संशोधित कर 3.2 करोड़ टन कर दिया है। सरकार ने चीनी उत्पादन 3.15-3.2 करोड़ टन होने का अनुमान लगाया है।

## ग्लोबल मार्केट में कमजोरी के संकेत एशियाई बाजार में भी गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ग्लोबल मार्केट से आज कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में गिरावट का दबाव बना रहा, हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र में दबाव में कारोबार करते नजर आए। एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर गिरावट का रुख बना हुआ है।

अमेरिकी बाजार की तरह यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.90 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,995.58 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर सीएसी इंडेक्स ने 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,010.53 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.13 प्रतिशत टूट कर 17,930.32 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 73.50 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,376 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.78 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 2,661.07 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। निक्केई इंडेक्स में आज बड़ी गिरावट नजर आ रही है। फिलहाल ये सूचकांक 396.43 अंक यानी 1.01 प्रतिशत टूट कर 39,127.12 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 1.09 प्रतिशत फिसल कर 3,182.31 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। ताइवान वेटेड इंडेक्स भी फिलहाल 237.92 अंक यानी 1.16 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 20,498.65 अंक तक लुढ़क गया है।

**मार्केट**

### इसराइल पर ईरान के जवाबी हमले से घबराए निवेशक, बाजार में मचा कोहराम

# ईरान-इसराइल संघर्ष से सहमा बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी धड़ाम

**एजेंसी, मुंबई**

इसराइल पर ईरान के जवाबी हमले से क्षेत्रीय स्तर पर तनाव और गहराने से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार में कोहराम मच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 845.12 अंक अर्थात 1.14 प्रतिशत का गोता लगाकर करीब तीन सप्ताह के निचले स्तर 73,399.78 अंक पर आ गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 246.90 यानी 1.1 प्रतिशत की गिरावट लेकर 22,272.50 अंक पर बंद हुआ।

दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी बिकवाली हुई, इससे मिडकैप 1.50 अंक टूटकर 40,293.72 अंक और स्मॉलकैप 1.54 प्रतिशत कमजोर होकर 45,166.87 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4049 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2991 में गिरावट, जबकि 913 में तेजी रही, वहीं 145 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 44 कंपनियां लुढ़क गई, जबकि शेष छह में बढ़त रही।



विश्लेषकों के अनुसार, भू-राजनीतिक तनाव और अपेक्षा से अधिक अमेरिकी मुद्रास्फीति ने निवेशकों की भावनाओं को प्रभावित किया और सूचकांकों को निचले स्तर पर ले आया। उनके समृद्ध मूल्यांकन और समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में कंपनियों की आय वृद्धि में नरमी की आशंका के कारण प्रमुख नुकसान मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों को हुआ। दूसरी ओर, यूरोपीय बाजार सकारात्मक रुख के साथ खुला, जबकि तेल की कीमतें कम हुईं क्योंकि बाजार को उम्मीद थी कि राजनयिक प्रयासों से इसराइल और ईरान में जारी तनाव कम हो जाएगा।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 930 अंक की भारी गिरावट के साथ 73,315.16 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 74 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे ही रहा। कारोबार के दौरान लिवाली होने से दोपहर से पहले यह 73,905.80 अंक के उच्चतम, जबकि बिकवाली के दबाव में कारोबार के अंतिम चरण में 73,315.16 अंक निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिन के 74,244.90 अंक के मुकाबले 1.14 प्रतिशत लुढ़ककर 73,399.78 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी 180 अंक टूटकर 22,339.05 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,427.45 अंक के उच्चतम, जबकि 22,259.55 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,519.40 अंक की तुलना में 1.10 प्रतिशत कमजोर होकर 22,272.50 अंक पर बंद हुआ।